kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-152 ❑ शुक्रवार, 04 जुलाई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



डबल इंजन सरकार ने बीते आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश को 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि आज यूपी निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के सभी 6 नोड भी एक्सप्रेसवे के किनारे ही विकसित किए जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ

दिल्ली में चार से छह जुलाई तक होगी आरएसएस के प्रांत प्रचारकों की बैठक 11

पंजाब मंत्रिमंडल का विस्तार, संजीव अरोड़ा बने कैबिनेट मंत्री 12

## संक्षेप

### सरकारी स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी प्राथमिक स्कूलों के विलय करने के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में सुनवाई जारी है। इस मामले में विलय आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाओं पर अगली सुनवाई चार जुलाई को नियत की है। पहली याचिका, सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों ने दाखिल की है जबकि, इसी मामले में एक अन्य याचिका भी दाखिल हुई है। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा है। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया गया है।

### शुभमन गिल ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में जड़ा अपना पहला दोहरा शतक

**बर्मिंघम।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को ऐतिहासिक पारी खेलते हुए अपने टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक बनाकर इतिहास रच दिया है। शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ आज यहां दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 311 गेंदों में में 21 चौकों और दो छक्कों की मदद से अपना पहला टेस्ट दोहरा शतक पूरा किया। वह इंग्लैंड की जमीन पर यह कारनामा करने वाले तीसरे टेस्ट कप्तान है। इससे पहले सुनील गावस्कर ने 1979 में द ओवल में 221 रन और राहुल द्रविड ने 2002 में द ओवल में ही 217 रन की उपलब्धि दर्ज की थी। गिल इस शतक को बनाने के साथ ही बतौर कप्तान दोहरा शतक लगाने वाले छठे भारतीय बन गए हैं। गिल 25 साल 298 दिन की उम्र में मंसूर अली खान पटौदी के बाद दोहरा शतक बनाने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय कप्तान बन गए हैं। पटौदी ने 1964 में 23 साल 39 दिन की उम्र में दिल्ली में दोहरा शतक बनाया था।

### पुरानी गाड़ियों के लिए 'तेलबंदी' पर दिल्ली सरकार का यूटर्न

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजींदर सिंह सिरसा ने लोगों को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए एन्ड-ऑफ-लाइफ व्हीकल्स को ईंधन न देने के हालिया निर्णय को वापस लेने हेतु वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखा है। श्री सिरसा ने इस निर्णय को वापस लेने हेतु सीएक्यूएम को गुरुवार को पत्र लिखा जिसमें कहा गया है कि लाखों नागरिकों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी और आजीविका इन वाहनों पर निर्भर है।

# जेपीएनआईसी परियोजना को पूरा करेगी सरकार

## योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला : एलडीए को सौंपी गई परियोजना, सोसाइटी भंग

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❑ ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कोर्ट की होगी सुविधा, 750 चार पहिया वाहनों की मल्टी-लेवल पार्किंग की भी रहेगी व्यवस्था, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर होगा संचालन

❑ 821.74 करोड़ का ऋण, 30 साल में चुकाने की शर्त, विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा जेपीएनआईसी, निजी सहभागिता से होगा संचालन, जनता के लिए खुलेगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट बैठक में जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया। सपा सरकार में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी प्रोजेक्ट जेपीएनआईसी को अब एलडीए को सौंप दिया गया है। इसके साथ ही, परियोजना के संचालन के लिए गठित जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग कर दिया गया। योगी सरकार ने इस परियोजना को पूरा करने, इसके रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी एलडीए को दी है, ताकि यह केंद्र जनता के लिए उपयोगी बन सके।

कैबिनेट ने जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग करते हुए परियोजना को यथास्थिति एलडीए को हस्तांतरित करने का फैसला किया है। अब एलडीए न केवल इस केंद्र का संचालन करेगा, बल्कि इसके रखरखाव और पूर्ण करने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाएगा। परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने, प्रक्रिया और शर्तें तय करने, सोसाइटी की सदस्यता समाप्त करने और अन्य अनुषांगिक कार्यों के लिए एलडीए को पूर्ण रूप से अधिकृत किया गया है। यह कदम परियोजना को पारदर्शी और कुशल तरीके से जनता के हित में उपयोग करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कैबिनेट ने यह भी निर्णय लिया कि जेपीएनआईसी परियोजना के लिए शासन द्वारा अब तक अवमुक्त 821.74 करोड़ रुपये की धनराशि को एलडीए के पक्ष में स्थानांतरित ऋण माना जाएगा। एलडीए को इस राशि को आगामी 30 वर्षों में चुकाना होगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वित्तीय बोझ को व्यवस्थित तरीके से संभाला जाए, साथ ही परियोजना जनता के लिए उपलब्ध हो सके। जेपीएनआईसी परियोजना के तहत लखनऊ में एक आधुनिक और विश्वस्तरीय केंद्र विकसित किया जा रहा है। इसमें राज्य स्तर का ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कोर्ट की सुविधा होगी। इसके अलावा, 750 चार पहिया वाहनों की मल्टी-लेवल पार्किंग की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। ये सुविधाएं जनमानस के लिए खुली होंगी, जिससे लखनऊ के नागरिकों को एक आधुनिक और बहुउद्देश्यीय केंद्र का लाभ मिलेगा। जेपीएनआईसी, जिसे सपा सरकार ने 2013 में शुरू किया था, शुरू से ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रही। 2017 में योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद परियोजना में अनियमितताओं की जांच शुरू हुई, जिसके चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया। कैग की रिपोर्ट में बिना टेंडर के काम कराने और लागत में अनावश्यक वृद्धि जैसे गंभीर आरोप सामने आए थे। 860 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद परियोजना अधूरी रही, जिसे अब योगी सरकार एलडीए के माध्यम से पूरा करने की दिशा में कदम उठा रही है। एलडीए को परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने का अधिकार दिया गया है। इसके तहत, रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरईएफ) और लीज या रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से निजी एजेंसियों को शामिल किया जाएगा। इससे न केवल परियोजना के बचे हुए कार्य पूरे होंगे, बल्कि इसका रखरखाव और संचालन भी बिना अतिरिक्त सरकारी खर्च के सुनिश्चित होगा। यह मॉडल परियोजना को आत्मनिर्भर बनाने और जनता के लिए उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। योगी सरकार का यह फैसला जेपीएनआईसी को जनता के लिए खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पिछले आठ वर्षों से बंद पड़े इस केंद्र को अब एलडीए के नेतृत्व में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर संचालित किया जाएगा। यह केंद्र न केवल लखनऊ, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, खेल और सम्मेलन केंद्र के रूप में उभरेगा। सरकार का यह कदम सपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार से दागी इस परियोजना को नया जीवन देने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

### उत्तर प्रदेश को मिलेगा नया लिंक एक्सप्रेसवे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी प्रदान की गयी है। लगभग 49.96 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसका निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मॉडल पर किया जाएगा। परियोजना पर अनुमानित 4775.84 करोड़ रुपये का व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इस लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा, कानपुर, ● शेष पेज 11 पर

## उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का होगा गठन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि इस मिशन का उद्देश्य न केवल राज्य के युवाओं को देश में रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें विदेशों में भी नियोजन के अवसर दिलाना है। बैठक में कुल 30 प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक सेवायोजन विभाग केवल रोजगार मेलों और सेवायोजकों के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को अवसर दिला रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन के साथ हम देश और विदेश दोनों स्तरों पर अपने युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेंगे। मिशन का लक्ष्य एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को सेवायोजित करने का रखा गया है। श्री राजभर ने बताया कि अब तक विदेशों में रोजगार के लिए राज्य को रिक्रूटिंग एजेंट (आरए) लाइसेंसधारी एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन मिशन के गठन के साथ ही सरकार स्वयं आरए का लाइसेंस प्राप्त कर सकेगी, जिससे अब बेरोजगारों को सीधे विदेशों में रोजगार पर भेजा जा सकेगा। श्रम मंत्री ने यह भी बताया कि वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की मैनपावर खासकर पैरा मेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर्स, कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह मिशन राज्य की उस क्षमता को दिशा और अवसर देने का माध्यम बनेगा। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन एक उच्च स्तरीय संस्था के रूप में किया जा रहा है, जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत होगी। इसके संचालन के लिए पांच प्रमुख इकाइयां शासी परिषद, राज्य संचालन समिति, राज्य कार्यकारिणी समिति, राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू) और जिला कार्यकारिणी समिति गठित की जाएंगी। श्री राजभर ने बताया कि सरकार ने इसके अलावा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी गई है। अब तक देश में 29 प्रकार के खतरनाक कारखानों में महिलाओं ● शेष पेज 11 पर

## न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर जल्द ही सांसदों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे : रीजीजू

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और इस संबंध में सांसदों के हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि यह प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा या राज्यसभा में। लोकसभा के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है। राज्यसभा के लिए कम से कम 50 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह निर्णय लेने के बाद कि प्रस्ताव किस सदन में लाया जायेगा, हस्ताक्षर कराये जायेंगे। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, जब किसी न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष या सभापति, जैसा भी मामला हो, तीन-सदस्यीय एक समिति का गठन करेंगे जो उन आधारों की जांच करेगी जिनके आधार पर न्यायाधीश को हटाने (महाभियोग) की मांग की गई है। समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश और एक ''प्रतिष्ठित न्यायविद'' शामिल होते हैं। रीजीजू ने कहा कि चूंकि यह मामला न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा है, इसलिए सरकार सभी राजनीतिक दलों को साथ लेना चाहती है। न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी ● शेष पेज 11 पर

## एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के रक्षा सौदों को मंजूरी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने तीनों सेनाओं को अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों तथा उपकरणों और रक्षा साजो सामान से लैस करने के लिए एक लाख पांच हजार करोड़ रूपये के दस रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इससे संबंधित प्रस्तावों को आवश्यकता के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गयी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत स्वदेशी रक्षा उद्योग से की जायेगी। इनमें सेना के लिए बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद शामिल है। इससे देश की वायु रक्षा प्रणाली मजबूत होगी , आपूर्ति श्रृंखला का प्रबंधन बेहतर बनेगा और सशस्त्र बलों की संचालन तैयारी मजबूत होंगी। इसके अलावा नौसेना के लिए समुद्री बारूदी सुरंग , बारूदी सुरंग रोधी नौका, ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में बनेगा 'आउटसोर्स सेवा निगम'

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के श्रम अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि यह निगम प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के साथ-साथ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और भरोसा सुनिश्चित करेगा। उन्होने प्रस्तावित निगम की कार्यप्रणाली, संरचना और दायरे पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और साफ किया कि राज्य सरकार श्रमिकों के श्रम, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के सामाजिक व आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन विकेन्द्रीकृत तरीके से होता है, जिसके कारण समय पर वेतन न मिलना, वेतन में कटौती, ईपीएफ/ईएसआई लाभों से वंचित रहना, पारदर्शिता की कमी और उत्पीड़न जैसी अनेक शिकायतें मिलती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संपूर्ण व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित निगम का गठन कंपनी एक्ट के तहत किया जाए। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और एक महानिदेशक की नियुक्ति की जाएगी। मंडल व जिला स्तर पर भी समितियों का गठन किया जाएगा। एजेंसियों का चयन जेम पोर्टल के माध्यम से न्यूनतम तीन वर्षों के लिए किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि वर्तमान कार्यरत कार्मिकों की सेवाएं बाधित न हों और चयन प्रक्रिया में उन्हें अनुभव के आधार पर वेटेज मिले। योगी ने निर्देशित किया कि सभी आउटसोर्सिंग कार्मिकों का पारिश्रमिक प्रत्येक माह की 05 तारीख तक सीधे उनके बैंक खाते में भेजा जाए तथा ईपीएफ और ईएसआई की रकम समय से जमा हो। साथ ही ईपीएफ, ईएसआईसी तथा बैंकों से अनुमन्य सभी लाभ भी कर्मचारियों को प्रदान किए जाएं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि निगम को रेगुलेटरी बॉडी की भूमिका में रखा जाए जो एजेंसियों की कार्यप्रणाली की निगरानी करे और नियमों के उल्लंघन पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबारमेंट, पेनाल्टी एवं वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करे। प्रस्तावित निगम द्वारा की जाने वाली सभी नियुक्तियों में एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, महिला, दिव्यांगजन और पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निराश्रित, तलाकशुदा व परित्यक्ता महिलाओं को भी प्राथमिकता देने की बात कही है। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि नियमित पदों के विरुद्ध कोई भी आउटसोर्सिंग सेवा नहीं ली जाए। चयन के बाद कोई भी ● शेष पेज 11 पर

# पाकिस्तानी हॉकी टीमें भारत आएंगी

एजेंसी

❑ एशिया कप का आयोजन बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से 7 सितंबर तक होगा

नयी दिल्ली। पाकिस्तान की हॉकी टीमें एशिया कप और जूनियर विश्व कप खेलने भारत आएंगी। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। इसके लिए गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है।

पाकिस्तान की हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में खेलने से नहीं रोका जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने दी है । एशिया कप का आयोजन बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से 7 सितंबर तक होना है, जबकि जूनियर विश्व कप का आयोजन चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक किया जाएगा। सूत्र ने कहा, ''हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। अगर हम पाकिस्तान को रोकने की कोशिश करते हैं तो इसे ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। लेकिन द्विपक्षीय संबंध अलग-अलग हैं और इस मामले में कोई ढील नहीं दी जाएगी। यह खबर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी घटनाओं के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध काफी बिगड़ गए थे। इन घटनाओं के बाद ऐसी अटकलें थीं कि भारत सरकार पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा रद्द कर सकती है, जिससे पाकिस्तान हॉकी टीम की भागीदारी पर संदेह पैदा हो गया था। हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने पहले कहा था कि वे सरकार के निर्देशों का पालन करेंगे और स्थिति पर करीब से नजर रखेंगे। हालांकि, अब ऐसा प्रतीत ● शेष पेज 11 पर

# भारत में लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार है: मोदी

## हम दुनिया के लिए शक्ति स्तम्भ, घाना में नेशनल अवॉर्ड मिलना सम्मान की बात

एजेंसी

❑ घाना की विकास यात्रा में भारत सिर्फ साझेदार नहीं बल्कि सह-यात्री है



अक्करा (घाना)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना गणराज्य की संसद को संबोधित किया। घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करती है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में, मैं अपने साथ 1.4 बिलियन भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूँ। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी मिट्टी के नीचे जो कुछ है, बल्कि आपके दिल में जो गर्मजोशी और ताकत है, उसके लिए भी।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल शाम का अनुभव बहुत ही मार्मिक था, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति जॉन महामा से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना सम्मान की बात है...भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आज सुबह मुझे हमारे दूरदर्शी और राजनेता तथा घाना के प्रिय पुत्र डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने एक बार कहा था कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें उन अतिरंजित प्रभावों से कहीं अधिक बड़ी हैं जो हमें अलग रखती हैं। उनके शब्द हमारी साझा यात्रा का मार्गदर्शन करते रहते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा किस भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र महज एक व्यवस्था नहीं है; यह हमारे मौलिक मूल्यों का हिस्सा है। लोकतंत्र हमारे लिए सिस्टम नहीं, संस्कार है। भारत में 2,500 से ज़्यादा राजनीतिक दल हैं, 20 अलग-अलग पार्टियाँ अलग-अलग राज्यों पर शासन करती हैं, 22 आधिकारिक भाषाएँ हैं, हज़ारों बोलियाँ हैं। यही वजह है कि भारत आने वाले लोगों का हमेशा खुले दिल से स्वागत किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत और घाना के इतिहास में औपनिवेशिक शासन के निशान हैं, लेकिन हमारी आत्मा हमेशा स्वतंत्र और निडर रही है। हम अपनी समृद्ध विरासत से शक्ति और प्रेरणा प्राप्त करते हैं... हमारी दोस्ती आपके प्रसिद्ध शुगर लोफ अनानास से भी अधिक मीठी है।

मोदी ने कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का भी सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाब देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियाँ वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की मांग करती हैं। वैश्विक दक्षिण को आवाज़ दिए बिना प्रगति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि अफ्रीकी संघ हमारे राष्ट्रपतित्व के दौरान जी-20 का स्थायी सदस्य बन गया। उन्होंने कहा कि दुनिया कई समस्याओं से जूझ रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के साथ व्यापक वार्ता के बाद बुधवार को ये टिप्पणियां कीं। मोदी ने मीडिया को दिए अपने बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है और भारत, घाना की विकास यात्रा में सिर्फ साझेदार ही नहीं बल्कि सह-यात्री भी है। दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक मोदी के पश्चिम अफ्रीकी देश की राजधानी पहुंचने के कुछ घंटे बाद हुई। मोदी पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में घाना पहुंचे हैं। ● शेष पेज 11 पर

# नारी शक्ति और स्वावलंबन को समर्पित होगा कला महाकुंभ

**ओडीओपी को मिलेगा विशेष मंच, हर जिले की कला और हुनर को पहचान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नवरात्र डांडिया, महिला काव्य गोष्ठी और साहित्य चर्चा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 23 दिनों तक आयोजित हो रहे कला महाकुंभ में नारी सुरक्षा, स्वावलंबन के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शनों का मंच सजेगा। कला महाकुंभ के नाम से आयोजित हो रही इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना एक जिला एक उत्पाद (ओडोओपी) और मिशन शक्ति को विशेष मंच मिलेगा। बृहस्पति वेलफ़ेयर फाउंडेशन की ओर से राजधानी लखनऊ के विशाल स्मृति उपवन में 26 सितंबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे कला महाकुंभ में अप्रतिम महिला शक्तियों, कलाकारों और नई प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को खास तौर से विश्व विभूति सम्मान, कला विभूति सम्मान, आदर्श सम्मान और कला सम्मान से नवाजा जाएगा। कला महाकुंभ के दौरान महिला उद्यमियों व ओडीओपी के क्षेत्र में विशेष काम कर रही महिला शिल्पियों को भी सम्मानित किया जाएगा। लगभग महीने भर चलने वाले कला महाकुंभ के दौरान हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन की जानकारी देने के लिए गुरुवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के उपाध्यक्ष एवं पूर्व महानिदेशक राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय पदमश्री अद्वैत गड़नायक, श्रीमती गौरी घोष, कवियत्री एवं साहित्यकार, श्रीमती विमल पंत, वरिष्ठ गायिका, सुगम एवं लोकगीत, श्रीमती ज्योति मोदक, सचिव, आईपीएस ओडब्लूए, दिनेश चंद्र दुबे, पूर्व आईपीएस एवं कीर्ति शंकर अवस्थी, पूर्व संयुक्त निदेशक पंचायत राज,आर पी श्रीवास्तव पूर्व जिला जज, एस के द्विवेदी जी मौजूद रहे।कला महाकुंभ के बारे में जानकारी देते हुए बृहस्पति वेलफ़ेयर फाउंडेशन के संयोजक पदमश्री अद्वैत गड़नायक जी ने बताया कि यह आयोजन भारत के समृद्ध दर्शन, सभ्यताओं, प्राचीन कलाओं एवं संस्कृति जैसे संगीत, कला, साहित्य, मूर्तिकला, चित्रकला व अभिनय कला, हस्तकला व पाक कला की एक आलौकिक झलक पेश करेगा। उन्होंने कहा कि कला महाकुंभ के दौरान फाउंडेशन उन युवा महिला उद्यमियों को सम्मानित करेगा जो अपने नवाचार व दृढ़ संकल्प से समाज में सकारात्मक बदलाव लायी हैं। अद्वैत गड़नायक ने बताया कि कला महाकुंभ के दौरान पड़ने वाले नवरात्रि पर्व में डांडिया का भी आयोजन होगा। इसके अलावा पूरे महीने हर दिन अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अद्वैत गड़नायक ने बताया कि इस भव्य आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) से संबंधित विशेष प्रदर्शनी होगी। इस प्रदर्शनी में प्रदेश के हर जिले की विशिष्ट कलाकृतियों, हस्तशिल्प व उत्पादों को रखा जाएगा जो स्थानीय कारीगरों व उद्यमियों को एक बड़ा मंच प्रदान करेगी। ओडीओपी प्रदर्शनी में जिला विशेष के उत्पादों के बनने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी व उन्हें बनाने वाले कारीगरों को बाजार भी उपलब्ध कराया जाएगा। कला महाकुंभ का एक अन्य खास आकर्षण पाक कला से संबंधित होगा जहां विभिन्न जिलों के प्रसिद्ध स्वादिष्ट व्यंजनों व पकवानों का स्वाद आगंतुकों को चखने को मिलेगा।प्रेस वार्ता में मौजूद दिनेश चंद्र दुबे ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि कला महाकुंभ के दौरान महिला कवियों की प्रतिभागिता वाली काव्य गोष्ठी, महिला साहित्यकारों के अवदान पर चर्चा व उनका सम्मान भी होगा। देश की जानी-मानी महिला कलाकार कला महाकुंभ के मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

# निषाद समाज के हक-अधिकार की लड़ाई को और धारदार बनाएं कार्यकर्ता : डॉ. संजय निषाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन की मजबूती, आगामी चुनावों की रणनीति, सामाजिक न्याय और निषाद समाज के हक-अधिकार की लड़ाई को और धारदार बनाएं। यह बातें निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कही।संजय निषाद गुरुवार को अपने आवास कैम्प में देवीपाटन मंडल में आने वाले जिले बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती और बलरामपुर के संगठन पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, बूथ प्रभारी तथा समाज के प्रमुख लोगों एवं कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर पदाधिकारी पूरी तैयारी और ईमानदारी से जनता और समाज के बीच जाए। निषाद समाज के अधिकारों की लड़ाई में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बूथ, मंडल और प्रदेश स्तर पर कार्यकर्ताओं का समर्पण और उनकी ऊर्जा ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जो पार्टी को अपने लक्ष्य तक पहुंचाएगी।बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से प्रत्यक्ष संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनी और कई मुद्दों के समाधान के लिए तत्काल निर्देश भी दिए। संगठन की जमीनी स्थिति का गहराई से आकलन किया गया और प्रत्येक जिले में बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और प्रबंधन को और बेहतर बनाने की दिशा में रूपरेखा तय की गई।

## मोहर्रम जुलूस में अनुमति से अधिक मेंहदी उठाने का मामला: कैन्ट पुलिस की लापरवाही सवालों के घेरे में

**प्रयागराज।** मोहर्रम के अवसर पर प्रयागराज के थाना कैन्ट क्षेत्र में नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। राजापुर इमामबाड़ा के पास क्षेत्रीय पार्षद मोमिना सिद्दीकी के पति अहमद अली पर आरोप है कि वे पार्षद पद का दुरुपयोग कर रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाने से मोहर्रम के जुलूस में केवल चार मेंहदी निकालने की अनुमति दी गई थी, लेकिन अहमद अली ने अवैध तरीके से 10 से 12 मेंहदी उठवा लीं। यही नहीं, रात्रि एक बजे तक ढोल-ताशे और बाजे का शोर बना रहता है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों का सवाल है कि जब स्पष्ट नियमों के उल्लंघन की जानकारी है, तो कैन्ट थाना पुलिस इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। क्या पुलिस पार्षद के प्रभाव में आकर कार्रवाई करने से बच रही है?अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है या नहीं।

## नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक रंग बहादुर का तबादला, लापरवाही पड़ी भारी

**प्रयागराज।** नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक रंग बहादुर का तबादला कर दिया गया है। यह कार्रवाई माफिया अतीक अहमद के बेटे अली की बैरक से नकदी मिलने के मामले में लापरवाही सामने आने के बाद की गई है।प्रशासनिक स्तर पर गंभीर चूक माने जा रहे इस प्रकरण में वरिष्ठ अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उन्हें जेल ट्रेनिंग सेंटर भेज दिया गया है। उनकी जगह विजय विक्रम सिंह को नैनी सेंट्रल जेल का नया वरिष्ठ अधीक्षक नियुक्त किया गया है।बताया जा रहा है कि अली की बैरक से कैश मिलने के बाद जेल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए थे। मामले की जांच में रंग बहादुर की लापरवाही सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया।प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जेल व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## प्रयागराज बवाल: छह और आरोपित भेजे गये जेल , भीम आर्मी के पदाधिकारी अभी फरार

**प्रयागराज।** प्रयागराज में हाल ही में हुए बवाल मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को करछना क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए छह आरोपितों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।गिरफ्तार आरोपितों में रंजीत, संजय, दीपक, ज्ञान, रविंद्र और शेषमणि शामिल हैं। पुलिस लगातार अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में दबिश दे रही है।पुलिस के मुताबिक, इस मामले में भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष अभय सिंह उर्फ सोनू और उपाध्यक्ष प्रतीक देव वर्मन वांछित चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपितों को भी पकड़ लिया जाएगा।

## प्रयागराज: युवक की गोली मारकर हत्या से सनसनी, जमीन विवाद की आशंका

**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के राजे तारा गांव में बुधवार देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और गांव में दहशत का माहौल है।बताया जा रहा है कि युवक अपने घर में सो रहा था, तभी अज्ञात हमलावर घर में घुसे और सिर में गोली मार दी। गोली लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।प्राथमिक जांच में घटना के पीछे जमीन के विवाद की आशंका जताई जा रही है। पुलिस दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है।

## नगर निगम में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**लखनऊ।** नगर निगम एक बार फिर शहर वासियों की समस्याओं को सुनने और हल करने के लिए 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम 4 जुलाई, शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में आयोजित किया जाएगा। नगर निगम हर महीने के पहले शुक्रवार को यह समाधान दिवस आयोजित करता है ताकि लोग सीधे आकर अपनी शिकायतें अधिकारियों के सामने रख सकें और उन्हें तुरंत हल कराया जा सके।किन समस्याओं का होगा समाधानघर के टैक्स (हाउस टैक्स) से जुड़ी दिक्कतेंपानी की आपूर्ति और बिलिंग संबंधी समस्याएंसफाई, कूड़ा उठान, सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट की शिकायतेंजीआईएस सर्वे के बाद टैक्स निर्धारण में आई दिक्कतें।इस मौके पर नगर निगम के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, ताकि लोगों की समस्याओं को मौके पर ही हल किया जा सके। नगर निगम ने शहर वासियों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचें और अपनी शिकायत से जुड़े ज़रूरी दस्तावेज साथ लाएं। इससे उनकी समस्याओं का तेजी से समाधान किया जा सकेगा।

## यूपी के आम को मिलेगी ग्लोबल पहचान: दिनेश प्रताप सिंह



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 को संस्कृति, संस्कार एवं विरासत का अनूठा महोत्सव बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस महोत्सव में आम को ग्लोबल पहचान मिलेगी। इसमें उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के बागानों के आमों की किस्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लंदन, दुबई के लिए आम के कंटेनर को रवाना करेंगे। उक्त बातें प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने अपने सरकारी आवास में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कही।श्री सिंह ने कहा कि किसानों को औषधि, फल-फूल, मसाले आदि की फसलों को उगाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर प्रत्येक मण्डल पर औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी आयेजित करने का निर्णय लिया गया है।उद्यान मंत्री ने कहा कि इस आम महोत्सव मे अपने परिवारजनों एवं मित्रजनों के साथ अवश्य आयें। इस महोत्सव मे प्रदेश के 800 प्रकार के आम के किस्मों को देखने का अवसर मिलेगा, जिन्हें हमने न कभी सुना होगा और न कभी देखा होगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में प्रदेश के किसानों को अपनी फसलों के उत्पादन क्षमता बढ़ाने के तकनीकी ज्ञान भी मिलेगा और इसके साथ उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान होगा। महोत्सव में प्रदर्शन के लिये रखे गये फलों के पौधे एवं आम के प्रसंस्कृत उत्पाद बिक्री हेतु उपलब्ध रहेंगे। आमजन हेतु महोत्सव में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 के प्रथम दिवस शुभारम्भ अवसर के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के आमों को लंदन, दुबई सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात के लिए रवाना करेंगे, स्मारिका का विमोचन एवं प्रदेश के प्रगतिशील आम उत्पादकों का सम्मान भी किया जायेगा।

# प्रयागराज में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संगम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि आम जनता को बेहतर सुविधाएं समय पर मिल सकें।बैठक में जननी सुरक्षा, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संचारी रोग नियंत्रण, परिवार नियोजन समेत अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सीडीओ ने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड में जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत देखें और लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान करें।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समेत अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने किया कौड़िहार सीएचसी का औचक निरीक्षण, मिली भारी अनियमितताएं

**मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत नेअधीक्षक को दी चेतावनी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) कौड़िहार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में व्यापक अव्यवस्थाएं और लापरवाहियां सामने आईं। मंडलायुक्त ने अस्पताल की दुर्व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अधीक्षक को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही चेताया कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण में इमरजेंसी कक्ष में गंदगी और महिला वार्ड में खराब पंखा मिला। महिला वार्ड में कोई भी मरीज भर्ती नहीं पाया गया। एक्स-रे कक्ष में बाहरी व्यक्ति द्वारा कार्य करते हुए मिलने पर मंडलायुक्त ने सख्त नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि भविष्य में बाहरी व्यक्ति अस्पताल में काम करते न मिलें, अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान एक्स-रे टेक्नीशियन वंदना सिंह अनुपस्थित पाई गईं, जबकि उपस्थिति पंजिका में उनके हस्ताक्षर दर्ज थे। मंडलायुक्त ने इस पर स्पष्टीकरण तलब किया। चिकित्साधिकारी डॉ. फिरोज आलम भी 1 जुलाई से अनुपस्थित मिले। स्टाफ नर्स सर्वदा यादव के कॉल्विन अस्पताल में अटैच होने की जानकारी दी गई, जिस पर संबंधित आदेश की प्रति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।मंडलायुक्त ने ओपीडी में मरीजों के बैठने, पीने के पानी, साफ-सफाई, महिला वार्ड में पंखा इन्वर्टर से जोड़ने और सभी नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस बर्थ डोज व विटामिन-के देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के तहत शत-प्रतिशत भुगतान कराने और टीकाकरण सत्रों की समयबद्ध फीडिंग सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट और संक्रमण रोकथाम के मानकों का कड़ाई से पालन हो। निरीक्षण के समय अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं मण्डलीय एनएचएम टीम मौजूद रही।

# मंगलमान ने किया ''बड़ा मंगल'' के आयोजकों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत एवं आध्यात्मिक परम्परा ''बड़ा मंगल'' के सफल आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले आयोजकों, स्वयंसेवकों एवं समाजसेवियों का सम्मान ''मंगलमान अभियान की ओर से कुर्सी रोड स्थित सिटी क्लब में किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सरोकारों, सांस्कृतिक संरक्षण एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 500 से अधिक ''मंगल सेवकों'' का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, पूर्व मंत्री संदीप बंसल, एमएलसी पवन सिंह चौहान उपस्थित रहे। प्रान्त प्रचारक कौशल ने अपने सम्बोधन में ''बड़ा मंगल'' को लखनऊ की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता एवं सेवाभाव का प्रतीक है।उन्होंने कोविड-19 काल में मंगलमान अभियान द्वारा किए गए राहत कार्यों की सराहना करते हुए इसे ''आधुनिक समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण'' बताया।पूर्व मंत्री संदीप बंसल ने कहा कि ''समाज के निःस्वार्थ सेवकों का सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।'' उन्होंने बड़ा मंगल के तहत किए जा रहे स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के प्रयासों की सराहना की।मंगलमान अभियान के संयोजक डॉ. रामकुमार तिवारी ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह ''सामाजिक उत्थान, पर्यावरण जागरूकता एवं युवाओं की सहभागिता'' का मंच बन चुका है। उन्होंने ''ई-विसर्जन'' (पर्यावरण अनुकूल विसर्जन) एवं ''युवा शक्ति जागरण'' जैसी नवाचारी पहलों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में प्रशान्त भाटिया, नानक चंद लखमानी,अभिनंदन समारोह के संयोजक हनुमंत सिंह,डा.कीर्ति, प्रफुल्ल राय, डॉ. अनंत श्रीवास्तव, मोहित वर्मा, राजीव अग्रवाल, आकाश गौतम, विवेक राय चौधरी, संजय शुक्ला, सत्यव्रत पांडे, विपिन शर्मा, नवल पांडे, शुभम वर्मा, आलोक गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, डॉ. आलोक कृष्णा उपस्थित रहे।

# शारदा सहायक पोषक नहर के तट पर जलशक्ति मंत्री ने रोपा पौधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण 2025 कार्यक्रम के तहत गुरूवार को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने मोहनलालगंज स्थित ग्राम नूरपुर बेहटा में शारदा सहायक पोषक नहर के दाहिने तट पर एक पौधा लगाया।उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ शारदा सहायक पोषक नहर के किनारे पर पौधा लगाकर आनंद महसूस कर रहा हूं। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों से भी मैनें विनम्र आग्रह किया है कि एक-एक पौधा स्वयं से लगाये और इसकी रक्षा अवश्य करें। जिससे एक वक्त के बाद यह क्षेत्र हरा भरा दिखायी दे। लोगों को यहां देखने पर पर्यावरण का सुंदर स्वरूप दिखाये दे।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र नोटिस**

लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एटीवीएम सुविधाकर्ता के आवेदन के संबंध में 28-6-2025 को प्रकाशित नोटिस संख्या सी/123-1-एटीवीएम/25/एसवी के संदर्भ में। इस नोटिस में अन्य नियमों और शर्तों के खंड में निम्नलिखित बिंदु जोडे गए हैं- 1.पूर्व में नियुक्त एटीवीएम फैसिलिटेटर जिन्हें अनियमितताओं के कारण सेवा से हटा दिया गया है, वे पुनः एटीवीएम फैसिलिटेटर के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। 2. किसी भी रेलवे कर्मचारी को, जिसे संदिग्ध निष्ठा के आधार पर सेवा से हटाया/बर्खास्त किया गया हो, सुविधाकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा। 3.सुविधाप्रदाता (सेवानिवृत्त कर्मचारी या उसका/उसकी पत्नी/बच्चे) को अनिवार्य रूप से पहचान पत्र और नाम बैज पहनना और प्रदर्शित करना होगा, जो संबंधित स्टेशन सीबीएस/सीएमआई/एसएस द्वारा जारी किया जाएगा। 4. एटीवीएम, इसके रखरखाव, लीज लाइन का प्रावधान, उन्नयन आदि का खर्च रेलवे द्वारा वहन किया जाएगा। बिजली और जगह का खर्च भी रेलवे द्वारा वहन किया जाएगा। हालांकि, अगर यह साबित हो जाता है कि एटीवीएम सुविधाकर्ता की ओर से किसी चूक/कमीशन के कारण क्षतिग्रस्त हुई है, तो मरम्मत का खर्च उससे वसूला जाएगा। 5. प्रशिक्षकों के लिए आवंटित प्रत्येक एटीवीएम को प्रशिक्षकों द्वारा ही संचालित किया जाएगा तथा वे 08 घंटे की पारी में काम करेंगे। 6. प्रत्येक 08 घंटे की शिफ्ट में एक विशेष एटीवीएम में केवल एक ही सुविधाकर्ता उपलब्ध होगा। 7. आवश्यकतानुसार सीबीएस/एसएस द्वारा सुविधाकर्ताओं का शिफ्टवार ड्यूटी रोस्टर बनाए रखा जाएगा। 8. रेलवे प्रशासन पूर्व सूचना देकर किसी सुविधाकर्ता को आवंटित नामित एटीवीएम को स्थायी या अस्थायी रूप से बदल सकता है या सुविधाकर्ता को किसी ऐसे एटीवीएम पर काम करने के लिए बुला सकता है जो शुरू में उसके लिए नामित नहीं था। 9. यदि किसी विशेष स्टेशन के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों की संख्या विवरण के अनुसार उस स्टेशन के लिए निर्धारित सुविधाकर्ताओं की संख्या से अधिक है, तो उनमें से पात्र आवेदकों का चयन नाबालिग बच्चे का उपयोग करके लॉटरी द्वारा किया जाएगा। लॉटरी के इस ड्रा की तिथि और स्थान के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा। 10. सक्षम प्राधिकारी (वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/लखनऊ) द्वारा चयन किए जाने के पश्चात फैसिलिटेटर अपने स्वयं के व्यय पर एक स्मार्ट कार्ड खरीदेंगे तथा स्मार्ट कार्ड संख्या को लखनऊ मंडल के सभी संबंधित स्टेशनों के सीबीएस कार्यालय में पंजीकृत कराएंगे। स्मार्ट कार्ड का रिचार्ज फैसिलिटेटर द्वारा अपनी आवश्यकता एवं स्वयं के व्यय के अनुसार कराया जाएगा। 11. सुविधाकर्ता यात्रियों की कतार बनाएंगे और केवल मुद्रित दरों पर ही टिकट जारी करेंगे। नियमित एटीवीएम कार्ड धारक/यात्री जो स्वयं टिकट खरीदना चाहते हैं, उन्हें टिकट खरीदने में पहली प्राथमिकता दी जाएगी। सुविधाकर्ता मशीन का उपयोग तब करेंगे जब स्वयं संचालित यात्री मशीन का उपयोग कर लेंगे। 12. सुविधादाता कार्य से पहले और बाद में संबंधित सीबीएस/एसएस/सीएमआई को सलाह देंगे तथा इस प्रयोजन के लिए रखे गए रजिस्टर में प्रविष्टि करेंगे। 13. वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/लखनऊ एटीवीएम सुविधाकर्ताओं की लंबी अनुपस्थिति, अनियमितताओं जैसे यात्रियों के साथ खराब व्यवहार आदि के मामलों की जांच करेंगे और यदि आवश्यक हो तो सुविधाकर्ताओं के अनुबंध को समाप्त करने सहित उचित कार्रवाई करेंगे। जहां भी आवश्यक हो, सक्षम प्राधिकारी (वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/ लखनऊ) द्वारा एफआईआर दर्ज करने जैसी कार्रवाई की जा सकती है। 14. सक्षम प्राधिकारी (वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/लखनऊ) को किसी भी समय बिना कोई नोटिस दिए किसी भी सुविधाकर्ता को हटाने का अधिकार सुरक्षित है। 15. स्मार्ट कार्ड का ऑनलाइन रिचार्ज मूल्य वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/लखनऊ द्वारा तय किया जाएगा। सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। 2007/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मेड इन चाइना की जगह स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री में मेड इन मेरठ का हो नाम

**मेरठ की स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को ग्लोबल लेवल पर पहचान दिलाने के लिए मंत्री नन्दी से फिक्की पदाधिकारियों ने की मुलाकात**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पिकप भवन लखनऊ में फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (फिक्की) के खेल समिति प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। जिसमें मेरठ की स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक ठोस और दूरगामी पहल के साथ विस्तृत चर्चा हुई।बैठक में डॉ. कनिष्क पांडेय फिक्की खेल उप समिति उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष, अर्निबन दत्ता अपर निदेशक फिक्की खेल समिति एवं रचना गोविल सह अध्यक्ष फिक्की खेल उप समिति उत्तर प्रदेश्श चैप्टर ने मेरठ की स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को ग्लोबल लेबल पर अलग पहचान दिलाने, स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री पार्क विकसित करने के साथ ही प्रदेश में स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।फिक्की के पदाधिकारियों ने मंत्री नन्दी को बताया कि उन्होंने पिछले दिनों मेरठ के स्पोर्टस इण्डस्ट्री से जुड़े उद्यमियों के साथ बैठक की। जिसमें उद्यमियों द्वारा कई समस्याएं बताई गई साथ ही सुझाव भी दिए गए। प्रतिनिधिमंडल ने स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में स्पोर्टस इण्डस्ट्री पार्क बनाए जाने के सुझाव दिए। जिसके लिए मेरठ, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर के साथ ही अन्य जनपदों में भूमि की उपलब्धता पर चर्चा हुई।फिक्की के पदाधिकारियों ने संगम नगरी प्रयागराज में वाटर स्पोर्टस एकेडमी को स्थापित करने, वाटर स्पोर्ट्स के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रस्ताव औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के सामने रखा। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि धर्म, आस्था के साथ ही पर्यटन का प्रमुख केंद्र होने के कारण संगम नगरी प्रयागराज में वाटर स्पोर्ट्स को विकसित करने की बेहतर सम्भावनाएं हैं। जिस पर मंत्री नन्दी ने प्रयागराज के बोट क्लब के साथ ही अन्य घाटों को वाटर स्पोर्ट्स के लिए बेहतर बताया। साथ ही इस प्रस्ताव को धरातल पर लाने में हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।सचिव इन्वेस्ट यूपी विजय किरण आनन्द ने कहा कि यदि स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री के लोग आगे आएं तो स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्टस पॉलिसी भी बनाई जा सकती है, जो उद्यमियों के लिए काफी लाभदायक साबित होगी।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मेरठ स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री के उद्यमी यह चाहते हैं कि मेड इन चाइना की तरह स्पोर्टस इण्डस्ट्री में मेड इन मेरठ का नाम होगा। बैठक में इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनन्द, एमडी पिकप पीयूष वर्मा, संयुक्त आयुक्त निर्यात पवन अग्रवाल एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जमीन हड़पने की बड़ी साजिश बेनकाब मोहनलालगंज पुलिस ने रची गिरफ्तारी की पटकथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जाली दस्तावेज़ तैयार कर 22 बीघा भूमि पर कब्जा करने की साजिश रचने वाले एक शातिर युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर आरोपी को धर दबोचा।पूरा मामला बीते 18 नवंबर 2023 को उस समय सामने आया जब पीड़ित जगदीश कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी बाजपुर, थाना बीबीडी लखनऊ ने मोहनलालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप था कि कुछ लोगों ने मिलकर उसकी भूमि को कब्जाने की साजिश रचते हुए फर्जी रजिस्ट्री दस्तावेज तैयार किए हैं।पुलिस द्वारा की गई विवेचना में सामने आया कि एक युवक संकल्प पांडेय पुत्र राजेश पांडेय, निवासी इलाहाबाद ने स्वयं को विजय सिंह बताकर जमीन की रजिस्ट्री कराने की कोशिश की। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित की भूमि गाटा संख्या 137, रकबा 0.2780 हेक्टेयर लगभग 22 बीघा को अपना बताकर उसके जाली दस्तावेज बनवाए और उप निबंधक कार्यालय में प्रस्तुत कर दिए।हालांकि, जब रजिस्ट्री प्रक्रिया के दौरान पीड़ित को इसकी जानकारी हुई, तो उसने मौके पर आपत्ति जताई और पूरा मामला सामने आया। इसके बाद मोहनलालगंज थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और गंभीर धाराओं में केस पंजीकृत किया गया।

मामले में मुख्य अभियुक्त संदीप कुमार गौतम उर्फ जगदीश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम मटरौखेड़ा, पोस्ट ससपन, जनपद हरदोई उम्र करीब 22 वर्ष को पुलिस ने विशेष सूचना के आधार पर गुरुवार को गिरफ्तार किया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और लखनऊ जाने की फिराक में था। पुलिस टीम ने उसे एक खेत के पास से दबोच लिया।प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह ने बताया कि यह पूरा मामला एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसमें फर्जी नाम और दस्तावेज़ों के माध्यम से सरकारी रिकॉर्ड को धोखा देने का प्रयास किया गया। पुलिस की सतर्कता से न सिर्फ भूमि कब्जाने की कोशिश विफल हुई, बल्कि मुख्य आरोपी भी सलाखों के पीछे पहुंच गया। पुलिस द्वारा

पकड़े गए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है और अन्य सहयोगियों की तलाश के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

# बघौना गांव में खेल के मैदान पर अवैध कब्जा रोका गया, प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघौना में गाटा संख्या 64 पर स्थित खेल के मैदान पर अवैध कब्जे की कोशिश को प्रशासन ने सख्ती से रोक दिया। गांव के ही श्रीकृष्ण नामक व्यक्ति द्वारा खेल मैदान पर मिक्सर मशीन व शटरिंग लगाकर अवैध निर्माण शुरू कराया जा रहा था।सूचना मिलते ही तहसील की लार्जेस्ट टीम मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य रुकवाया। लेकिन टीम के लौटने के बाद दबंगों ने दोबारा काम शुरू कर दिया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई। ग्रामीणों ने दोबारा शिकायत की तो उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज अंकित शुक्ला ने तुरंत राजस्व टीम और पुलिस को मौके पर भेजा।संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया और शटरिंग व मिक्सर मशीन को जब्त कर लिया। एसडीएम अंकित शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की गई। राजस्व टीम को भेजकर अवैध निर्माण को रोका गया और सामान जब्त किया गया। सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।ग्रामीणों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की और मांग की कि खेल मैदान की सीमांकन कर बाउंड्री वॉल बनाई जाए ताकि भविष्य में कोई पुनः कब्जा न कर सके।

# उतरावां ग्राम पंचायत में लगाया गया कैम्प, दर्जनों लोगों को सरकारी योजनाओं का मिला लाभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा , लखनऊ। मोहनलालगंज ब्लॉक स्थित उतरांवा ग्राम पंचायत में गुरुवार को सरकारी योजनाओं का विशेष कैंप आयोजित किया गया। कैंप में कई विभागों से कर्मचारी मौजूद रहे जब कि खाद्य रसद विभाग एवं बैंक कर्मचारी नहीं रहे। गुरुवार को ग्राम प्रधान भोलानाथ की अध्यक्षता में उतरावां स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कैम्प में आयुष्मान कार्ड , फैमिली आईडी , राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन , दिव्यांगजन पेंशन , किसान सम्मान निधि शामिल थे। कैंप में उतरांवा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने पहुंच कर अपनी अपनी समस्याओं को अवगत कराया और लाभ उठाया। लगभग आधा दर्जन लोगों ने शौचालय की बात रखी , दो लोगों ने आवास की मांग की हालांकि ग्राम सचिव वंदना शर्मा ने जांच कर लाभ देने की बात कही है। इस दौरान राशन कार्ड को लेकर कई ग्रामीण कैंप में पहुंचे लेकिन मौके पर खाद्य रसद विभाग के कोई अधिकारी न होने के कारण उन्हें वापस जाना पड़ा जिसके चलते उन्हें लाभ नहीं मिल पाया। कैंप में राजस्व विभाग , स्वास्थ्य विभाग , विद्युत विभाग, समाज कल्याण समेत कई विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेड इन चाइना की जगह स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री में मेड इन मेरठ का हो नाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पिकप भवन लखनऊ में फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (फिक्की) के खेल समिति प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। जिसमें मेरठ की स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक ठोस और दूरगामी पहल के साथ विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में डॉ. कनिष्क पांडेय फिक्की खेल उप समिति उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष, अर्निबन दत्ता अपर निदेशक फिक्की खेल समिति एवं रचना गोविल सह अध्यक्ष फिक्की खेल उप समिति उत्तर प्रदेश्श चैप्टर ने मेरठ की स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को ग्लोबल लेबल पर अलग पहचान दिलाने, स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री पार्क विकसित करने के साथ ही प्रदेश में स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

फिक्की के पदाधिकारियों ने मंत्री नन्दी को बताया कि उन्होंने पिछले दिनों मेरठ के स्पोर्टस इण्डस्ट्री से जुड़े उद्यमियों के साथ बैठक की। जिसमें उद्यमियों द्वारा कई समस्याएं बताई गई साथ ही सुझाव भी दिए गए। प्रतिनिधिमंडल ने स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में स्पोर्टस इण्डस्ट्री पार्क बनाए जाने के सुझाव दिए। जिसके लिए मेरठ, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर के साथ ही अन्य जनपदों में भूमि की उपलब्धता पर चर्चा हुई।

फिक्की के पदाधिकारियों ने संगम नगरी प्रयागराज में वाटर स्पोर्टस एकेडमी को स्थापित करने, वाटर स्पोर्ट्स के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रस्ताव औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के सामने रखा। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि धर्म, आस्था के साथ ही पर्यटन का प्रमुख केंद्र होने के कारण संगम नगरी प्रयागराज में वाटर स्पोर्ट्स को विकसित करने की बेहतर सम्भावनाएं हैं। जिस पर मंत्री नन्दी ने प्रयागराज के बोट क्लब के साथ ही अन्य घाटों को वाटर स्पोर्ट्स के लिए बेहतर बताया। साथ ही इस प्रस्ताव को धरातल पर लाने में हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

सचिव इन्वेस्ट यूपी विजय किरण आनन्द ने कहा कि यदि स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री के लोग आगे आएं तो स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्टस पॉलिसी भी बनाई जा सकती है, जो उद्यमियों के लिए काफी लाभदायक साबित होगी।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मेरठ स्पोर्ट्स इण्डस्ट्री के उद्यमी यह चाहते हैं कि मेड इन चाइना की तरह स्पोर्टस इण्डस्ट्री में मेड इन मेरठ का नाम होगा। बैठक में इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनन्द, एमडी पिकप पीयूष वर्मा, संयुक्त आयुक्त निर्यात पवन अग्रवाल एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एलडीए: 4 जुलाई से शुरू होगी ई–नीलामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए एक बार फिर शहरवासियों के लिए व्यावसायिक और आवासीय संपत्तियों की बड़ी सौगात लेकर आया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर 4 जुलाई, 2025 से प्राधिकरण का ई-ऑक्शन पोर्टल शुरू किया जा रहा है, जिसमें इच्छुक खरीदार 4 अगस्त, 2025 तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। इसके बाद 8 अगस्त, 2025 को नीलामी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इस ई-नीलामी के जरिए शहर के प्राइम लोकेशनों पर स्थित भूखण्डों को लोग ऑनलाइन माध्यम से खरीद सकेंगे। इस बार की नीलामी खास इसलिए मानी जा रही है क्योंकि इसमें 60-60 वर्गमीटर के आवासीय भूखण्डों और फ्लैटों के साथ-साथ कई प्रकार की व्यावसायिक संपत्तियाँ भी शामिल की गई हैं। इसमें ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, मैरिज हॉल, होटल, फैसेल्टीज, फाइन डाइन, सिटी क्लब, सीएनजी स्टेशन/पेट्रोल पंप, कम्यूनिटी सेंटर और मिश्रित भू-उपयोग जैसी संपत्तियाँ भी शामिल हैं। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि प्राधिकरण ने पिछले ई-ऑक्शन के माध्यम से लगभग ?450 करोड़ रुपये की संपत्ति बेची थी। अब एक बार फिर एलडीए की विभिन्न योजनाओं में स्थित भूखण्डों को बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इस बार लगभग 300 से अधिक भूखण्ड नीलामी में उपलब्ध होंगे। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-एच में नियोजित 60-60 वर्गमीटर के आवासीय भूखण्ड भी इस ई-ऑक्शन में रखे जाएंगे, जिनकी आरक्षित दर ?32,955 प्रति वर्गमीटर तय की गई है। इसके अलावा जिन प्रमुख योजनाओं में भूखण्ड उपलब्ध होंगे, उनमें गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, शारदा नगर, सीजी सिटी, कानपुर रोड और ट्रांसपोर्ट नगर प्रमुख हैं। इन योजनाओं में स्थित मॉल, मल्टीप्लेक्स, ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, होटल, आवासीय भूखण्ड व मिश्रित भू-उपयोग की संपत्तियाँ इस ई-नीलामी का हिस्सा होंगी। महत्वपूर्ण तिथियाँः ई-ऑक्शन पोर्टल ओपनः 4 जुलाई, 2025 ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथिः 4 अगस्त, 2025 नीलामी तिथिः 8 अगस्त, 2025 एलडीए की यह पहल निवेशकों और आम लोगों दोनों के लिए एक बड़ा मौका है, जिससे वे शहर की प्रमुख योजनाओं में उचित दर पर अपनी पसंद की संपत्ति खरीद सकते हैं।

# पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस मध्यस्थता विफल होने पर मामला दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ । गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कपेरा मदारपुर की रहने वाली विवाहिता निशा पत्नी मनीराम ने पति और उसके ससुरालीजनों के खिलाफ मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना की गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपनी तहरीर में बताया कि उसका विवाह लगभग सात वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाज के साथ नगराम थाना क्षेत्र के अनैया खरगापुर निवासी मनीराम के साथ संपन्न हुआ था। शादी में उसके परिवार ने करीब चार लाख रुपये खर्च किए थे।

पीड़िता के अनुसार, शादी के बाद से ही पति मनीराम और उसके परिवार वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि मनीराम अक्सर शराब के नशे में धुत होकर उससे मारपीट करता और जबरन अप्राकृतिक व अमानवीय संबंध बनाने का प्रयास करता था। पीड़िता ने मना किया तो उसे बेरहमी से पीटा गया और दहेज में बाइक की मांग की गई। इतना ही नहीं, पीड़िता ने यह भी बताया कि मनीराम ने दूसरी महिला से संबंध बनाकर उसे गर्भवती कर दिया और अब पीड़िता को छोड़कर दूसरी शादी की योजना बना रहा है। विरोध करने पर ससुराल पक्ष ने उसे जान से मारने की धमकी दी और घर से बाहर निकाल दिया। वह फिलहाल अपने मायके में रह रही है। इस बीच, महिला द्वारा थाने में शिकायत करने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर कई बार सुलह-समझौते की कोशिश की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। दोनों पक्षों के बीच विवाद खत्म नहीं हो पाया और समझौता विफल रहा। अंततः पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि मनीराम के परिवार वाले लगातार दबाव बना रहे हैं कि वह दूसरी शादी को स्वीकार कर ले, लेकिन उसने न्याय और पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता निशा ने नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी से न्याय की गुहार लगाई है , थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मीडियेशन कराया गया लेकिन प्रयास विफल रहा तब जाकर आरोपी पति ससुरालियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# पारा में 15 बीघा में फैली दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने गुरुवार को अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पारा क्षेत्र में दो स्थलों पर लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में फैली अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह अभियान प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-3 की टीम द्वारा चलाया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने जानकारी दी कि पहली कार्रवाई हंसखेड़ा स्थित गायत्रीपुरम कॉलोनी में की गई। यहाँ लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। बिना किसी स्वीकृत ले-आउट के कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

दूसरी बड़ी कार्रवाई देवपुर पारा में हुई जहाँ एलडीए के बहुमंजिला आवासीय भवनों के पीछे लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इन दोनों मामलों में प्राधिकरण की न्यायालय द्वारा विधिवत वाद योजित कर ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए थे, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से दोनों स्थलों पर बुलडोजर चलवाकर निजी विकासकर्ताओं द्वारा बनाई गई सड़कें, नालियां, बाउंड्रीवॉल, और बिजली के खंभों आदि को ध्वस्त कर दिया।

# सीवर सफाई के बाद लोगों को मिला साफ़ पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम ज़ोन 6 के गढ़ी पीर खां मोहल्ले में सैकड़ों घरों में नलों के जरिए महीनों से सीवर का गंदा और बदबूदार पानी मिला हुआ आ रहा था। यह स्थिति केवल असुविधाजनक ही नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो रहीं थी। जिसकी खबर कैनविज़ टाइम्स ने प्रमुखता से चलाई थी। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने खबर का संज्ञान लेते हुए तुरंत एक्शन लिया इसके बाद सुएज़ इंडिया कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सीवर के कई चेम्बरो की जमकर सफाई की। सफाई के बाद लोगों के घरों में साफ़ पानी पहुंचा तो लोगों ने राहत की सांस ली। किंतु यह सवाल अभी भी बना हुआ है की लगभग 3 वर्ष पूर्व भी एक बार ऐसा हुआ था जब सीवर का तल क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सीवर का पानी लोगों के घरों में पहुंचना शुरू हुआ था और मोहल्ले में अनगिनत लोग डायरिया के पेशेंट हो गए थे। उस समय भी तत्कालीन नगर आयुक्त डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जलकल विभाग को सख्त निर्देश जारी किए थे जिसके बाद जलकल विभाग द्वारा सीवर की सफाई करवाने के बाद एक टूटे हुए चेंबर के तल को बनवाया गया था तब जाकर लोगों के घरों में स्वच्छ पानी पहुंचा था। अब 3 वर्ष बाद एक बार फिर से लोगों के घरों में सीवर का पानी पहुंचा और सीवर की सफाई होने के बाद वही गंदा पानी साफ पानी में बदल गया और लोगों को साफ पानी मिलने लगा। अब सवाल यह उठता है कि आखिर क्या वजह है जो सीवर का गन्दा पानी मोहल्ले में बिछी पानी की पाइपलाइन के अंदर पहुंच जाता है। जानकारी के अनुसार यहां पर बिछी हुई पानी की पाइपलाइन अत्यधिक पुरानी हो चुकी है जो की जगह-जगह से क्षतिग्रस्त है जिसकी समय-समय पर विभाग द्वारा मरम्मत भी की जाती है इस पुरानी पानी की पाइपलाइन को भी बदलने की जरूरत है। वजह चाहे जो भी हो जलकल विभाग को चाहिए भविष्य में ऐसी घटना ना घटे इसके लिए उचित कदम उठाए जिससे कि लोगों की सेहत सुरक्षित रह सके।

# यूपी में तेजी से बढ़ रहा गंगा, घाघरा, सरयू समेत प्रमुख नदियों का जलस्तर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश और यूपी में सक्रिय मानसूनी बरसात से प्रदेश की नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। नदियों में उफान को देखते हुए मैदानी क्षेत्रों के जिलों में प्रशासन अलर्ट हो गया और बाढ़ या जलभराव की स्थिति से निपटने की तैयारियों में जुट गया है। बारिश का असर प्रदेश में बहने वाले प्रमुख नदियों के साथ साथ बरसाती ?नदी नालों में भी देखने को मिल रहा है। प्रशासन ने अचानक आने वाले पानी को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने और ऐसी जगहों पर न जाने की अपील की है। मौसम विभाग ने भी अलगे पांच दिनों तक तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट किया है। लखनऊ मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल ?कुमार सिंह ने बताया कि आज राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में बारिश का पूर्वानुमान था, लेकिन बादलों की लुका छिपी चलती रही और बारिश नहीं हुई। उन्होंने आगामी पांच दिनों में हल्के बादल रहने के कारण आने वाली पांच जुलाई के मध्य 30 जिलों में गरज़ चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा रहने की संभावना जताई है। वहीं इस बीच बुंदेलखण्ड, मध्य यूपी और पश्चिम के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 20-30 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश तराई क्षेत्र लखीमपुर खीरी में 212 मिमी. हुई। पूरे प्रदेश की बात करें तो 6.2 मिमी. बारिश हुई, जो कि सामान्य 5.5 मिमी. से 13 प्रतिशत अधिक है। वहीं, एक जून से अब तक प्रदेश में 130.5 मिमी बारिश हो चुकी है, जो कि सामान्य 106.8 मिमी से 22 प्रतिशत अधिक है। सहारनपुर के मिर्ज़ापुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गाड़ा में गुरुवार एक बरसाती नदी में अचानक बाढ़ आ गई। इस दौरान वहां नदी के किनारे पड़े पत्थरों को भरकर ले जा रहा ट्रैक्टर-ट्रॉली पानी में बह गई। गनीमत रही कि चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। उधर गोंडा में सरयू का जलस्तर अचानक बढ़ने से सड़क पर खड़ा एक बुलडोजर पानी में डूब गया। जिसे क्रेन से निकलवाया गया। फर्रुखाबाद में गंगा में पहाड़ों से छोड़े जा रहे पानी का असर तेजी से देखने को मिल रहा है। यहां पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया। लोहिया सेतु के पांचाल घाट पर खतरे का निशान 137.10 मीटर है। जबकि आज यहां गंगा का जलस्तर 136.60 मीटर पर पहुंच गया। जलस्तर बढ़ने से नीचले इलाकों की फसलें जलमग्न हो गई हैं। वाराणसी में गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ रहा है। यहां पीछे से छोड़े जा रहे पानी के साथ साथ स्थानीय स्तर पर हुई बारिश का असर भी माना जा रहा है। बढ़ते जलस्तर की बात करें तो गुरुवार का कई घाटों के सम्पर्क मार्ग पर भी लहरें पहुंच गई हैं। वाराणसी में चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर और खतरे का निशान 71.26 मीटर है। फिलहाल अभी चेतावनी बिन्दु से गंगा का जलस्तर नीचे है लेकिन तेजी से बढ़ते पानी को देखते हुए बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने भी तैयारी कर ली है। जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र एवं बाढ़ चौकियों का निरीक्षण कर सभी बुनियादी सुविधाओं को मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही गाजीपुर, बलिया, मिर्ज़ापुर में भी गंगा के जलस्तर में बढ़ाव का रूख बना हुआ है। प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। आज सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 74.89 मीटर दर्ज किया गया। यहां गंगा में चेतावनी बिंदू 83.734 मीटर और खतरे का निशान 84.73 मीटर है। हालांकि फाफामऊ में नदी का पानी बढ़ा है और गंगा 76.80 मीटर पर बह रही है।

# बिसवां बार एसोसिएशन ने किया नवागत उप जिलाधिकारियों का भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां ( सीतापुर ) । बिसवां बार एशोसिएशन के तत्वाधान में नवागत उप जिलाधिकारी बिसवा शिखा शुक्ला,उप जिलाधिकारी न्यायिक बिसवा अवनीश कुमार के स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम का बार एसोशिएशन अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व आयोजन मे आयोजन किया गयाद्य नवागत उपजिलाधिकारी बिसवा शिखा शुक्ल ने कहा शासन की मंशा के अनुरूप गरीबो को त्वरित न्याय दिलाने में न्यायालय के साथ ही अधिवक्ताओं की अहम भूमिका है। देर से मिला न्याय पीड़ित पक्ष को लाभकारी नहीं हो सकता है। उप जिलाधिकारी न्यायिक बिसवा अवनीश कुमार ने कहा कि अधिवक्ता और न्यायालय एक सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों में सामंजस्य आवश्यक है उप जिलाधिकारी प्रशासन शिखा शुक्ला



एवम उप जिलाधिकारी न्यायिक अवनीश कुमार को बार अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव,वरिष्ठ एडवोकेट अशोक पुष्प,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, ज्येष्ठ उपाध्यक्ष इंतिखाब आलम सिद्दीकी,नीरज कुमार श्रीवास्तव ,संतोष कठेरिया ने सम्प्रति चिन्ह भेंट कर स्वागत कियाद्य एडवोकेट बृजेश नारायण गुप्ता व पुर्व अध्यक्ष आर एन सिंह ने संबोधित किया। नवागत अधिकारियों का बार एसोशिएशन बिसवा के राज किशोर यादव,पुत्ती लाल वर्मा, कैलाश श्रीवास्तव, सूर्य प्रसाद यादव,मनोज गुप्त,राजेश वर्मा, अनमोल मौर्य,प्रमोद श्रीवास्तव,प्रमोद यादव,विपिन यादव,राम किशोर वर्मा,अरुण श्रीवास्तव,अश्वनी श्रीवास्तव, शिशु पाल यादव, प्रदीप विश्वकर्मा,नावेद सिद्दीकी,गौरव सिंह,अभय अवस्थी,प्रदीप गौतम,फूलचंद्र,प्रीती श्रीवास्तव,अंजलि वर्मा,कीर्ति शुक्ला आदि अधिवक्ताओं ने बैज अलंकृन कर स्वागत किया।

# 08 घंटे के अन्दर हत्या की घटना का सफल अनावरण, चार अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर, अंकुर अग्रवाल द्वारा आज सुबह थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बोलेरो में मिले 35 वर्षीय युवक के शव की घटना के संबंध में 05 टीमों का गठन कर घटना का शीघ्र अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा संकलित साक्ष्यों के आधार पर घटना में संलिप्त 03 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता 1. आशीष कुमार उर्फ शिवा पुत्र अरविन्द कुमार 2.रुपम भारती पुत्र राम खेलावन 3.अनुज मिश्रा पुत्र सुशील कुमार 4.मुस्कान पत्नी आशीष कुमार निवासीगण ग्राम बाल्दा थाना कोतवाली नगर सीतापुर को बाल्दा रोड कालोनी निकट मस्जिद के पास से समय 16.30 बजे गिरफ्तार किया गया है। आज सुबह करीब 08.00 बजे थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत जिला अस्पताल के बगल में सफ़ेद रंग की बोलेरो ठघ 34 इउ 6270 में पिछली सीट पर एक आदमी का शव मिला था, सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था एवम् प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 188/25 धारा 105 बीएनएस पंजीकृत करते हुए घटना में सलिंप्त सभी 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर निशानदेही पर एक अदद आला कत्ल डंडा, त्रिशूल टूटा हुआ तीन टुकड़े में पीतल तथा मृतक का मोबाइल व उसका हाफ पैंट बरामद किया गया है। अभियुक्त आशीष कुमार उर्फ शिवा एवं मृतक जितेन्द्र पासी उर्फ अमित कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र रामकिशोर निवासी इमिलिया थाना महोली जनपद सीतापुर के बीच में आपत्तिजनक चैट जरिये व्हाट्सएप हो रही थी जो अभियुक्त के फोन में मिली है। उन्हीं आपत्तिजनक चैट के क्रम में मृतक जितेन्द्र अभियुक्त आशीष कुमार से मिलने यहां पर आया था जिसमें किसी बात पर इन लोगों के मध्य कहासुनी हो गयी। आशीष तथा आशीष की पत्नी मुस्कान, रुपम और अनुज द्वारा जितेन्द्र के साथ मारपीट की गयी, जिससे जितेन्द्र को गम्भीर चोटें आयी। मृतक जितेन्द्र को आशीष व उसकी पत्नी मुस्कान के कहने पर रुपम और अनुज द्वारा मृतक की बोलेरो में बैठाकर वापस आशीष के घर छोड़कर चले गये । साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय किया जा रहा है।

# मां के नाम जरूर लगायें पौधा: निर्मल वर्मा विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। वन विभाग के बिसवां रेंज अन्तर्गत उदासीन संगत हसनापुर में वृहस्पतिवार को वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा द्वारा संगत में आम के पौधे का रोपड़ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला द्वारा आंवला, अधिशाषी अभियंता नगर पालिका परिषद बिसवां द्वारा आम,अवर अभियंता समरा सईद द्वारा महोगनी तथा ग्राम प्रधान सरैंय्या मिर्ज़ापुर नीतू यादव द्वारा इमली का पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि हम सभी को अपनी अपनी मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने पेड़ के महत्व को समझाते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा महुआ, आम, इमली व बहेड़ा आदि पेड़ों को लगाया गया था परन्तु अब वन विभाग द्वारा सही वृक्षों का




रोपड़ कराया जा रहा है। उपस्थित ग्रामीणों से यह अपेक्षा की गई कि वह यह संकल्प जरूर निभायेंगे। इस मौके पर सभी को वृक्षों को संरक्षित रखने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय वन अधिकारी अहमद कमाल सिद्दीकी द्वारा यह बताया गया कि आगामी 24 जुलाई को इसी क्षेत्र में फलदार पौधों का रोपड़ कर खाद्य वाटिका बनाई जायेगी जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। इस अवसर पर वन महोत्सव में आये सभी अतिथियों को एक एक पौधा भेंट किया गया।

# ईसानगर के शिवपुर में निर्माणाधीन पानी की टंकी में जंग लगी सरिया का उपयोग, गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा खीरी । जनपद के ईसानगर विकासखंड के मजरा शिवपुर में निर्माणाधीन पानी की टंकी एक बार फिर सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रही है। टंकी के निर्माण में जंग लगी सरिया के प्रयोग का मामला सामने आने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुँचकर निर्माण कार्य का विरोध करते हुए ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण स्थल पर उपयोग की जा रही सरिया पर साफ तौर पर पुराना जंग लगा हुआ है, जिसे देख कर यह अनुमान लगाना कठिन नहीं कि निर्माण की नींव ही कमजोर डाली जा रही है। ऐसे में भविष्य में यह टंकी एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। गौरतलब है कि महज एक महीने पहले, ईसानगर क्षेत्र के ही शेखपुर गांव



में बनी पानी की टंकी धराशायी हो गई थी। जिससे जनहानि नहीं हुई परन्तु किसानों की खडी फसले डूब गई थी। उस घटना से लोग अभी उबरे भी नहीं थे कि अब शिवपुर में निर्माणाधीन टंकी की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। लगातार घटिया निर्माण और लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का विरोध और आरोपःमौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ठेकेदार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार व संबंधित विभागीय अधिकारी सिर्फ कमीशनखोरी में लिप्त हैं और निर्माण की गुणवत्ता से कोई सरोकार नहीं रखते। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रशासन से मांगः ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई

**जिले की स्वच्छ जल मिशन योजना लगा भ्रष्टाचार रूपी दीमक**

जाए और दोषी ठेकेदारों व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच होनी चाहिए ताकि जनता की मेहनत की कमाई से बने ये ढांचे सुरक्षित और टिकाऊ हों। शिवपुर में निर्माणाधीन टंकी ठेकेदारो द्वारा प्रशासन के जिम्मेदारों की बड़ी लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे जनहित की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं।

यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो ऐसी घटनाएं लोगों की जान और भरोसे दोनों को खतरे में डाल सकती हैं। ग्रामीणों की सजगता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अब जनता चुप बैठने वाली नहीं।

## फूलबेहड़: ताजिया की छठी पर जुलूस में नंगी तलवारों के साथ दिखे युवक

लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के अग्गर बुजुर्ग गांव में ताजिया की छठी के जुलूस में कुछ युवक नंगी तलवारों और धारदार हथियारों के साथ नजर आए। मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा, लेकिन हथियारों को लेकर कोई रोकटोक नहीं हुई। पहली बार इस तरह का प्रदर्शन देख लोगों में चिंता जताई जा रही है। मामले में सौहार्द्र बिगाड़ने की आशंका भी जताई जा रही है।

## आगामी त्योहारों को लेकर धारा 163 लागू

लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक शांति सुनिश्चित करने हेतु जिला मजिस्ट्रेट दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर 30 जून 2025 से 27 अगस्त 2025 तक जनपद लखीमपुर-खीरी में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (उगट्टट्ट) की धारा-163 (पूर्व की धारा 144) लागू कर दी गई है। यह निर्णय आगामी त्योहारों जैसे मोहर्रम, नाग पंचमी, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी सहित अन्य धार्मिक और सामाजिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, साम्प्रदायिक तनाव या भीड़ नियंत्रण में समस्या उत्पन्न न हो। प्रमुख बिंदु: सार्वजनिक स्थलों पर चार या अधिक लोगों के समूह में एकत्र होने पर प्रतिबंध।लाउडस्पीकर, जुलूस, हथियारों का प्रदर्शन, और भड़काऊ भाषणों पर पूर्णतः रोक। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या भड़काऊ पोस्ट साझा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी। थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश। धारा 163 के उल्लंघन की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएम का सख्त रुख: डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सभी संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतें, तथा त्योहारों के दौरान पीस कमेटी के सदस्यों के साथ लगातार संवाद बनाए रखें। पुलिस प्रशासन सतर्क: पुलिस अधीक्षक (ट्टघ) की ओर से भी सभी थाना क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है। संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी और ड्रोन कैमरों की मदद से भीड़भाड़ वाले इलाकों की निगरानी की जा रही है। नागरिकों से अपील: प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या प्रशासन को दें।

## खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन का बड़ा प्रहार, 300 छापे, 15 दुकानों के लाइसेंस रद्द

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीमों ने अब तक 300 से ज्यादा छापेमारी कर दी हैं। जांच के दौरान 70 नमूने लिए गए, 25 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस भेजे गए और 13 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। वहीं, 15 दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।

दर्ज, गोदाम सील, दोषी चिह्नित जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि एक विशेष कार्रवाई में एक गोदाम को सील किया गया, जहां अवैध भंडारण की पुष्टि हुई। मामले में कालाबाजारी से जुड़े एक व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रशासन की दो-टूक : बर्दाश्त नहीं होगी कालाबाजारी- सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से किसी भी स्तर पर खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए हैं कि कृत्रिम संकट पैदा करने वालों के खिलाफ बिना रियायत कठोर कार्रवाई की जाए। प्रशासन ने खाद वितरण केंद्रों और खुदरा दुकानों पर निगरानी बढ़ा दी है। हर ब्लॉक में उड़नदस्ते सक्रिय हैं और पुलिस व राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई की जा रही है।

## मार्ग पर पानी भरे होने से लोगो का निकलना मुश्किल

पसगवां खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक पसगवां से बरबर जाने बाले मार्ग पर गांव दुल्लापुर किसान के मेन चौराहे पर पानी का निकास न होने के कारण बारिश का गंदा पानी भरा हुआ है यह से निकलने बाले स्कूली बच्चे ब अन्य लोग अपनी जान जोखिम में डालकर यह से निकलते हैं रोजाना एक दो वाहन इसमें समा जाते है इसमें कई बैटरी रिक्शा व मोटरसाइकिले पलट चुकी है जिससे कई सवारियों के चोटे भी आ चुकी है इस गंदे पानी भरे होने से लोगो को डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों का भय बना हुआ है बही लोगो का कहना है कि इस मार्ग का कुछ दिन पहले कार्य चला था बाद में फिर बंद हो इस मार्ग से आने जाने बाले वाहन भी आने जाने को कतराते है जिससे लोगों को अपने घर तक पैदल ही सफर करना पड़ता है और जिम्मेदार भी संज्ञान नहीं ले रहे है।

# आगामी त्यौहारों पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । आगामी त्यौहारों/पर्वों पर साम्प्रदायिक सद्भाव, शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने खैराबाद, लहरपुर एवं बिसवां के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने खैराबाद में रोजा दरवाजा, माखूपुर, पुरानी बाजार, बाजदारी टोला एवं कर्बला आदि स्थलों पर रूटमार्च किया। कस्बा लहरपुर में चिक्की टोला एवं शाह चारमीना कब्रिस्तान (कर्बला) तथा कस्बा बिसवां में बाबा गुलजार शाह कब्रिस्तान एवं पत्थर शिवाला मंदिर, बड़ा चौराहा आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आगामी पर्वों एवं त्योहारों के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा अभी तक की गयी तैयारियों को देखा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने अपेक्षा की कि किसी भी नई परम्परा की शुरुआत न की जाये। ताज़िए की ऊंचाई निर्धारित ऊंचाई से अधिक न रखी जाये। निरीक्षण के दौरान आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा उपयोगी सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। आयोजकों ने शांति एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने हेतु प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन हेतु पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाए। ताजिया की ऊंचाई निर्धारित सीमा से अधिक न हो, और डीजे पर केवल धार्मिक भजन/संगीत का ही प्रयोग हो। किसी भी धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले संगीत को न बजाया जाये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता एवं प्रकाश हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ताजिये से संबंधित रूट का भी निरीक्षण किया तथा समुचित व्यवस्थाएं सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। पत्थर शिवाला मंदिर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मंदिर एवं कावड़ मार्गों पर सी0सी0टी0वी0, प्रकाश तथा बैरीकेटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बिसवां स्थित बड़ा चौराहा का निरीक्षण कर सी0सी0टी0वी0, बैरीकेटिंग एवं यातायात प्रबंध हेतु समुचित व्यवस्था करने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला सहित संबंधित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौकी प्रभारी बरबर से नहीं संभल रही चौकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पसगवां खीरी।जनपद लखीमपुर खीरी की कोतवाली पसगवां क्षेत्र के नगर पंचायत बरबर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी विमलेश पुत्र राजकुमार ने पुलिस को शिकायत में बताया कि मैने अपने खेत में काफी मेहनत करके करेला,तोरई,ककड़ी की फसल को तैयार किया बही बीती मंगलवार की रात चोर द्वारा करेला, ककड़ी,तोरई चुरा ली गई बुधवार की सुबह समय करीब 10 बजे मेरे खेत से कुछ ही दूरी पर मोहल्ला देवीस्थान बरबर निवासी परवेज पित्र पिप्पू खां उम्र करीब 16 वर्ष चोरी किए हुए चार पन्नी करेला, ककड़ी, तोरई आदि एक ऑटो पर बिक्री करने के लिए ले जा रहा था जिसे मैने पकड़ लिया और चौकी चलने को कहा इतने में ही




**चोर लगातार चोरी की घटना को दे रहे अंजाम पुलिस के हाथ खाली**

परवेज ऑटो छोड़कर कही भाग गया जिसने आज मेरा करीब पांच हजार रुपयों का नुकसान हुआ है इससे पूर्व में भी यह करीब चार हजार रुपयों का नुकसान कर चुका है। इस संबंध में चौकी प्रभारी बरबर बताया कि पीड़ित द्वारा तहरीर दी गई है जल्द ही आरोपी को पकड़ा जाएगा

बही इससे पहले नगर में गफ्फार पुत्र खलील खां की साइकिल व अनुराग पुत्र कौशल किशोर का इंटीगेटर , स्टाटर चोर चूरा ले गए थे जिसका पुलिस अभी तक खुलसा नहीं कर पाई है।

# 6 वर्षीया बालिका के साथ दुष्कर्म का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद (सीतापुर)। सदरपुर थाना अन्तर्गत एक कस्बे में बुधवार शाम एक छः वर्षीया बालिका के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बालिका को अस्पताल भेजकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सदरपुर के एक कस्बा निवासिनी अनुसूचित जाति की महिला जो अपने परिवार के भरण पोषण के लिए कस्बे में बाजार के पास एक दुकान चलाती है उसने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि उनकी छः वर्षीय पुत्री शाम लगभग 4 से 5 बजे के बीच बाजार में खेल रही थी इसी बीच पड़ोस में रहने वाला मुकेश पुत्र सुरेश कुमार गुप्ता वहां आ गया तथा बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर ले जाकर कमरे में बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची ने वहां से छूटने पर आकर रोते हुए अपनी मां को घटना की जानकारी देते हुए आपबीती बताई।मां ने तुरन्त 112 डायल को फोन कर जानकारी दी। थाना पुलिस को जानकारी होते ही थानाध्यक्ष मुकुल प्रकाश वर्मा, क्षेत्रीय उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह व अन्य पुलिस बल के साथ तुरन्त घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंच गये। इतने में ही पुलिस अधीक्षक उत्तरी रमेश कुमार



**बालिका का कराया गया मेडिकल परीक्षण**

**मौके पर थानाध्यक्ष, सी0ओ0 व एडिशनल एसपी पहुंचे**

सिंह भी तुरन्त मौके पर पहुंचे तथा जांच की। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बालिका को रात में ही अस्पताल भेजकर मेडिकल कराया गया है। पीड़िता की मां ने सदरपुर थाने में लिखित तहरीर दी है। इसी परिप्रेक्ष्य में वृहस्पतिवार को भी पुलिस क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव सदरपुर थानाध्यक्ष मुकुल प्रकाश वर्मा व क्षेत्रीय उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह एवं अन्य पुलिस बल के साथ पुनः घटना स्थल पर पहुंचे तथा जांच कर नक्शा बनवाया। उन्होंने पीड़िता की मां के भी बयान रिकॉर्ड किये। इसके बाद पीड़िता के कमरे पर जाकर महिला आरक्षी के साथ पीड़ित बालिका का बयान रिकॉर्ड किया। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि जांच एवं कार्यवाही प्रचलित है।

## चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बच्चों को साइबर अटैक बचाव की दी गई जानकारी

अमेठी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव द्वारा एमजेएस मेमोरियल ग्रीन वैली स्कूल गौरीगंज में छात्र छात्राओं को साइबर अटैक या मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिये 1098 सेवा के बारे में एवं साइबर अटैक से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को बताया कि किसी अनजान व्यक्ति को ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी पासवर्ड व ईमेल संबंधित जानकारी साझा ना करें ना ही आनलाइन बात करें, विद्यार्थी सोशल साइट पर अपनी निजी तस्वीर डालने से बचें, बदले की भावना के प्रति खतरे में पड़ सकते हैं इससे बचना चाहिये।रोशन लाल ने 1098 टोल फ्री नंबर के बारे में बताया कि यह साल के तीन सौ पैंसठ दिन चौबीस घंटे रात दिन की सेवा है जिस पर आप नि:शुल्क फोन कर सकते हैं।रुचि सिंह ने 112, 1076, 1090, 181, 108 की जानकारी दी गई एवं कन्या सुमंगला व स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में बताया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप कुमार मौर्य एवं कमला कांत तिवारी व साक्षी सिंह ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# विद्यालय बंद करने से होगा शिक्षा के मौलिक अधिकारों का हनन: राजेश शुक्ला

**अध्यक्ष जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देशानुसार आज मनोज कुमार पाण्डेय, विधायक ऊंचाहार/पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं श्याम सुन्दर भारती,विधायक बछरावां को संगठन द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को बंद किए जाने के संबंधित ज्ञापन ऊंचाहार अध्यक्ष दिनेश सिंह,जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह,गौरा अध्यक्ष शैलेश पाण्डेय,रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला व महाराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी,शिवगढ अध्यक्ष गयेन्दु सिंह,बछरावां अध्यक्ष अमन शुक्ला द्वारा सौंपा गया।जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मनमानीपूर्ण तरीके से शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करके विद्यालय बंद करने का काम किया जा रहा है,आरटीई एक्ट और एसएमसी को एकदम नजरंदाज कर दिया गया है। अध्यक्ष जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे। जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि संविधान कहता है कि बच्चों को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जनपदीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह व अनुराग शुक्ला ने कहा कि विभाग कैसे मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद कर सकता है।जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई व संघर्ष समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि विभाग आज मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद करने पर आमादा है। जनपदीय उपाध्यक्ष/ऊंचाहार अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि आरटीई एक्ट कहता है कि प्रत्येक बच्चे को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला ने कहा कि विभाग अपनी मनमानी के आगे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी करके आनन फानन में गुप चुप तरीके से मर्जर आदेश बांटे जा रहे हैं। गौरा अध्यक्ष शैलेष पाण्डेय ने कहा कि संगठन का संघर्ष का इतिहास रहा है,संगठन इसकी भी लड़ाई लड़ेगा। जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह ने कहा कि इस उत्पीडन के खिलाफ क्रमबद्ध लड़ाई लड़नी पड़ेगी। जनपदीय उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी व सुधीर सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी,ग्राम प्रधान,विद्यालय प्रबंध समिति,अभिभावकों की आवाज को बुलंद किया जाएगा।

## तीन वाहनों की टक्कर, बस पलटी, पिकअप क्षतिग्रस्त, 17 यात्री घायल

उन्नाव। पीटीसी काली मिटटी थाना क्षेत्र अंतर्गत एफ-84 के पास गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक, मुर्गी दाने से लदी एक पिकअप व प्राइवेट बस को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्राइवेट बस सड़क किनारे पलट गई, जिसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में लगभग 17 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस व एम्बुलेंस को दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस बल और कई एम्बुलेंस पहुंचीं। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल सीएचसी सफीपुर और सीएचसी फतेहपुर 84 में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।बता दे कि घटना के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन पुलिस की तत्परता से जल्द ही यातायात व्यवस्था दोबारा सुचारु कर दी गई। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए क्रेन की मदद ली गई, जिससे मार्ग पूरी तरह से साफ कराया गया। इस हादसे के बारे में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी (सीओ) सफीपुर मधुप नाथ मिश्रा ने बताया कि ट्रक की टक्कर से हादसा हुआ है। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं।

## दीपक गुप्ता एसडीएम सदर का पदभार संभाला



गोरखपुर। 2023 बैच के पीसीएस अधिकारी दीपक गुप्ता एसडीएम सदर का पदभार संभाला। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने श्री गुप्ता पर भरोसा करते हुए सदर तहसील का एसडीएम नियुक्त किया श्री गुप्ता अपने कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभालते ही कार्यालय में विचाराधीन,अधूरा, बाकी फाइलों पर हस्ताक्षर कर निस्तारण करने का कार्य किया। श्री गुप्ता 2023 में उप जिला अधिकारी खजनी न्यायिक का पदभार ग्रहण किया था इनके कार्यों को देखते हुए डीएम ने सहजनवा की जिम्मेदारी सौंपी थी आज जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने श्री गुप्ता के ईमानदारी निष्पक्ष कार्यों को देखते हुए जनपद के महत्वपूर्ण तहसील सदर का एसडीएम नियुक्त किया श्री गुप्ता ने बताया कि शासन और जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिए गए दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए सदर तहसील अंतर्गत शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए चौमुखी विकास करने में अपना अहम योगदान देंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय ने जो दायित्व सौंपा है उसे ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए आम जनता की समस्याओं का समाधान करने का कार्य करेंगे कार्यालय में आने वाले जनता की समस्याओं का समाधान बिना किसी भेद भाव के निस्तारण करने का कार्य करेंगे। सदर तहसील के किसी कर्मचारियों के काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं का शत-प्रतिशत पालन कराना ही पहला कर्तव्य होगा। आम आदमी की समस्याओं का निस्तारण कराना व त्वरित न्याय पर ध्यान दिया जाएगा शासन की योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वित कराना हमारा मुख्य उद्देश्य रहेगा जिससे सदर तहसील का चौमुखी विकास हो सके।

## दक्षिण भारत के 50 विद्यार्थी बुंदेलखंड से होंगे परिचित

झांसी। केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित छात्र अध्ययन यात्रा के लिए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी का चयन किया गया है। इस यात्रा में दक्षिण भारत तथा अहिन्दी भाषी राज्यों के 50 विद्यार्थी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। इस तीन दिवसीय यात्रा में यह सभी विद्यार्थी बुंदेलखंड के साहित्य, संस्कृति, कला, वेशभूषा, इतिहास, भोजन आदि से परिचित होंगे। विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी दी जाएगी।तीन दिवसीय यात्रा का शुभारंभ चार जुलाई को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडे तथा दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर रचना विमल द्वारा किया जाएगा। सभी आगंतुक विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया जाएगा। उन्हें तीन दिनों में होने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बुंदेलखंड और उसके महत्व के बारे में समझाया जायेगा।कार्यक्रम के संयोजक कला संकायाध्यक्ष प्रो. मुन्ना तिवारी ने बताया कि यह बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है कि भारत सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण अध्ययन यात्रा के लिए केंद्र के रूप में विश्वविद्यालय परिसर को चुना गया है। कुलपति के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारत सरकार द्वारा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को चयनित करना इस बात का प्रमाण है। हम प्रयास करेंगे की तीन दिनों में हम दक्षिण भारत से आए विद्यार्थियों को बुंदेलखंड की गौरवशाली परंपरा और संस्कृति से परिचित करवा पाएं।

# बीजेपी की सरकार बच्चों की शिक्षा व्यवस्था के साथ कर रहे खिलवाड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। उप्र रायबरेली जनपद में भीम आर्मी चंद्रशेखर रावण आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं में बीजेपी सरकार के द्वारा प्राथमिक विद्यालय बंद किए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन दे रहे। भीम आर्मी के संगठन शिक्षा व्यवस्था को धूमिल करने की जो भूमिका योगी आदित्यनाथ शिक्षा व्यवस्था को लेकर विद्यालय बंद करवाने संबंधी तरीका अपनाया जा रहा है यह बिल्कुल पूरी तरह से गलत साबित हो रहा है क्या उत्तर प्रदेश की जनता अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए गरीब उच्च शिक्षा की व्यवस्था प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मुहैया करवाया जाता है। विद्यालय बंद करवा जाने को लेकर गरीब परिवार अपने बच्चों को शिक्षा कहां दे पाएंगे ना उनके पास इतने पैसे होंगे। प्राइवेट विद्यालय में एडमिशन करवाने के लिए किताबें लेने के लिए और घर का पालन पोषण मेहनत मजदूरी करके लगातार जो गरीब अपने परिवार का खर्चे चलाते हैं ऐसी हालत में मुश्किल होगा प्राइवेट विद्यालय में पढ़ा लिखा तैयार करना नौकरी तो दूर जो युवा पढ़ लिखकर बिल्कुल नौकरी के मंजिल के करीब खड़े हैं । उन्हें सरकार नौकरी नहीं नसीब करवा पा रही आईएएस पीसीएस की नौकरी जातिवाद के आधार पर दी जाती है। जिसका नाम आरक्षण रखा गया है एससी समुदाय के लिए आरक्षण भारतीय जनता पार्टी की नजर में नासूर बन गया क्या यही हमारे देश की नैतिकता और व्यवहार है। सरकार कहती है सबका साथ सबका विकास क्या यही विकास है जब हमारे देश में शिक्षा व्यवस्था सही नहीं होगी तो क्या क्या तरक्की कर पाना मुश्किल होगा सरकार से निवेदन है । छोटे बच्चों और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करें जिससे उनके भविष्य उज्जवल हो सके । शिक्षा के नाम पर राजनीतिक मुद्दा ना बनाया जाए।

# अपर आयुक्त अजय राय ने ग्रहण किए पदभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। अपर आयुक्त अजय कुमार राय को मंडलायुक्त ने पदभार ग्रहण कराया 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी अजय कुमार राय को मंडलायुक्त कार्यालय में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा से पदभार ग्रहण कराया नवागत अपर आयुक्त ने बताया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में मंडलायुक्त महोदय द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने न्यायालय के कार्यों को निष्पक्ष ईमानदारी पूर्वक गुण दोष के आधार पर निस्तारण करने का कार्य करेंगे जिससे हमारे न्यायालय के वादकारियो को न्याय संगत न्याय मिल सके। श्री राय ने बताया कि हमारे कार्यालय में आने वाले हर फरियादियों के लिए दरवाजा खुला हुआ है हर फरियादी की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा अधिवक्ता गणों से सामंजस बनाकर न्यायालय के कार्यों को सुचारू रूप से चलाया जाएगा जिससे अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया जा सके। अपर आयुक्त अजय कुमार राय प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ में ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे इससे पूर्व बदायूं लखनऊ कानपुर देहात नगर निगम लखनऊ में अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर चुके हैं श्री राय समाज कल्याण और जीएसटी में भी ईमानदारी पूर्वक अपनी सेवा दे चुके है।

# दस दिवसीय निशुल्क कार्यशाला का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा प्रायोजित भारतेंदु नाट्य अकादमी, संस्कार भारती अवध प्रांत और गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून से 10 दिवसीय नि:शुल्क कार्यशाला का आयोजन गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रायपुर चौराहा, रायबरेली के प्रांगण में अनवरत किया जा रहा है। इस संगीतमय रंगमंच कार्यशाला का प्रशिक्षण संगीत नाटक अकादमी, उत्तर प्रदेश से सम्मानित, संस्कार भारती अवध प्रांत के नाट्य सदस्य, संगीतमय नाट्य प्रस्तुतियों के लेखक, अभिनेता व निर्देशक "अमित दीक्षित राम जी के निर्देशन में "''रामायण के संग, नौटंकी के रंग शीर्षक से अभिनय, संगीत व नृत्य की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। प्रबंधक विमल तलरेजा ने बताया कि इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को अभिनय, गायन व नृत्य विधा की बारीकियों से परिचित कराया जा रहा है। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार अवस्थी ने कहा कि इस कार्यशाला में अभिनय के विषय में गहनता से बताया जा रहा है। विनोद अग्निहोत्री, कॉर्डिनेटर रंजना साहू, गोविंद सोनी, तमन्ना सिंह, शशि सिंह, दिव्या सिंह, संगीताचार्य रामकृष्ण, चंद्र कुमार, आशीष शुक्ल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस 10 दिवसीय प्रस्तुतिपरक कार्यशाला के समापन के उपरांत भारतीय संस्कृति, प्रभु श्रीराम और इन बच्चों की प्रतिभा से जनमानस को परिचित कराने के उद्देश्य से 7 जुलाई, 2025 को इन्हीं छात्रऽछात्राओं द्वारा भव्य संगीतमय नाट्य प्रस्तुतिसियाराम मय सब जग जानी का मंचन भी विद्यालय प्रांगण में शहर के बुद्धिजीवी व गणमान्य लोगों के मध्य किया जाएगा। अतः उक्त आयोजन में आप अपने सम्मानित समाचार पत्र से प्रेस रिपोर्टर व प्रेस वार्ता हेतु छायाकार को भेजने का कष्ट करें। 1 जुलाई से 7 जुलाई, 2025 समयः प्रातः 9 से 12 बजे स्थानः गोपाल सरस्वती, विद्या मंदिर, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतापुर चौराहा, रायबरेली।

# वृक्षारोपण महाकुम्भ में रोपित किये जाएंगे 75 लाख 11 हज़ार 940 पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। बुधवार को देर शाम विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित जिला पर्यावरण समिति की बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा जनपद को 75 लाख 11 हज़ार 940 पौधे रोपित किये जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। डीएफओ ने बताया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष वन प्रभाग बहराइच द्वारा 2051000 व कतर्नियाघाट द्वारा 952000 कुल 7511940 पौधे रोपित किये जाएंगे। जबकि जिले के अन्य विभागों को 45 लाख 08 हज़ार 940 पौध रोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है।जनपद में वन विभाग को छोड़कर शेष विभाग के लिए आवंटित लक्ष्य की जानकारी देते हुए डीएफओ श्री सिंह ने बताया कि पर्यावरण विभाग को 155600, ग्राम्य विकास विभाग 2836000, पंचायती राज 367000, आवास विकास 1000, औद्योगिक विकास 2000, नगर विकास 50000, लोक निर्माण 17000, सिंचाई एवंज ल संसाधन 50000, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति 8500, रेशम को 28000, कृषि 570000, पशुपालन 12000, सहकारिता 11760, उद्योग 11000, ऊर्जा 2000, माध्यमिक शिक्षा 16000, बेसिक शिक्षा 25000, प्राविधिक शिक्षा 7000, उच्च शिक्षा 27000, श्रम 26000, परिवहन 2400, माध्यमिक शिक्षा 9480, बेसिक शिक्षा 10480, प्राविधक शिक्षा(पालीटेक्निक) 2000, श्रम विभाग 2600, स्वास्थ्य विभाग 17000, परिवहन विभाग 2400, रक्षा विभाग 12000, उद्यान 323000 व गृह विभाग को 8120 पौध रोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। डीएफओ ने बताया कि लक्षित विभागों को इंडेन्ट जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने विभागवार पौध उठान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि पौधरोपण के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाय। उन्होंने कहा कि भूमि की उपलब्धता के अनुसार लक्ष्य से अधिक भी पौधे रोपित करने का प्रयास किया जाय। डीएम ने कहा कि रोपित किये गये पौधों की सुरक्षा के लिए भी सभी आवश्यक प्रबन्ध किये जाय। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि पौधरोपण हेतु विभागीय नोडल अधिकारी नामित कर उसकी सूचना वन विभाग को उपलब्ध करा दें, ताकि नोडल अधिकारी वन विभाग से समन्वय कर सफलता पूर्वक पौध रोपण करा सुनिश्चित करें। डीएफओ को भी निर्देश दिया गया अभियान हेतु विभाग में नामित नोडल अधिकारियों की सूची लक्षित विभागों को प्राप्त करा दें। बीडीओ को निर्देश दिये गये कि पौधरोपण हेतु चिन्हित स्थलों के माइक्रोप्लान तैयार कर उपायुक्त मनरेगा को उपलब्ध करा दें। डीएम ने सभी ग्राम पंचायतो में हरीशंकरी का पौध लगाये जाने के भी निर्देश दिये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, डीपीआरओ सर्वेश कुमार, बीएसए आशीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी सहित बीडीओ व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# मियागंज चौराहे का नामकरण महाराना प्रताप चौराहा को लेकर चलायेंगे मुहिम: सौरभ तिवारी

**सहकार भारती पदाधिकारी गणों की बैठक में मियागंज चौराहे का नामकरण महाराना प्रताप चौराहा करते हुए उनकी भव्य प्रतिमा चौराहे पर लगवाने की मांग की गयी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। राष्ट्रवादी स्वाभिमानी अप्रतिम वीर महाराणा प्रताप कूटनीतिज्ञ, रणनीतिज्ञ, मानसिक व शारीरिक क्षमता में अद्वितीय थे। उनकी लंबाई 7 फीट और वजन 110 किलोग्राम था तथा वे 72 किलो छाती कवच, 81 किलो के भाले, 208 किलो की दो वजनदार तलवारों को लेकर चलते थे। उनकी जीवंत स्मृतिया काव्य के माध्यम से जनजन तक व्याप्त है, महराणा प्रताप जी की स्मृतियों को जीवंत रखते हुए उनकी स्मृति मे साहित्य एवं वीरों की धरती उन्नाव के मियागंज चौराहे का नामकरण महाराना प्रताप चौराहा करते हुए उनकी भव्य प्रतिमा चौराहे पर लगवाने की मांग सहकार भारती पदाधिकारी गणों की बैठक मे स्थानीय कार्यकर्ताओं ने की, संगठन मंत्री सौरभ तिवारी के कैम्प कार्यालय आसीवन मे हो रही बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्यामजी ने सहकारिता को आज समृद्धि का आधार बताते हुए स्थानीय कार्यकर्ताओं सौरभ तिवारी संगठन मंत्री सहित सभी की मांग हेतु प्रयास करने आश्वासन दिया,,अध्यक्षता करते हुए सतीश गुप्ता विभाग संयोजक ने सहकारिता को महाराणा प्रताप की जीवन शैली का अंग बताते हुए उनकी वीरता को नमन किया, प्रदेश मंत्री श्रीकांत तिवारी ने कहा की अत्यंत शीघ्र मिया गंज के चौराहे पर मूर्ति की स्थापना हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि गणों और बुद्धिजीवी जनों के सानिध्य मे सतत अभियान संचालित किया जाएगा,, उक्त अवसर पर संजीव मिश्रा गोपाल शुक्ला सुरजन सिंह सुरेश राजपूत नन्हेलाल द्विवेदी राजेन्द्र द्विवेदी गेंदेलाल लोधी कमलेश लोधी कैलास आनन्द कुमार प्रखर त्रिवेदी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे

# पुलिस टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाराजगंज, रायबरेली। थाना क्षेत्र के राजकीय बालिका हाई स्कूल मऊ में गुरवार को थानाध्यक्ष प्रशांत दुबेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान एसएसआई रवि पवार, महिला आरक्षी सीमा यादव, आरक्षी पवन कुमार आदि मौजूद रहे। आपको बता दे कि, आज गुरुवार को थाना क्षेत्र के मऊ गांव स्थित राजकीय बालिका हाई स्कूल में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत पुलिस ने छात्राओं को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कोतवाल प्रशांत द्विवेदी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके, साइबर अपराधों से बचने के उपाय और महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्रों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बीच का अंतर भी समझाया। कोतवाल ने छात्राओं को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बीच का अंतर समझाया, कहा कि, छात्राएं शारीरिक शोषण को पहचान कर उसका विरोध करें, आवश्यकता पड़ने पर पुलिस की मदद भी लें। उन्होंने कार्यक्रम का उद्देश्य समझाते हुए कहा कि, छात्राओं को सशक्त बनाना और उन्हें सुरक्षित महसूस करना था। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को यह भी बताया कि, वह किसी भी समस्या के लिए उन पर भरोसा कर सकती हैं और अपनी बात उन तक पहुंचा सकती हैं। कार्यक्रम में मौजूद महिला आरक्षी सीमा यादव ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मौजूद छात्राओं को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। उनके द्वारा आत्मरक्षा के तरीके बताएं गए और छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कुछ सरल और प्रभावी तकनीकें भी सिखाई गई, ताकि वह किसी भी अप्रिय स्थिति का सामना कर सकें। एसएसआई रवि पवार ने छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न और अन्य साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताएं। उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 जैसे आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। ताकि वह जरूरत पड़ने पर तुरंत पुलिस की सहायता मांग सकें। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा सिंह, शिक्षिका अर्चना सिंह, सत्यवती समेत छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# हलधरमऊ में मनरेगा योजना में चल रहा लूट का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। विकासखंड हलधरमऊ की ग्राम पंचाय तों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़का लगाने में विख्यात हो चुके एपीओऔर तकनीक सहायक के बारे में ग्राम पंचायतों के मनरेगा मजदूरों में आम चर्चा रहती है कि व ह जिस ब्लॉक में तैनाती होती है वहीं पर मनरे गा मजदूरों के हितों को रौंदकर उनकी फर्जी हा जिरी लगाकर बगैर काम किये ही उनकी फोटो अपलोड करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं।ऐसा ही मामला विकासखंड हलधरमऊ की ग्रा म पंचायत सोनवार,बारवलिया कुर्मी,धोबहाराय,खानपुर,निदुरा,नगवा कला, वीरपुर, उमरिया, मलौना, मैजापुर, का प्रकाश में आया है जहां ऑनलाइन हाजिरी में फर्जी फोटो अपलोड कर ने से न हीं चूके।मिली जानकारी के अनुसार वि कास खण्ड हलधर मऊ की ग्राम पंचायतो में मनरेगा की हाजिरी बड़ा फर्जी वाड़ा हो रहा है।बानगी के तौर पर ग्राम पंचायत सोनवाऱ में 30 श्रमिकों की हाजिरी के

**हलधरमऊ ब्लॉक में मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े की अगर जांच हो जाए तो बीडीओ,एपीओ और तकनीक सहायक आएंगे जांच के दायरे में**

**मनरेगा योजना में फर्जीबाड़ा कराने के मास्टर माइंड बताये जाते एपीओः सूत्र**

लिए धरातल पर एक भी श्रमिक को नहीं लगाया गया है मौके पर कार्य तो बंद पड़ा है लेकिन एक ही लोगो खड़ा करके एक ही फोटो दर्शाकर का मस्टर रोल अप लोडकर दिया गया है।ऐसा मामला ऑनलाइ न पकड़ में आ या है।वही हालत यह है कि का म कोई और करें और फोटो किसी और की अ



पलोड हो रही है।महिलाओं के नाम में पुरुषों की हाजिरी वाली फो टो दर्शाई जा रही है।यह हाजिरी ऑनलाइन में रोज गार सेवक या मेट करते है।वही लोगों ने बताया कि हाजिरी में ज मकर फर्जीवाड़ा हो रहा है।एक ही फोटो कई मस्टर रोल में अपलोड कर दी जा रही हैं।इस समय हलधर मऊ ब्लॉक क्षेत्र की सोनवार, बरवलिया कुर्मी,धोबहा राय, खानपुर, निदुरा, नगवाकला, वीरपुर, उमरिया, मलौना, मैजापुर, इन गाँवो में जोर शोर से नाला सफाई, सड़क पर मिट्टी पटाई और तालाब खुदाई,समतली करण सहित अन्य काम चल रहा है।इसमें फर्जीवाड़ा भी चल रहा है।कही पर महिला व पुरुषों की हाजिरी पोर्टल पर अपलोड की गई।लेकिन पोर्टल पर बार- बार फोटो एक ही अप लोड कर कई मस्टर रोल में दिखा दिया गया है।जो कि बड़े आश्चर्य की बात है।इससे साफ हैकि अधिकारियों ने निगरानी नहीं की है।इससे साफ जाहिर होता है कि बीडीओ,एपीओ और तकनीक सहायक की मिली भगत से हलधर ब्लॉक में बड़े स्तर पर मनरेगा योजना में लूट मची हुई है।

### क्या कहते हैं मंडलायुक्तदेवीपाटन

मंडलायुक्त शशि भूषण लाल ने कहा कि अगर इस तरह का मामला है तो कड़ी कार्य वाही होगी,दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।शा सन द्वारा संचा लित योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### पारदर्शी व्यवस्था में सेंधमारी लगाने से नहीं चूके

हलधरमऊ ब्लॉक में कई ग्राम पंचायतो में जो श्रमिकों की जो फोटो अपलोड की गई है,उनके पास न तो फावड़ा है न डलिया है और न ही अ न्य उपकरण,फिर भी जिम्मेदारों ने नेशनल मो बाइल मॉनिटरिंग सिस्टम पर फर्जी फोटो अप लोड कर काम करते दर्शा दिया है कि मनरेगा के वेब पोर्टल और मॉनिटरिंग सिस्टम पर जो फोटो अपलोड की गई है।सूत्रों के मुताबिक फो टो किसी तलाब में खड़ा करके की है,और पुरा नी है।वर्तमान में कोई कार्य महीनों से नहीं हुआ है।सूत्र बता रहें है कि अपलोड की गई पोटो प्रा रंभिक जांच में पोटो से फोटो खींचकर अप लो ड किए जाने की पुष्टि हुई क्लस्टर प्रभारी और एपीओ कितने संजीदगी से निगरानी कर रहे है यह स्पष्ट नजर आ रहा है।

## सर्पदंश से महिला की हुई मौत



फखरपुर, बहराइच । थाना बौंडी क्षेत्र के नन्दवल ग्राम सभा में आज सुबह लगभग साढ़े तीन बजे महिला को जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे महिला की मौत हो गई।परिवार वालों का रोरोकर बुरा हाल है। बताते चलें नन्दवल निवासी विवेक गौड़ की पत्नी क्षमा देवी उम्र 25 वर्ष रात को खाना खाकर परिवार के साथ छत पर सोने चली गई।कि सुबह तीन बजे पानी बरसने लगा। नीचे आने पर कमरे में फर्स पर लेट गई।कमरे में बैठे जहरीले साप ने पीठ में काट लिया। महिला ने परिवार वालों को बताया साप ने पीठ में काट लिया। उस की तबियत बिगड़ने लगी दो पलटियां भी हो गई।जिस पर परिवार वाले आनन फानन में जिला अस्पताल बहराइच ले गए।डाक्टरों ने हालात गम्भीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया। जिससे उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर घर वालों से जानकारी लेकर रिपोर्ट उच्च अधिकारी को प्रेषित करने को कहा। महिला की गोद में तीन साल की एक बच्ची भी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बहराइच पी एम हाउस भेज दी गई है।

# तीन बच्चों के पिता साली को लेकर हुआ फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के चुंगी नाका मेवतियान क्षेत्र में रह ने वाली फरहीन के लिए 29 जून की दोपहर ए क आम दिन थी। उसके पति इम्तियाज ने घर से निकलते वक्त कहा,''मैं पासपोर्ट बनवाने जा रहा हूं।'' लेकिन यह झूठ था। कुछ ही घंटों बाद पता चला कि वह अपनी ही छोटी साली यानी फरही न की बहन नैना को लेकऱ फुर्र हो गया है। फर हीन के मुताबिक,कहा कई बार फोन किया, ले किन न उन्होंने फोन उठाया और न बाद में मो बाइल ऑन किया।फिर मुझे खबर मिली कि वो मेरी छोटी बहन के साथ फुर्र हो गए हैं।



### एक नहीं, तीन बच्चों को छोड़कर भागा बाप

फरहीन और इम्तियाज के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं।सबसे बड़ा बच्चा महज साढ़े तीन साल का है,दूसरा चौदह महीने और तीसरा अभी सिर्फ ढाई महीने का है फरहीन का आरोप है कि पति और बहन पिछले एक साल से रिलेशन में थे।म गर उसने रिश्तों पर यकीन किया बहन ने अपने घर में बहन को पनाह दी और अब वही अपनी बहन उसका घर बर्बाद कर गई है।

### सब्जी वाले की दर्जी साली का, अजब प्रेम की गजब कहानी

इम्तियाज खान गोंडा में सब्जी बेचने का काम करता था,जबकि उसकी साली नैना घर में ही सिलाई का काम करती थी।फरहीन बताती हैं, ''मैंने कभी सोचा नहीं था कि मेरी बहन ही मेरा सब कुछ छीन लेगी।मैं उसे अपनी बेटी की तर ह मानती थी और आज उसी ने मुझे तीन बच्चों के साथ अकेला करवा दिया है।इस पूरे मामले में फरहीन ने गोंडा नगर कोतवाली में तहरीर दी है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारी के मुताबिक दोनों की तला श कर रहे हैं।जल्द ही उनका पता लगाकर का नूनी कार्रवाई की जाएगी।दिल को छू लेने वाली बात यह है कि फरहीन अब भी अपने पति को वापस अपनाने को तैयार है।उसका कहना है मैं चाहती हूँ कि मेरी बहन और मेरे पति दोनों वाप स आ जाएं।मैं अपने बच्चों के लिए सब कुछ स हने को तैयार हूँ इस बात को समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि रिश्तों में जब विश्वा स टूटता है तो सिर्फ दिल नहीं घर भी उजड़ जा ते हैं।

# गौशालाओं में हरिशंकरी एवं सहजन के वृक्षों का होगा वृक्षारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न गो-आश्र य स्थलों के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयो जित की गई है।जिलाधिकारी ने बैठक में गो--आश्रय स्थलों में पाई गई कमियों पर गहरी चिं ता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप निराश्रित एवं बेस हारा गोवंश की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरी क्षण के दौरान कुछ स्थलों पर चारे,पानी,शेड तथा साफ-सफाई की व्यवस्था में कमी पाई गई थी,जिसे शीघ्र ही दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक गो आश्रय स्थल पर प्रतिदिन गोवंश की गणना, उ नके स्वास्थ्य की



निगरानी,टीकाकरण एवं चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।उन्होंने पशु पालन विभाग को निर्देशित किया कि वे नियमि त रूप से सभी गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण करें और निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों,नगर पालिका अ धिकारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से भी गो-सेवा में सक्रिय सहभागिता की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक कार्य नहीं,बल्कि समाज का नैतिक दायित्व भी है कि निराश्रित गोवंश की समुचित देखभाल सुनिश्चि त की जाए।बैठक के दौरान जनपद के सभी गौशालाओं में हरिशंकरी एवं सहजन के वृक्षों का वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए गए हैं,तथा निरीक्षण में पाई गई कमियां,शेड की मरम्मत, भूसा गोदाम की मरम्मत,पानी की टंकी एवं चा रा नाद की मरम्मत,फ्रेसिंग की मरम्मत,अप्रोच्य रोड व खडंजा निर्माण,विद्युत कनेक्शन,जल भ राव की समस्या,सोलर लाइट तथा सोलर पंप आदि सभी व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त क रने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के गो-आश्रय स्थलों का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक सुधार कार्यों को शीघ्र पूरा करें तथा सप्ताहिक रिपोर्ट उनके कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

# उपायुक्त खाद्य ने बहुवन मदारमाझा की दुकान आवंटन पर लगाई रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । देवीपाटन मंडल की खाद्य उपायुक्त ने कर नैलगंज तहसील क्षेत्र की बहुचर्चित उचित दर दुकान आवंटन प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है।न्यायालय उपायुक्त खाद्य,देवीपाटन मंडल में लंबित अपील पर सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया गया है,जिसमें उप जिलाधिकारी करनैलगंज द्वारा जारी दुकान आवंटन आदेश के क्रियान्वयन एवं प्रभाव को आगामी सुनवाई तक स्थगित



कर दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलम बनाम सरकार आदि शीर्षक से दायर अपील में याचिकाकर्ता नीलम ने यह आरोप लगाया था कि बीस जून 2025 को साधना सिंह पत्नी चन्द्रहास सिंह,अध्यक्ष स म्मान महिला स्वयं सहायता समूह के पक्ष में जारी उचित दर दुकान की नियुक्ति आदेश नि यमों के विरुद्ध है।यह अपील उत्तर प्रदेश आव श्यक वस्तु (विक्रय एवं वितरण नियंत्रण का विनियमन) आदेश 2016 की धारा 13(3) के अंतर्गत दाखिल की गई थी।खाद्य उपायुक्त विजय प्रभा की ओर से तीस जून को पारित आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अपील समय बद्ध है और सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली गई है उप जिलाधिकारी करनैलगंज क़े द्वारा पारित नियुक्ति आदेश का क्रियान्वयन व प्रभाव अगली सुनवाई तक स्थगित कर दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई हेतु पत्रावली सात जुलाई 2025 को पेश की जाएगी।उधर, ग्राम पंचायत बहुवन मदारमाझा में उचित दर दुकान चयन को लेकर उत्पन्न विवाद पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा भी पहले ही रोक लगा चुकी हैं। ग्राम वासी रिंकी यादव द्वारा जनता दर्शन में दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी व उप जिलाधिकारी करनैलगंज को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण और पारदर्शी प्रक्रिया के साथ पुनः खुली बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए थे।आरोप है कि 24 मई को प्रस्तावित बैठक को पश्चिमी क्षेत्र के स्थान पर पूर्वी छोर पर कराया गया और नोडल अधिकारी द्वारा विरोध के चलते बैठक स्थगित कर दी गई थी।

## शातिर गोतस्कर असलम की सवा लाख की बाइक गैंगस्टर एक्ट में कुर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। अपराधियों की कमर तोड़ने में जुटी खेतासराय पुलिस ने शातिर गो-तस्कर और दुराचारी असलम पुत्र स्व. हबीब निवासी लेदरही के खिलाफ गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई अपाचे बाइक को कुर्क कर लिया। बाइक की अनुमानित कीमत 1,23,930 रुपये बताई गई है।थानाध्यक्ष खेतासराय रामाश्रय राय ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन और जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर के आदेश पर की गई। प्रशासनिक अधिकारी नायब तहसीलदार शाहगंज शीतला प्रसाद सिंह की मौजूदगी में गांव में मुनादी कराकर बाइक जब्त की गई। अभियुक्त पर आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार असलम पर कई गम्भीर धाराओं में केस दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और गोवध निवारण अधिनियम शामिल हैं।

# डीएम ने सोहरियावां के गौआश्रय स्थल, आंगनबाड़ी केन्द्र व आरआरसी सेन्टर का किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आर.आर.सी. केन्द्र क्रियाशील न पाये जाने पर जतायी नाराज़गी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोहरियांवा के आगनबाड़ी केन्द्र (इन्द्रापुर), गौआश्रय स्थल सोहरियांवा प्रथम एवं द्वितीय तथा एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र (आर.आर.सी.) का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं को जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर दिपेन्द्र पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री डाली मिश्रा, अवर अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग संदीप तिवारी, एडीओ (पं.) तेज नरायन राव व सहकारिता के दिलीप कुमार दुबे, ग्राम प्रधान पेशकार गोस्वामी व ग्राम विकास अधिकारी अमृतांशु सिंह मौजूद रहे।निरीक्षण के समय आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द हो चुका था। पंचायत सचिव द्वारा फोन करके आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बुलाया गया। डीएम ने केन्द्र के निरीक्षण में पाया कि बाला पेन्टिंग मानक के अनुरूप न पाये जाने पर डीएम ने निर्देश दिया कि पेंटिन्ग को दुरूस्त कराया जाय। आंगनबाड़ी कार्यकत्री से पुष्टाहार वितरण एवं फ़ेस



एथेन्टिकेशन एवं केवाईसी की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया गया कि तत्काल शत-प्रतिशत लाभार्थियों के एथेन्टिकेशन का कार्य पूर्ण कराया जाय।डीएम ने गौआश्रय स्थल सोहरियावां प्रथम एवं द्वितीय का निरीक्षण कर यहां पर संरक्षित गोवंशों के लिए भूसा, चारा, चूनी-चोकर, पेयजल एवं हरे चारे इत्यादि की उपलब्धता का जायज़ा लिया। निरीक्षण के समय बताया गया कि गौआश्रय स्थल प्रथम में 114 मादा गौवंश तथा द्वितीय में 109 नर गौवंश संरक्षित हैं। नर गौवंश की टैगिंग न पाये जाने पर निर्देश दिया कि सभी संरक्षित पशुओं की टैगिंग की जाय। प्रथम गौआश्रय स्थल विद्युत कनेक्शन, चाराकटिंग मशीन, सीसीटीवी व समर्सेबुल बोरिंग से आच्छादित है। यहां पर हरे चारे के लिए 10 बीघा में नैपियर घास भी उगायी जा रही है। डीएम ने शासन की मंशानुसार संरक्षित गौवंशों के चारे-पानी एवं उपचार का प्रबन्ध सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि आश्रय स्थलों पर सोलर पैनल की भी स्थापना करायी जाय ताकि विद्युत के न रहने पर कोई दिक्कत न हो। गोआश्रय स्थल के गोबर के उपयोग के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान ने बताया कि नैपियर फसल में इसका उपयोग किया जा रहा है।गौआश्रय स्थल के निकट स्थापित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र (आर.आर.सी.) का निरीक्षण करने पर बाहरी दीवार टूटी होने तथा केन्द्र को क्रियाशील न पाये जाने पर डीएम ने नाराज़गी जताते हुए बीडीओ को जांच करने का निर्देश दिया। डीएम ने केन्द्र को तत्काल क्रियाशील करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे महिला स्वयं सहायता समूह को जोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि गांव से निकलने वाले कूड़े को यहां पर एकत्र करें। उन्होंने गौआश्रय स्थल में उत्पादित होने वाले गोबर को केन्द्र में लाकर जैविक खाद के साथ-साथ गोबर आधारित उत्पाद तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वावलम्बी बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिलाया जाय।

## बेसिक शिक्षा विभाग कैसरगंज में तैनात शिक्षिका का पति बुरी तरह घायल



कैसरगंज, बहराइच। बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा कैसरगंज के कैशियर मथुरा निवासी दीपक कुमार और विकासखंड कैसरगंज के बेसिक शिक्षा विभाग के प्रा.वि. मुरावनपुरवा द्वितीय की सहायक अध्यापिका विनीता कुमारी के पति रविकांत बीते दिवस 1 जुलाई 2025 को सायं साथ में दोनों लोग सर्वो पंजाबी ढाबा भोजन लेने जा रहे थे, तभी पीछे से एक चार पहिया गाड़ी टक्कर मार कर निकल गई, जिससे दोनों अपने दुपहिया वाहन से गिरकर बुरी तरह घायल हो गए । करो प्रांत स्थानीय लोगों की सूचना व सहायता से इन्हें को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज लाया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इन दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाज के समय ले जाते हुए रास्ते में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कर्मचारी दीपक कुमार की मृत्यु हो गई और शिक्षिका के पति रविकांत को आईकॉन हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है जिनकी हालत नाजुक है। रविकांत आगरा के मूल निवासी हैं।मौके पर परिजनों व अन्य लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गई थी, इसके बाद पुलिस उचित कार्रवाई के लिए जाट पड़ताल में लगी है।

# नदी का जलस्तर के बढ़ने से ढेमवा घाट मार्ग पर आवागमन हुआ बंद,फसी जेसीबी मशीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। सरयू नदी के जलस्तर में निरन्तर वृद्धि के चलते ढेमवा घाट रोड के वैकल्पिक कच्चे मार्ग पर पानी आ जाने से इस पर वाहनों का आवा गमन पूरी तरह से ठप्प हो गया।इस रोड के बंद हो जाने से सबसे बड़ी दुश्वारी दैनिक राहगीरों के समक्ष पैदा हो गई है।मांझा क्षेत्र के दर्जनों से अधिक गांवों के किसान और पशु पालक अप नी ऊपज और दुग्ध उत्पादन को लेकर रोजाना ढेमवा घाट पुल के रास्ते अयोध्या जनपद की विभिन्न मंडियों तक जाते थे।इसके अलावा दि हाड़ी मजदूर और नौकरी पेशा लोगों के साथ पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राएं भी



आसानी से अयोध्या पहुंच जाते थे।बाईपास पर पानी भर जाने से इनके समक्ष विकराल समस्या ख़डी हो गयी हैं।प्रशासन द्वारा रोड के बंद हो जाने की तात्कालिक सूचना पट नहीं लगाए जाने से सैक ड़ों वाहनों को बाईपास तक आकर वापस लौट ना पड़।पैदल और साईकिल सवार पानी से हो कर आते जाते देखे गए।मानसून के शुरू हो जा ने से इस साल भी ढेमवा घाट रोड के कटान वा ले स्थान के पुनर्निर्माण की उम्मीद सरयू नदी के धारा में समाहित होती दिख रही है।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का साक्षात्कार 7 से नौ जुलाई तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। शासन द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम स म्मान योजना में आठ ट्रेड बढ़ई,नाई,धोबी,दर्जीलोहार,राजमिस्त्री,कुम्हार,हलवाई क़े लिए एक दस दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूल किट योजना के अंतर्गत ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों पर आवे दकों के चयन के लिए बैठक कर साक्षात्कारसात जुलाई को वर्णमाला ए से एच तक व आ ठ जुलाई को आई से ओ तक और नौ जुलाई को पी से जेड तक कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र पर सुबह दस बजे टास्कफोर्स कमेटी सा क्षात्कार के द्वारा




अभ्यर्थियों का चयन करेगी।उपायुक्त उद्योग बाबूराम यादव ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योज ना का ऑनलाइन आवेदन किया है वे अपने स मस्त मूल प्रमाण पत्रों सहित उक्त तिथि,समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में उ पस्थित होना सुनिश्चित करें।

# तहसील में भ्रष्टाचार को लेकर हिंदू महासभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद की सदर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार, पारदर्शिता की कमी और अधिकारियों-कर्मचारियों की वर्षों से एक ही स्थान पर तैनाती को लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा का प्रतिनिधिमंडल नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप के नेतृत्व में गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को एक गंभीर एवं विस्तृत ज्ञापन सौंपा।संगठन ने ज्ञापन में कहा कि नगरवासियों द्वारा उनके संज्ञान में लाया गया है कि सदर तहसील में कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी, विशेषकर शहर कानूनगो एवं कुछ लेखपाल, कई वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात हैं, लोगों द्वारा इन पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने और प्रशासनिक नियमों की अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। संगठन का कहना है कि इन कर्मचारियों को कुछ उच्च अधिकारियों और प्रभावशाली राजनैतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते पूर्व में जारी हुए स्थानांतरण आदेश भी प्रभावहीन हो गए और इन अधिकारियों ने अपना स्थानांतरण रुकवा लिया।हिंदू महासभा के प्रतिनिधियों ने कहा कि दीर्घकालिक तैनाती से न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता प्रभावित हो रही है।बल्कि भ्रष्टाचार को भी खुला समर्थन मिल रहा है। जनता में इसको लेकर भारी असंतोष है और आमजन खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के ''भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश'' के संकल्प को सफल बनाने हेतु वे निरंतर प्रयासरत हैं, परंतु कुछ अधिकारी सरकार की छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी तीन वर्ष या उससे अधिक समय से सदर तहसील में तैनात है। उनका एक सप्ताह के भीतर स्थानांतरण किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में समयबद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो वे बाध्य होकर तहसील अथवा जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।प्रतिनिधिमंडल में संगठन के नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, नगर महामंत्री प्रमोद कश्यप, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्निहोत्री, युवा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य, राहुल देव, युवा नगर अध्यक्ष राहुल राठौर शामिल थे, जिन्होंने इस गंभीर विषय पर त्वरित निर्णय की मांग की है।

# स्कूलों का विलय करना सरकार की असफलता बता रही है : प्रदीप सिंघल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों को विलय करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में नेताओं ने राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है और इसे जनविरोधी निर्णय करार दिया है।कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में जिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में लिखा गया है कि प्रदेश सरकार युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाये हुए है और उन्हें हर तरह से प्रताडित करने का कार्य कर रही है अभी हाल ही में प्रदेश सरकार ने पांच हजार प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने का निर्णय लिया है जो युवा छात्र और बेरोजगार विरोधी निर्णय है कई जिलों में तो एक जुलाई से ही मर्ज भी कर दिये गये हैं।इसका व्यापक दुष्परिणाम सुदूर गांव के बच्चों को पड़ेगा क्योंकि उन्हें दूसरे गांवों में शिक्षा ग्रहण करने के लिये जाना पड़ेगा, जिससे उन्हें और उनके अभिभावकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही मिड डे मील के तहत जो रसोइयां स्कूलों में खाना बनाते थे उनकी नौकरी तो चली ही जायेगी बी.एड. व बी.टी.सी. डिग्री धारक युवाओं को नौकरी की भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा।यूपी सरकार का यह कदम हर तरीके से युवाओं, छात्रों और बेरोजगार नौजवानों के हितों के विपरीत है। कंाग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार के इस जनविरोधी निर्णय की घोर निंदा करती है। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से इस जन विरोधी निर्णय को अविलम्ब वापस लिये जाने की मांग की है।कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा डबल इंजन की सरकार बडी असफलता का इससे बड़ा उदाहरण और क्या होगा।जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय पासी ने कहा भाजपा सरकार ने यह सिद्ध कर दिया कि योगी सरकार गरीब और दलित विरोधी है। कंाग्रेस के जिला उपाध्यक्ष परमानंद मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार षणयंत्र के तहत प्राथमिक बिद्यालयों को बन्द करना चाहती है जिससे दलित, गरीब,मजदूर और पिछड़े तबके के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाय।पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी ने कहा कंाग्रेस शिक्षा का अधिकार कानून लाया कि सब पढ़े सब बढ़े लेकिन भाजपा का यह कृत्य अति निंदनीय है।कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने कहा कि अध्यापक युग निर्माता और छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता है लेकिन भाजपा सरकार इनके साथ खिलवाड़ कर रहीं है। इस मौके पर युवक कंाग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह, राष्टीय छात्र संगठन के अध्यक्ष सुमित तिवारी, सौरभ सिंह,ठाकुर इसराक, अर्जुन पासी,शत्रुहन सिंह, धर्मराज बहेलिया,राजीव सिंह, राम बरन कश्यप,रामदत्त यादव, राम लखन शुक्ला,मनीषा चौहान,मतीन अहमद, अनुराग सिंह, शकील इदरीशी,शिव बजरंग, त्रिभुवन भारती,कुलवंत सिंह,अरविन्द चतुर्वेदी, अजहरुल हक,सुरेश श्रीवास्तव,रमाकंाती,गीता सिंह, बब्बन द्विवेदी,श्रद्धा सिंह,किरन देवी,सवीना, ओम प्रकाश दुवे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## स्कूल खुलने पर बच्चों का तिलक कर किया स्वागत वितरण किए उपहार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बेसिक के परिषद के स्कू लो में बच्चों का पहले दिन तिलक करके स्वागत हुआ इसी उपलक्ष्य में कंपोजिट स्कूल गढा कला में बच्चों का पहले दिन तिलक करके स्कूल में स्वागत किया गया और उन्हें विशेष भोज के अंतर्गत खीर और हलवा खिलाया गया बच्चों को नए सत्र की पुस्तकें भी बांटी गई बच्चे बहुत खुश हुए इस मौके पर स्कूल इंचार्ज मंजू रानी, अध्यापक हुकुम सिंह नोडल संकुल शिक्षक,अध्यापक सोहन,ममता देवी शिक्षा मित्र समेत समस्त स्टाफ ने बच्चों का स्वागत किया ग्राम और स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली!इस मौके पर प्रधान राममूर्ति वा अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहे नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह ने सभी बच्चों और स्टाफ को पुनः स्कूल खुलने पर शुभ कामनाएँ दी है।

## गांव पिंडरा देवीपुर का प्राथमिक विद्यालय बैजूनगर के विद्यालय में विलय होने से ग्रामीणों में रोष किया विरोध प्रदर्शन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद का गांव पिंडरा देवीपुर का प्राथमिक विधालय बैजूनगर के विद्यालय में विलय होने की जानकारी जब ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने ने विरोध प्रदर्शन करते हुए। बच्चों को स्कूल भेजने से मना कर दिया और बोले की गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर बैजूनगर गांव है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए जंगल और नदी पड़ेगी। पीलीभीत टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद से याह जंगली जानवर बाघ तेंदुआ भालू शियार सहित अन्य जानवर गांव के पास में ही घूमतें रहते हैं। उसके बाद भी विधालय दूसरे गांव में विलय कर दिया गया है। जिससे नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह 10 बजे विरोध प्रदर्शन कर बच्चों को स्कूल भेजने से मना कर दिया है। ऐसी परिस्थितियों में दो दर्जन से ज्यादा बच्चे अनपढ़ रहे जाएंगे जो एक चिंता का विषय है।

## हरदोई ब्रांच नहर झाल में फंसा दिखा अज्ञात युवती का शव मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुघंचाई थाना क्षेत्र के गांव मटैना कॉलोनी के पास हरदोई ब्रांच नहर की झाल में गुरुवार की दोपहर लगभग एक बजे एक अज्ञात युवती का शव राहगीरों ने झाल में फंसा देखा और मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव निकालने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल शव मिलने की सूचना पर लोगों में हड़कंप मच गया है।

## गांव चिरागा में दो माह से बाघ की दहशत, पिंजरा लगाने के बाद भी ग्रामीण संतुष्ट नहीं

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के पिपरिया मझरा के चिरागा गांव निवासी दर्शन सिंह की पशुशाला में बंधी बकरी पर शनिवार की रात में बाघ ने हमला किया था और रविवार की रात में बाघ बकरी को उठा ले गया। मामले मे खुटार वन विभाग से शिकायत की गई पर उसके बाद भी समाधान नहीं हो सका था। मंगलवार को ग्रामीणों ने तहसील परिसर पहुचकर एसडीएम से शिकायत की थी। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया था। गुरुवार सुबह दस बजे स्थानीय ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग ने पिंजरा लगाया था पर ग्रामीण अभी भी सुरक्षित नहीं है और बाघ की दहशत बरकरार है।

## प्रतापगढ़ का युवक तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

जायस अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फुरसतगंज पुलिस ने गैर जनपद के बाइक सवार एक युवक को एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना फुरसतगंज के थानाध्यक्ष श्रीराम पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटर साइकिल सवार जितेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय लालता प्रसाद कोरी निवासी ग्राम मकन्दपुर मजरे बालापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब सत्ताइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 72 बी क्यू 7186 के कागजात मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।इस सम्बंध में थाना फुरसतगंज के थानाध्यक्ष श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## कांग्रेस नेता रवि तिवारी के निधन पर शोक की लहर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र जामो के गांव कल्याणपुर निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता रवि तिवारी के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।कांग्रेस के जिला कार्यालय पर नेताओं द्वारा नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के प्रांगण में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के साथ सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन काल में पार्टी और समाज के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया। उनकी निष्ठा और समर्पण हम सभी के लिये प्रेरणास्रोत रहेगा। कांग्रेस परिवार उनकी स्मृति को नमन करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। कांग्रेस नेता रवि तिवारी के निधन पर पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, प्रकाश मिश्रा,अशोक तिवारी, कर्ण कुमार बाजपेई, अनिल सिंह, शुभम सिंह, सुमित तिवारी, शेषनाथ सिंह सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

## वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत बच्चों को फलदार वृक्ष का हुआ वितरण

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीएफओ अमित सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय वनाधिकारी लंभुआ गौरव सिंह व स्टाफ द्वारा सर्वोदय इंटर कॉलेज लंभुआ में छात्र-छात्राओं को फलदार पौधों आम, आवला, सहजन, अमरुद आदि का वितरण किया गया। पौध वितरण के उपरांत उप क्षेत्रीय वन अधिकारी डीके यादव द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि किस प्रकार पौधों का रोपण करना है।जिससे पौधे सुरक्षित रहे और इनका नाम विकास हो। कालेज की प्रबंधक उर्मिला सिंह व प्राचार्य डाक्टर गुलाब सिंह व स्टाफ मौजूद रहे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमाइचा में जुलाई में जन्मे तीन बच्चों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट और महोगनी का पौधा दिया गया। वन विभाग वन महोत्सव के उपलक्ष्य विकास खंड मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए जन-जागरूकता अभियान चला रहा है।

# जनपद में परिषदीय विद्यालय विलय करने पर कंाग्रेस पार्टी ने की घोर निंदा राज्यपाल को संबोधित डीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जिला कंाग्रेस कमेटी पीलीभीत ने महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपा है। ज्ञापन में अवगत कराया है। कि यूपी सरकार द्वारा युवाओं छात्रों बेरोजगारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है तथा हर तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 5000 प्राइमरी व जूनियर विद्यालय को मर्ज कर दिए हैं। जनपद पीलीभीत में ग्राम मथना का प्राथमिक विद्यालय ब्लॉक पूरनपुर ग्राम मटेना तथा ब्लॉक बीसलपुर ग्राम धकियापुर ब्लाक बिलसंडा सहित जिले के कई विद्यालयों को दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया गया है।वे विद्यालय काफी दूरी पर स्थित है।जिसमें छात्रों व उनके अभिभावकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अधिक दूरी होने के कारण छात्र विद्यालय में जाने से असमर्थ हैं।इस संबंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ लखनऊ में 51 छात्रों द्वारा याचिका भी योजित करने की जानकारी भी समाचार पत्रों से हुई है। विद्यालयों के बंद किए जाने से वहां काम कर रहे हैं। मिड डे मील कर्मचारियों वाले की नौकरी भी चली जाएगी। वह भी बेरोजगार हो जाएंगे सरकार का यह कदम युवाओं छात्रों एवं बेरोजगारों के व्यापक हितों के विपरीत है। कंाग्रेस पार्टी इस निर्णय की घूर निंदा करती है।और महामहिम से उपेक्षा है।कि उपरोक्त ज्ञापन वर्णित जनहित की समस्या को स्वतः संज्ञान लेते हुए सरकार समस्या के निराकरण हेतु निर्देश पारित करेंगे।इससे पूर्व जिला कंाग्रेस कार्यालय पर जिला कंाग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई इस मौके पर पीलीभीत जिले कॉर्डिनेटर बलराम गुप्ता, कंाग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, शहर अध्यक्ष किशन गंगवार ,वासुदेव देव ठाकुर , नागेश पाठक, नरेश चंद्र शुक्ला, रामनाथ, मुनेंद्र पाल सक्सेना, हेमंत मिश्रा, ईश्वर दयाल, करनजीत सिंह, राजेश वर्मा ,हरीश मौर्य ,महारानी पाल ,किरणपाल सिंह ,गुरमीत सिंह गीत, शशि, ओम ,अनवर, अनीस, अभिनव गुप्ता गोल्डी, राजीव गंगवार ,सुभाष गंगवार, प्रदीप कुमार मौर्य, रवि लोधी, श्री कृष्ण वर्मा, कुमर सेन, अमन अंसारी, मुर्शीद मिर्ज़ा, शोएब खान, अरशद आलम, तजिंदर सिंह, इश्तियाक अहमद अंसारी ,दानिश हसन, मोहम्मद अथर ,मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी ,युसूफ मलिक, राजू मिश्रा, कन्यवती सहित सैकड़ो कंाग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

## चौथे दिन भी जारी रहा संगठन का धरना

सुलतानपुर। किसान मजदूर संगठन का धरना चौथे दिन भी लगातार जारी रहा। एडीएम.(एफ.आर) द्वारा की जा रही भेदभाव पूर्ण कार्यवाही पर मण्डल अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह (गुड्डू) ने असन्तोष जाहिर किया, कहा कि तालाब की भूमि का मालिक जिला प्रशासन होता है। ग्रामीण जनता और संगठन की जिम्मेदारी ग्राम सभा की जमीनों पर अवैध कब्जा अथवा अभिलेखो में हेराफ़ेरी करने की सूचना जिला प्रशासन, जैसे उपजिलाधिकारी तथा ए.डी.एम.(एफ.आर) को देना ही पर्याप्त है। सम्बन्धित सभी अधिकारियों को पत्र के माध्यम से बार-2 कई वर्षों से सूचना दी जा रही है। परन्तु बडे खेद की बात है कि कीमती जमीनों पर भूमाफियो द्वारा ग्रामसभा की अवैध कब्जा करने एवं तालाब की जमीन पर मिट्टी डालकर स्थिति विगाडी जा रही है। फिर भी प्रशासन धरना देने के बाद भी न्याय देने को तैयार नहीं है। जिलाध्यक्ष राम प्यारे वर्मा ने प्रशासन की गोलमोल रवैया से असन्तुष्ट होकर पदाधिकारियों को उग्र आन्दोल की तैयारी की जिम्मेदारी सौपा। अनिल यादव दूबेपुर-बहलोल को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौपा।

## लखनऊ मे अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने विवाहिता की हत्या,आठ माह पहले हुई थी शादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया 18 नवंबर 2024 को बहन मीता सिंह का विवाह घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर निवासी रमेश सिंह के साथ किया था। शादी में लगभग 20 लाख रुपए खर्च किए। इसके बावजूद बहनोई अपने भाई, मां, लखीमपुर खीरी जनपद के थाना भीरा के गांव फार्म टांडा निवासी बहन, बहनोई सहित अन्य की मदद से अतिरिक्त दहेज में कार और लखनऊ में प्लाट खरीदने के लिए 10 लाख रुपए की मांग करने लगा। आरोप है शादी के दौरान ही मकान बनवाने के लिए 10 लाख रुपए दिए थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट की जाने लगी। रिश्तेदारों के समझाने के बावजूद आरोपी नहीं माने। शादी के कुछ समय बाद ही रमेश सिंह ने लखनऊ के थाना कृष्णा नगर के ओशो नगर में किराए के कमरे पर रहने लगे। एक सप्ताह पहले विवाहिता ने पति, देवर पर दहेज के खातिर मारपीट की शिकायत मायके में की थी। युवक अपनी बहन को घर ले आया था। इसके बाद दोबारा समझा बुझाकर लखनऊ भेज दिया था। 2 जुलाई शाम 4 बजे बहनोई ने झूठ बोलकर पार्सल आने की बात कहकर आवास पर बुलाया था। आरोप है कुछ देर बाद बाद विवाहिता की हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस को शव बेड पर मिला। लखनऊ पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था और मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी थी। मृतिका परिजनों ने दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है।

# छः मोहर्रम को तुराबखानी में निकला जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। अंजुम पंजतनी तुराबखानी की तरफ से छःमोहर्रम को हुसैनिया तुराबखानी में एक मजलिस का आयोजन किया गया जिसको मौलाना सरकार मेंहदी बस्ती ने पढ़ा। उन्होंने ने मजलिस पढते हुए हुसैन का पैगाम पेश किया कि हुसैन ने कहा किसी का ऐब 'बुराई 'तलाश करने वाले की मिसाल उस मक्खी के जैसी है जो सारा खूबसूरत बदन छोड़ कर सिर्फ जख्म पर बैठती है। हमेशा समझौता करना सीखो क्यों कि थोड़ा सा झुक जाना किसी रिश्ते का हमेशा के लिए टूट जाने से बेहतर है। हुसैन से किसी ने पूछा जिनकी माँ नहीं होती उनके बच्चो को दुआ कौन देता है आपने कहाकि कोई झील अगर सूख भी जाय तो मिट्टी से नमी नहीं जाती इसी तरह माँ के मृत्यु के बाद भी अपनी औलाद को दुआ देती रहती है। अपने शरीर को जरूरत से ज्यादा न सॅवारो क्यों कि इसे तो मिट्टी में मिल जाना है सवांरना है तो अपनी आत्मा को संवारो क्यों कि इसे रबके ईश्वर के पास जाना है। कोशिश करो कि तुम दुनिया में रहो दुनिया तुम में न रहे क्यों कि नाव जब तक पानी में रहती है खूब तैरती है लेकिन जब पानी नाव में आजाये तो वह डूब जाती है। इसके बाद जुलूस इमाम बाड़े से उठकर मस्जिद पर समाप्त हुआ जुलूस में अलम' ताबूत 'जुलजनाह शामिल रहे और सुलतानपुर की मुकामी अंजुमनो के अलावा बाहरी अंजुमनों ने नौहा मातम किया। इसकी जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कट न बनाए जाने पर क्षेत्र वासियों में भारी रोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। तहसील मुख्यालय स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अभी तक कट नहीं बन सका है जिससे क्षेत्र वासियो में भारी रोष व्याप्त है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं लेकिन कट न बनने की वजह से ना तो घटनास्थल तक समय से एंबुलेंस पहुंच पा रही है और ना ही स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल से घायल लोगों को अस्पताल पहुंचने तक घंटो का समय लग जाता है जिससे उनका समय से इलाज नही हो पाता है। क्षेत्र के डा0 सूरज वैश्य ने बताया कि तहसील मुख्यालय से 500 मीटर की दूरी पर ग्राम चकटेरी स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कट बनाए जाने की आवश्यकता है तहसील मुख्यालय होने के कारण यहां से अधिकांश लोगों का आना-जाना लखनऊ के लिए रहता है लेकिन मजबूरन लोग एक्सप्रेसवे से लखनऊ नहीं जा पाते। क्षेत्र के आर.पी सिंह ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक कट बनाए जाने को लेकर पूर्व सांसद मेनका संजय गांधी से मांग की गई थी उन्होंने आश्वासन भी दिया था कि कट का प्रस्ताव शासन स्तर तक भेजा जाएगा लेकिन चुनाव हारने के बाद कट बनाए जाने का प्रस्ताव गायब हो गया। धुर्वराज पांडे ने कहा कि अगर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक कट बन जाता है तो दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की जान बच सकती है क्योंकि कट न होने की वजह से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों का इलाज समय से नहीं हो पाता। क्षेत्र के आंनद तिवारी ने कहा कि तहसील मुख्यालय से वैसे भी लखनऊ जाने के लिए कोई भी परिवहन सुविधा नहीं है पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अगर कट बन जाता है तो क्षेत्र वासियों को परिवहन सुविधा मिल जाएगी और लखनऊ का सफर भी आसान हो जाएगा। ग्रामीणो ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अभिलंब कट बनवाए जाने की मांग की है।

# विधायक ने जयपुरिया स्कूल में वृक्षारोपण कर बच्चों को पेड़ बांटे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरीगंज अमेठी,वन विभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव सप्ताह के तहत गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल भवन शाहपुर दुर्गन भवानी गौरीगंज के प्रांगण में डीएफओ रणबीर मिश्रा के साथ वृक्षारोपण किया और विद्यालय में शिक्षारत बच्चों को एक पेड़ मां के नाम रोपित करने का पाठ पढ़ाते हुये फल ब छायादार पेड़ों का वितरण किया। सेठ अनंतराम जयपुरिया स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राकेश प्रताप सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर वृक्षारोपण किया और विद्यालय के विद्यार्थियों को पौधे वितरित कर उन्हें वृक्षारोपण के लिये प्रोत्साहित किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाते हुये यह संकल्प भी दिलाया कि हम सब मिलकर प्रकृति को हरा भरा रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण बहुत जरुरी है और प्रत्येक नागरिक को एक पेड़ लगाना चाहिये और उसकी देखभाल भी करनी चाहिये।विद्यालय की डायरेक्टर मंजू मिश्रा, प्राचार्य पूजा सिंह के साथ ही कृष्ण कुमार मिश्रा ने विधायक राकेश प्रताप सिंह और डीएफओ रणवीर मिश्र को पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## डिजिटल चुनौती

इसमें दो राय नहीं कि पिछले एक दशक में प्रौद्योगिकी ने आम भारतीय के जीवन को सहज-सरल बनाने में निर्णायक भूमिका निभायी है। आज तमाम तरह की सुविधाओं को हासिल करने के लिये उसे दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। अनेक सेवाएं एक क्लिक के साथ उसकी मुट्ठी में होती हैं। दरअसल, डिजिटल इंडिया की महत्वाकांक्षी पहल नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान वर्ष 2015 में शुरू की गई थी। जिसका मकसद रोजाना व्यवहार में सामने आने वाली जटिलताओं को दूर करके जीवन को आसान बनाना था। निस्संदेह, पिछले एक दशक में इस महत्वाकांक्षी परियोजना ने कई प्रकार से नागरिकों को सशक्त बनाने में निर्णायक भूमिका निभायी है। विशेष रूप से डिजिटल भुगतान आज पूरे देश में अपरिहार्य हो गए हैं। इससे जुड़े आंकड़े पूरी दुनिया को चौंका रहे हैं। इस वर्ष अप्रैल में लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के यूपीआई लेन-देन किए गए हैं। इन यूपीआई लेनदेन की संख्या करीब 1,860 थी। वर्ष 2023 में भारत ने वैश्विक रीयल-टाइम लेनदेन का 49 फीसदी हासिल किया। जिसमें 46 करोड़ लोग और 6.5 करोड़ व्यापारी यूपीआई का उपयोग कर रहे थे। निस्संदेह, शासन के विभिन्न क्षेत्रों में भी डिजिटल उपयोग में खासी प्रगति हुई है। जिससे व्यवस्था अधिक पारदर्शी और नागरिकों के हितों के अनुकूल हो गई है। इस डिजिटल क्रांति के चलते स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बैंकिंग और अन्य सेवाओं तक नागरिकों की पहुंच आसान हुई है। डिजिटल क्रांति से जुड़ी तमाम चुनौतियों के अलावा अभी देश में डिजिटल डिवाइड की समस्या बनी हुई है। जिसे यथाशीघ्र पाटने की जरूरत है। हालांकि, इस दिशा में आशातीत प्रगति भी हुई है, लेकिन अभी इस दिशा में बहुत कुछ करने के लिये चरणबद्ध प्रयासों की सख्त जरूरत है। यह चुनौती ग्रामीण भारत में अधिक नजर आती है। जहां इंटरनेट सेवाओं और मोबाइलों की पहुंच शहरों के मुकाबले कम है। जाहिर है, जब देश के हर व्यक्ति तक डिजिटल क्रांति का लाभ पूरी तरह नहीं पहुंच पाएगा, इस क्रांति के लक्ष्य अधूरे ही रहेंगे। निश्चित रूप से देश में स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग आदि सेवाओं में जो व्यापक सुधार आया है, उसका लाभ हर नागरिक तक पहुंचना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर देश में डिजिटल डिवाइड की खाई को पाटने की दिशा में मिशन के रूप में प्रयास जारी हैं। लेकिन हाल में हुए कुछ सर्वेक्षणों के निष्कर्ष चिंता बढ़ाने वाले हैं। इसमें शामिल व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण रू दूरसंचार, 2025 का उल्लेख करना जरूरी हो जाता है। जिसके अनुसार साल 2025 तक भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली लगभग आधी महिलाओं के पास मोबाइल फोन उपलब्ध नहीं थे। इसके निष्कर्ष एक महीने पहले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा भी जारी किए गए थे। वहीं इसी तरह एक और आंख खोलने वाली बात शिक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले यूनिफाइड डिस्ट्रिक इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट में भी सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के केवल 57.2 फीसदी स्कूलों में कार्यात्मक कंप्यूटर ही उपलब्ध हैं। वहीं दूसरी ओर 53.9 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। देश के विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भारत नेट परियोजना के तहत कुल 6.55 लाख गांवों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिये लक्षित किया जाना था, लेकिन अभी तक उसमें दो-तिहाई गांवों को कवर किया जाना अभी बाकी है। वहीं दूसरी ओर देश की इस सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी ने बीएसएनएल की दुर्दशा को भी उजागर किया है, जो एक के बाद एक पुनरुद्धार पैकेज मिलने के बावजूद टेलीकॉम क्षेत्र की निजी कंपनियों के खिलाड़ियों से पीछे है। निस्संदेह, मोदी सरकार के पास डिजिटल इंडिया की प्रगति के लिये अपनी पीठ थपथपाने के लिये कई कारण हैं, लेकिन उसे कमियों और अंतरालों पर ध्यान देने की सलाह दी जाएगी। निश्चित रूप से डिजिटल पारिस्थितिकीय तंत्र के भीतर व्याप्त असमानताओं को दूर किए बिना विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। डिजिटल क्रांति को गति देना निश्चित तौर पर राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए।

# सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता का उत्सव

**अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर विशेष**

**सहकारिता दिवस इस बात का प्रचार करने का अवसर है कि किस प्रकार मानव-केन्द्रित व्यवसाय मॉडल, जो स्वयं-सहायता और एकजुटता के सहकारी मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व और समुदाय के प्रति चिंता के नैतिक मूल्यों द्वारा समर्थित है, असमानता को कम कर सकता है, साझा समृद्धि का सृजन कर सकता है। सहकारी समितियां, जो आर्थिक सफलता को सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ संतुलित करने की अपनी अनूठी क्षमता के लिए जानी जाती हैं, उन्हें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव सदस्य देशों को सहकारी समितियों के लिए एक सहायक कानूनी और नीतिगत माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें कृषि, वित्त और खुदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके महत्व पर जोर दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया है। आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने इस घोषणा को संगठन के सतत विकास के लिए चल रहे प्रयासों के साथ संरेखित करने पर प्रकाश डाला। इस घोषणा से वैश्विक स्तर पर समानतापूर्ण और लचीली अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी समितियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है, खासकर जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियों के सामने। सहकारिता पर ध्यान केंद्रित करके, संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य टिकाऊ, समुदाय-केंद्रित समाधान प्रदान करने में मॉडल की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करना है। सहकारिता, जिसे अंग्रेजी में कोआपरेटिव कहते हैं, एक ऐसा संगठन है जिसमें लोग स्वेच्छा से मिलकर काम करते हैं ताकि अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।**

हर वर्ष जुलाई के पहले शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों को रेखांकित करने और उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करने का अवसर होता है। सहकारिता एक ऐसा आंदोलन है जो 'एकता में शक्ति' की भावना को मजबूत करता है और लोकतांत्रिक, समावेशी और न्यायसंगत आदर्श समाज के निर्माण में सहायक बनता है। सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता के इस उत्सव का 2025 की थीम है 'सहकारिताः एक बेहतर दुनिया के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान लाना।' यह थीम पर्यावरण-संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, और सामाजिक समावेशन जैसे विषयों को सहयोग के माध्यम से हल करने की प्रेरणा देती है। आज के समय में जब आर्थिक विषमता और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है, सहकारिता एक वैकल्पिक और मानवीय मॉडल प्रस्तुत करती है। यह न केवल आर्थिक विकास की राह दिखाती है, बल्कि सामाजिक विश्वास, सह-अस्तित्व और भाईचारे को भी बढ़ावा देती है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त यह 29वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस और 101वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस होगा। यह सहकारी आंदोलन का एक वार्षिक उत्सव है जो अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा 1923 से जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है। इस उत्सव का उद्देश्य सहकारिता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय सहकारी आंदोलन के पूरक लक्ष्यों और उद्देश्यों को उजागर करना, संयुक्त राष्ट्र द्वारा संबोधित प्रमुख समस्याओं के समाधान में आंदोलन के योगदान को रेखांकित और विस्तारित करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया है। यह घोषणा 2012 में पहले सफल आयोजन के बाद की गई है और वैश्विक स्तर पर सतत विकास को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती है। दुनिया भर की सहकारी समितियां दिखाएंगी कि कैसे वे एकजुटता और लचीलेपन के साथ युद्ध, महामारी एवं प्राकृतिक आपदा संकट का सामना कर रही हैं और समुदायों को जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से न्यायसंगत पुनर्प्राप्ति की पेशकश कर रही हैं। सहकारिता दिवस इस बात का प्रचार करने का अवसर है कि किस प्रकार मानव-केन्द्रित व्यवसाय मॉडल, जो स्वयं-सहायता और एकजुटता के सहकारी मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व और समुदाय के प्रति चिंता के नैतिक मूल्यों द्वारा समर्थित है, असमानता को कम कर सकता है, साझा समृद्धि का सृजन कर सकता है। सहकारी समितियां, जो आर्थिक सफलता को सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ संतुलित करने की अपनी अनूठी क्षमता के लिए जानी जाती हैं, उन्हें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव सदस्य देशों को सहकारी समितियों के लिए एक सहायक कानूनी और नीतिगत माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें कृषि, वित्त और खुदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके महत्व पर जोर दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया है। आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने इस घोषणा को संगठन के सतत विकास के लिए चल रहे प्रयासों के साथ संरेखित करने पर प्रकाश डाला। इस घोषणा से वैश्विक स्तर पर समानतापूर्ण और लचीली अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी समितियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है, खासकर जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियों के सामने। सहकारिता पर ध्यान केंद्रित करके, संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य टिकाऊ, समुदाय-केंद्रित समाधान प्रदान करने में मॉडल की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करना है। सहकारिता, जिसे अंग्रेजी में कोआपरेटिव कहते हैं, एक ऐसा संगठन है जिसमें लोग स्वेच्छा से मिलकर काम करते हैं ताकि अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। यह एक लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित व्यवसाय है जहां सदस्य ही मालिक होते हैं और व्यवसाय का संचालन और लाभ का वितरण भी सदस्यों के बीच ही होता है। सहकारिता का अर्थ है, 'मिलजुल कर काम करना' या 'आपस में सहयोग करना'। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें लोग स्वेच्छा से एक साथ मिलकर काम करते हैं, ताकि वे अपने सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें. सहकारिता का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग, समानता और सामूहिक हित को बढ़ावा देना है। इसका मूल मंत्र है 'सभी के लिए एक, और एक सभी के लिए। भारत में सहकारिता की भावना एवं विचारधारा आजादी से पहले से जन-जन में रची-बसी है। भारत की जनता के स्वभाव में सहकारिता घुली मिली है, ये कोई उधार लिया विचार नहीं है। सहकारिता भारत के संस्कार में है। भारत में सहकारिता आंदोलन कभी भी अप्रासंगिक नहीं हो सकता। सहकारिता की जड़े 1904 के सहकारी ऋण समितियां अधिनियम से जुड़ी हैं। स्वतंत्रता के बाद यह आंदोलन और भी सशक्त हुआ। चाहे अमूल जैसी डेयरी सहकारी संस्थाएं हों या सहकारी बैंकों और किसान समितियां, उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब सहकारिता आंदोलन की सबसे अधिक जरूरत थी, तब यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सहिकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता को नये आयाम दिये हैं। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। सभी राज्यों के सहकारिता मंत्री अपने-अपने राज्यों में कृषि मंत्रियों के साथ समन्वय कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि आम लोगों के साथ-साथ धरती माता का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सके। गरीब कल्याण और गरीब उत्थान, बिना सहकारिता के सोचा नहीं जा सकता। नरेन्द्र मोदी के मन की इच्छा है कि छोटे से छोटे व्यक्ति को विकास की प्रक्रिया में हिस्सेदार बनाना, सहकारिता की प्रक्रिया से हर घर को समृद्ध बनाना और हर परिवार की समृद्धि से देश को समृद्ध बनाना, यही सहकार से समृद्धि का मंत्र है। देश पर जब-जब कोई विपदा आई है, सहकारिता आंदोलनों ने देश को बाहर निकाला है। कॉपरेटिव बैंक बिना मुनाफ़े की चिंता किए लोगों के लिए काम करते हैं क्योंकि, भारत के संस्कारों में सहकारिता है। आज देश में लगभग 91 प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां छोटी-बड़ी कोई न कोई सहकारी संस्था काम करती है। सहकारिता गरीबों और पिछड़ों के विकास के लिए है। राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम-(एनसीडीसी) और सहकारिता मंत्रालय जैसे संस्थान इस क्षेत्र को संगठित और सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। भारत की सहकारिता सोच एवं मोदी सरकार की प्रतिबद्धताएं दुनिया के लिये एक प्रेरक मॉडल है। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, एक ऐसा आंदोलन जो समाज को जोड़ने, ऊपर उठाने, संतुलित विकास और ग्रामीण जीवन को टिकाऊ बनाने की क्षमता रखता है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि यदि हम साथ मिलकर कार्य करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। सहयोग ही सशक्तिकरण की कुंजी है। **-ललित गर्ग**

# भविष्य के युद्धों के लिए तैयार होती भारतीय सेना

**मृत्युंजय दीक्षित**

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से ही भारत अपनी सेनाओं को आत्मनिर्भर, स्वदेशी तकनीक से समृद्ध, सुदृढ़ व सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। भारतीय सेना को भविष्य की रक्षा चुनौतियों लिए इस प्रकार तैयार किया जा रहा है कि भूमि से लेकर वायु और समुद्र की गहराई से लेकर अंतरिक्ष की ऊंचाईयों तक अपनी सुरक्षा के लिए किसी अन्य पर निर्भर न रहना पड़े। आज अति आधुनिक ड्रोन से लेकर अविश्वसनीय मारक क्षमता वाली मिसाइलों तक का निर्माण भारत में किया जा रहा है। विगत दिनों ईरान- इजराइल के मध्य संघर्ष के बीच ईरान के शक्तिशाली व मजबूत परमाणु संयंत्रो को नष्ट करने की क्षमता न होने के कारण इजराइल को भी अमेरिका की शरण में जाना पड़ा था। ऐसी ही परिस्थितयों से बचने के लिए भारत अब बंकर ब्लस्टर बम बनाने की दिशा में भी अग्रसर है। वर्तमान समय में कुछ ही राष्ट्र के पास बंकर ब्लस्टर जैसी सुविधा उपलब्ध है और जब भारत का यह बम बन जाएगा तब भारत भी इसी श्रेणी में शामिल हो जाएगा। भारत के सबसे खतरनाक पडोसी चीन के पास इस प्रकार के अनेक बम है और परमाणु युद्ध की स्थिति में चीन भारत पर इसका उपयोग कर भी सकता है यही कारण है कि अब भारत ने इस पर तेजी से काम प्रारंभ कर दिया है । जब भारत का यह स्वदेशी बंकर ब्लस्टर बम बनकर तैयार हो जाएगा तब हमारी अग्नि -5 मिसाइल दुश्मन के मजबूत अड्डों और तहखानों को मिनटां में ध्वस्त करक वापस चली आएगी। भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं संगठन अग्नि 5 मिसाइल के दो नये एडवांस प्रारूप विकसित कर रहा है जिसमें प्रथम प्रारूप बंकर ब्लस्टर वॉरहेड या विस्फोटक ले जाने वाला होगा जो जमीन के भीतर 80 से 100 मीटर तक जाकर दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करेगा जबकि दूसरा प्रारूप विस्फोटक ले जाने वाला होगा।ये दोनों ही प्रारूप दुश्मन के डिफेंस सिस्टम, न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और हथियार डिपो को ध्वस्त करके वापस लौट आएंगे। अग्नि -5 बंकर ब्लस्टर मिसाइल जमीन, सड़क और मोबाइल लांचर से दागी जाएगी। अग्नि -5 भारत की एक ऐसी मिसाइल है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक निशाना लगा सकती है। इसकी रेंज 5 से 7 हजार किमी तक हैं ये परमाणु हथियार भी ले जा सकती है।भारत का बंकर ब्लस्टर बम अमेरिकी बम से भी अधिक क्षमतावान बनाया जा रहा है।भारत की बंकर ब्लस्टर मिसाइल अमेरिकी बम से अधिक गहराई तक निशाना लगा सकती है।भारत को चीन और पाकिस्तान से पैदा हुए खतरे को देखते हुए ही इस प्रकार की मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है। भारतीय नौसेना को मिला तमाल - इसी प्रकार ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस दुश्मनां के रडार से बचने में सक्षम और अब तक का सबसे घातक आधुनिक स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस तमाल अब भारतीय नौसेना में शामिल हो गया है जिसके कारण अब समुद्र में भी भारत की ताकत बढ़ाने वाली है।इस बहुउद्देशीय अत्याधुनिक युद्धपोत का जलावतरण रूस के कैलिनिनग्राद में हुआ। नौसेना के पश्चिमी बेडे में शामिल यह युद्धपोत अरब हिंद सागर में तैनात होगा और पाकिस्तान से लगती सीमा पर निगरानी में भारत की सबसे बढ़ी ताकत बन जायेगा। तमाल युद्धपोत विगत दो दशकों में रूस से प्राप्त क्रियाक श्रेणी के युद्धपोतों की श्रृंखला में आठवां युद्धपोत है। यह पूर्ववर्ती संस्करणों की तुलना में अधिक उन्नत है। इसमें लंबवत प्रक्षेपित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल उन्नत 100 मिलीमी की तोप , मानक 30 मिलीलीटर गन क्लोज -इन हथियार प्रणाली के अलावा आधुनिक समय की प्रणाली अत्यधिक भार वाले टारपीडो तत्काल हमला करने वाले पनडुब्बी रोधी, रॉकेट और अनेक निगरानी एवं अग्नि नियंत्रण रडार तथा अन्य प्रणालियां शामिल हैं। युद्धपोत का नाम तमाल देवताओं के राजा इंद्र की पौराणिक तलवार से लिया गया है। इसकी मारक क्षमता भी उसी तरह तेज, आक्रामक और निर्णायक है। इसका शुभंकर भारतीय पौराणिक कथाओं के अमर भालू जाम्बंत और रूसी राष्ट्रिय पशु यूरेशियन भूरे भालू की समानता से प्रेरित है।तमाल युद्धपोत का निर्माण रूस के कैलिनिनग्राद स्थित यांतर शिपयार्ड में हुआ है और इसमें 26 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण हैं।सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह आखिरी युद्धपोत है जो विदेश में बना है किंतु अब ऐसा युद्धपोत भारत में ही बनने लगेगा जिसके बाद भारत की नौसेना की ताकत और बढ़ जाएगी।

## सेहत मंत्र

### बारिश में होता है अमीबियासिस संक्रमण का खतरा

बारिश बीमारियों का मौसम है। मॉनसून में कई तरह के संक्रामक रोग तेजी से फैलते हैं। दरअसल बरसात होने के बाद वातावरण में नमी हो जाती है और नमी में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से फैलते हैं। इस मौसम में त्वचा की बीमारियों के अलावा वायरल बुखार, डेंगू, डायरिया और मलेरिया, अमीबीयासिस का खतरा बढ़ जाता है। आमतौर पर लोग अमीबियासिस के बारे में कम जानते हैं और जानकारी का अभाव बीमारी से होने वाले खतरों को बढ़ाता है। अमीबियासिस एक जलजनित रोग है यानि ये रोग पानी के द्वारा फैलता है। इसके साथ ही ये रोग संक्रामक होता है यानि कुछ विशेष परिस्थितियों में ये रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में पहुंच जाता है। **कैसे होता है अमीबियासिस**: अमीबियासिस मुख्य रूप से पानी से फैलने वाला रोग है। इस मौसम में बाहर के खुले पानी में कई तरह के हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस मौजूद होते हैं। ऐसे में बाजार में खुले में बिकने वाले खानों (विशेष रूप से होटल, ठेले आदि के खानों) को अशुद्ध पानी से बनाया जाता है। इसके अलावा बारिश के मौसम में खुले में रखा हुआ खाना जल्दी संक्रमित होकर खराब हो जाता है जबकि बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थ आमतौर पर काफी देर पहले बने होते हैं। इसके अलावा खाना बनाने और परोसने वाले लोगों द्वार नाखून, सिर एवं शरीर के अन्य खुले भाग का ध्यान नहीं रखे जाने के कारण अमीबियासिस का जीवाणु एक से दूसरे तक पहुंचता है। अमीबा एक-कोशकीय जीवाणु है, जो अमीबियासिस का प्रमुख कारण है। अमीबियासिस शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है। आमतौर पर इससे सबसे पहले बड़ी आंत प्रभावित होती है। इसके अलावा ये रोग लीवर, फ़ेफड़ों, हृदय, मस्तिष्क, वृक्क, अंडकोष, अंडाशय, त्वचा आदि को भी प्रभावित कर सकता है। **अमीबियासिस के लक्षण**: पतले दस्त, भोजन के बाद पेट में दर्द, रुक-रुक कर दस्त शुरू हो जाना, कब्ज की समस्या हो, अपच हो जाए और उल्टी हो, पेट में गैस बनना यानि वायु-विकार होना, त्वचा संबंधी रोग होना जैसे रैशेज, दाद, खुजली आदि।

## धर्म मंत्र

### पंचमुंडीय आसन पर विराजित हैं मां काली, दर्शन से होती है मन्नत पूरी

घसियारी मंडी के कालीबाड़ी में मां काली का प्राचीन मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि यह मंदिर 147 साल प्राचीन है। यहां पर मां काली पंचमुंडीय आसन पर विराजमान हैं। कहा जाता है कि ये आसन नर, बंदर, सांप, उल्लू, चमगादड़ के सिर से बना है, जो मां काली को प्रिय है। यहां आकर जो भी भक्त मां से मन्नत मांगता है, वह अवश्य पूर्ण होती है।

कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना तांत्रिक मधुसुदन मुखर्जी ने की थी। वे मां काली के भक्त थे। वे नीम के वृक्ष के नीचे बैठकर तप करते थे। मां ने मुखर्जी की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें मंदिर की स्थापना के लिए कहा। मां ने आदेश दिया कि वह मां काली की मिट्टी से प्रतिमा का निर्माण करवाए। उसके पश्चात उसे पंचकुंडीय आसन पर विराजमान करके पूजा करें। उसके बाद मंदिर में मां की पूजा-अर्चना शुरु हो गई। उसके बाद यहां पर दूर-दूर से भक्तजन मां के दर्शनों के लिए आने लगे। कहा जाता है कि नवरात्र में यहां आने से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। अष्टमी और नवमी को मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन होता है और शाम की आरती होती है।

माना जाता है कि नवरात्रों में मंदिर में जो भी भक्त 108 कमल के फूल अर्पित करता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां पशु बलि की जगह पेठा फल और गन्ने की बलि दी जाती है।

## पर्यटन



### 18वीं सदी में 2 करोड़ में बनकर तैयार हुआ था ये किला, आज बन गया दुनिया का मशहूर लक्जरी होटल

आप ऐसी कई जगह पर गए होंगे, जहां का पुराना इतिहास रहा है। जैसे कई होटल या रेस्टोरेंट से कोई किस्सा या फिर को ऐतिहासिक बात जुड़ी हुई होती है। ऐसा ही है एक ऐतिहासिक किला, जो अब शाही होटल में बदल चुका है। **1880 में बना था किला जिसे बंद कर दिया गया**: इंग्लैंड के 'सोलेंट' सिटी में बना 'नो मैन लैंड फोर्ट' एक समुद्री किला है, जो इंग्लैंड के दूसरे सबसे बड़े आइलैंड 'ऑयसल ऑफ विट' के किनारे से 2.2 किलोमीटर की दूरी पर बना है। इस समुद्री किले का निर्माण का प्रस्ताव 1859 के रॉयल कमीशन के गठन के बाद पारित हुआ और 1867 से 1880 के मध्य इसका निर्माण हुआ। 2004 में एक चैनल की रिपोर्ट के अनुसार इस किले के पानी में गंदगी पाई गई थी, जिसके बाद किले को बंद कर दिया गया था। किले के बंद होने के बाद और यहां कुछ समय के आस-पास रहने वाले पक्षी और चिड़िया इसको वॉश बेसिन की तरह प्रयोग करने लगे एक तरह से यह उनका निवास स्थान बन गया। **2015 में बना दिया गया शाही महल**: 2005 में इसको बेच दिया गया और इसके बाद लगातार कई साल तक इसमें कोई काम किये बिना लगातार इसका सौदा होता रहा। 2015 में इसको एक लक्जरी होटल बना दिया गया जिसके चारों ओर के समुद्र के प्राकृतिक दृश्य लोगों को लुभा लेता है। **2 करोड़ से ज्यादा रूपये का है किला** : क्रीमियन वॉर के बाद नैपोलियन त्रत्रत्र के हमले की संभावना की वजह से लगभग 2,27,02,324 करोड़ रुपये की रकम लगाकर इस विशाल किले का निर्माण कराया गया। पोर्ट्समाउथ की सुरक्षा इस किले के निर्माण का मुख्य उद्देश्य था, जिसके चलते इस किले को इंग्लैंड की जल सेना का विशाल पोर्ट बनाया गया ताकि वह समुद्र के बीच रहकर अपने हथियारों के दम पर इंग्लैंड को सुरक्षा प्रदान कर सके। **कैसे पहुंचे** : आप इंटरनेशनल फ्लाइट लेकर यहां इंग्लैंड पहुंच सकते हैं। जिसके बाद टैक्सी या कैब से इस होटल में पहुंच सकते हैं।

# हजरत कासिम की शहादत, याद में निकला अलम का जुलुस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली /जैदपुर बाराबंकी। इमामबाड़ाए सरकारे हुसैनी में आयोजित सात मोहर्रम की क़दीमी मजलिस को मौलाना मुराद रज़ा ने ख़िताब किया।मौलाना ने बताया की किस तरह से करबला में उनको नहरे अलक़मा के पास शहीद करदिया गया, जब वो पानी लेने के लिए नहर के किनारे गए थे। मजलिस के बाद लोगो ने शबीहे ज़ुलजनाह की ज़ियारत करी और नौहाख्वांन असद रज़ा व मातमी दस्ते ने नौहाख्वानी करी। मजलिस में बाद लोगो मे क़दीमी तबर्रुक रोटी और दाल बाटा गया। इस मौके पर तमाम अज़ादार इमाम हुसैन(अ) मौजूद रहे।

कर्बला के मैदान में सातवी मोहर्रम को हुई हजरत कासिम की शहादत की याद में गुरुवार को क्षेत्र में अलम का जुलुस परम्परागत एवं अकीदत के साथ निकाला गया। जुलुस के दौरान शांति बनाये रखने के उद्देश्य से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद( सल.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन( रजि0) एवं उनके 72 साथियों की कर्बला के मैदान में हुई शहादत की याद में प्रति वर्ष मनाये जाने वाले मोहर्रम का पर्व चाँद निकलते ही हुसैन के अकीदतमंद शोक में डूब जाते है। कर्बला के मैदान में सातवी मोहर्रम को हजरत कासिम की शहादत की याद में अलम का जुलुस निकाला जाता हैं। गुरुवार को कस्बा सआदतगंज,अनुपगंज,रामपुर कटरा,

## मौ. मुराद ने किया मजलिस खिताब

सैदनपुर, चौखंडी ,मसौली, बांसा, बड़ागाँव, जकरिया, दादरा, बेहटा, रसौली, शहाबपुर, सदरुद्दीनपुर,भयारा, त्रिलोकपुर सहित ग्रामीण अंचलों में हजरत इमाम हुसैन( रजि0) के बेटे हजरत कासिम की शहादत की याद में अलम का जुलुस मोहरमी ढोल एवं तासे के साथ निर्धारित मार्गो से अकीदत के साथ निकाला गया। जुलुस में हजरत इमाम हुसैन के अकीदतमंदों ने पुलाव,सबील सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जुलुस में शांति बनाये रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अतरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, उपनिरीक्षक शिवकुमार, राहुल शर्मा, चौकी प्रभारी त्रिलोकपुर अभिनंदन पाण्डेय सहित भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# नवजात के माता-पिता को वृक्ष रोपण की प्रेरणा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवां में एक जुलाई से सात जुलाई के मध्य पैदा हुए नवजात को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट एवं परिजनों को एक सागौन का पौधा भेंट कर परिजनों को वृक्षारोपण के प्रेरित किया गया। पौधे को रोपित करके अपने पुत्र एवं पुत्री के समान ही उसकी सेवा करे।इस मौके पर मयंक सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी,डॉ. राधेश्याम गौड़ चिकित्सा अधीक्षक,राजेश मिश्रा ,सुश्री प्रिया वर्मा,वननकर्मी कमलेश,जितेंद्र,विपिन शर्मा उपस्थित रहे।

# स्वराज अभियान,दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड प्रांगण स्थित जनलोक सभागार में बुधवार और गुरुवार को मंडल स्तर से नामित प्रशिक्षक अमन टंडन, आलोक कुमार, जीतेन्द्र कुमार व एम एच अंसारी द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत एलएसडीजी एवं पीडीआई/पीएआई के दो दिवसीय प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह सहित 109 में से 102 लोगो ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

# हजतपुर गौशाला का एनटी अनु ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत हजरतपुर स्थित गौशाला का नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर किया गया। गुरुवार को नायब तहसीलदार ने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पशुओं की गणना की। उन्होंने बारिश के मौसम में पशुओं को कीचड़ से बचाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। नायब तहसीलदार ने कहा कि बारिश के दौरान पशुओं को शेड के नीचे रखा जाए।गौशाला की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर गया प्रसाद से पशुओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधिन ओन मियां और लेखपाल महेंद्र जायसवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# निर्माणाधीन कम्पोजिट विद्यालय व पर्यटन विकास कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बलदीराय/सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र में सीडीओ अंकुर कौशिक व जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने दौरा कर 23 करोड़ 59 लाख की राशि से बन रहे निर्माणाधीन मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय भवन के मिड्डे मील, बाल वाटिका, मल्टीपरपस हॉल, क्लासरूम, प्रधानाचार्य आवास, कर्मचारी आवास आदि की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। जिसमें कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा परियोजना के अन्तर्गत एक ही परिसर में प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक के कुल 30 क्लासरूम, स्मार्टक्लास, रोबोटिक लर्निंग ट्रेनिंग कक्ष, लैंग्वेज, मैथ, साइंस व कंप्यूटर कक्ष, मल्टीपरपज हाल, खेल कूद का मैदान, मुख्य भवन, मिड्डे मील, बाल वाटिका, मल्टीपरपस हॉल, क्लासरूम, प्रधानाचार्य आवास, कर्मचारी आवास आदि का निर्माण कार्य कराया जाना है। निरीक्षण के दौरान मुख्य भवन, मिड्डे मील, बाल वाटिका, मल्टीपरपस हॉल, क्लासरूम, प्रधानाचार्य आवास, कर्मचारी आवास आदि के प्लिंथ लेवल तक का कार्य पूर्ण तथा सुपर स्ट्रक्चर का कार्य प्रगति पर पाया गया। मौके पर लगभग 10 से 12 श्रमिक कार्य करते हुए पाये गये। तथा राज्य योजनान्तर्गत निर्माणाधीन कृष्ण प्रणामी मन्दिर पर्यटन विकास/सौदर्यीकरण कार्य का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त परियोजना में कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा कराया जा रहा है, जिसकी कुल निर्माण लागत रू. 1.07 करोड़ है, जिसमें यात्री निवास, टॉयलेट ब्लाक, बाउण्ड्रीवाल प्लास्टर, इण्टरलाकिंग व कोटास्टोन का कार्य कराया जाना है। वहीं तहसील क्षेत्र के ही विकास खंड धनपतगंज क्षेत्र में राज्य योजनांतर्गत चल रहे निर्माण कार्य माता परमेश्वरी देवी धाम के पर्यटन विकास कार्य का भी निरीक्षण किया।

## दिव्यांग बच्चों को साइकिल बैसाखी उपकरण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विकास खंड सभागार में दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विशेष शिविर में 12 दिव्यांग बच्चों का पंजीकरण हुआ। इन बच्चों को ट्राई साइकिल, बैसाखी और श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण दिए जाएंगे।गुरुवार को शिविर के दौरान सभी बच्चों के यूआईडी कार्ड की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम में मनोचिकित्सक डॉ. विनोद पाल मौजूद रहे। दिव्यांग कल्याण कार्यालय से वरिष्ठ सहायक विनय कुमार रावत, सियाराम और पंकज कुमार उपस्थित थे।समाज कल्याण के सहायक विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने शिविर का नेतृत्व किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा, सहकारिता के सहायक विकास अधिकारी आशीष वर्मा और विशेष शिक्षक संतोष भारती भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## मढ़ा खुर्द कला निवासी ग्रामीण लुधियाना से लापता,परिजन परेशान सीओ से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव मढ़ा खुर्द कला के रहने वाले सूरज पुत्र सुरेश कुमार ने गुरुवार दोपहर 3 बजे बताया कि उसके पिता को गांव का ही रहने वाला सुनील कुमार पिता सहित 9 लोगों को मजदूरी कराने के लिए। अपने साथ 08-06-2025 को लुधियाना ले गया था। 09-06-2025 को सुरेश कुमार के परिजनों ने फोन किया तो उनसे बात नहीं हो सकी। इस पर सुरेश कुमार के परिजनों ने ठेकेदार सुनील कुमार से बात की। आरोप है कि ठेकेदार ने सही तरीके से कोई भी जानकारी नहीं दी और ठेकेदार बाकि मजदूरों को लेकर गांव वापस आ गया। पर पीड़ित युवक के पिता की अभी तक कौई भी जानकारी नहीं लग सकी। इस पर सुरेश कुमार के पुत्र सूरज ने मामले में पुलिस से शिकायत की पर पुलिस ने मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की। पीड़ित युवक अपने परिजनों के साथ पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में पहुंचा और पुलिस क्षेत्राधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## चोरी के बर्तन और एक कुंतल सरसों के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी पुलिस ने दो चोरियों का खुलासा करते हुये चोरी की एक कुंतल पांच किलो सरसों व चोरी के बर्तन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर संजय गौतम पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम सिलोखर नरैनी थाना व जनपद अमेठी व विपिन उर्फ सचिन पुत्र सुरेश सरोज निवासी पासिन का टोला मजरे अगहर थाना व जनपद अमेठी के पास रखे बर्तनों के बारे में उक्त व्यक्तियों से पूछताछ की गई तो पूंछताछ में व्यक्तियों ने बताया कि बीती बीस अप्रैल को हम दोनो लोगों ने मिलकर ग्राम पूरबगांव के एक मकान से ताला तोड़कर एक अदद गगरा, चार अदद थाली, पांच अदद गिलास,चार अदद कटोरी, चार अदद प्लेट, दो अदद भगौना, व अन्य घरेलू उपयोग के बर्तन,तीन अदद निर्वाचन कार्ड,एक अदद बैनामा प्रति, सोने की चेन, कपड़े एवं पच्चीस हजार रुपये चुराये थे। सोने की चेन को बेंचकर प्राप्त रुपये एवं चोरी के पच्चीस हजार रुपये को हम लोगों ने आपस में बांट लिया था जो हम लोगों नें खर्च कर दिये है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि सत्ताइस जून को ग्राम महाराजपुर में एकमकान का ताला तोड़कर सरसों से भरी बोरियां,चार सौ रुपये एवं एक अदद आधार कार्ड चोरी किया था । अभियुक्तों की निशानदेही पर संजय गौतम के बाड़ा से तीन बोरियों में कुल एक कुंतल पांच किलो सरसों, तीन अदद निर्वाचन कार्ड,एक अदद छाया प्रति बैनामा तथा एक अदद आधार कार्ड बरामद किया गया।उक्त चोरियों के संबंध में थाना अमेठी पर अभियोग पंजीकृत किये गये थे।इस सम्बंध में थाना अमेठी के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## वन विभाग की मिलीभगत से बल्दीराय में धड़ल्ले से चल रही अवैध आरा मशीनें

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में वन विभाग की मिलीभगत से अवैध आरा मशीनों का कारोबार जोर पकड़ता जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, बल्दीराय क्षेत्र के महमूदपुर, बघोना, पारा बाजार, शहजोरा, अरवल, सैनी, तिरहुत, हलियापुर, बहुरावा, मूसी, रसुलपुर, बालापार, डोभियारा, इसौली, भवानीगढ़, सुखबड़ेरी, असरखपुर, देहली बाजार, हरोरा, धनपतगंज, लंगड़ी बाजार सहित दर्जनों स्थानों पर अवैध आरा मशीनें संचालित हो रही हैं। बताया जा रहा है कि इन मशीनों पर आम, नीम, महुआ, शीशम, सागौन और गूलर जैसे हरे-भरे पेड़ों की लकड़ी की चिराई की जा रही है। सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि इस अवैध धंधे में वन विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत है, जिसके चलते कार्रवाई के बाद भी मशीनें फिर से चालू हो जाती हैं। कुछ दिन पूर्व वन विभाग की टीम ने पारा बाजार में एक अवैध आरा मशीन का चक्का-चुटकी और प्लेट जब्त किया था। मगर हैरानी की बात है कि मात्र दो दिन पहले वही सामान मशीन संचालकों को लौटा दिया गया, जिसके बाद वह अवैध मशीन दोबारा शुरू हो गई। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र के नागरिको ने इन अवैध आरा मशीनों पर तत्काल रोक लगाने और दोषी वन विभाग अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## उद्यम सखी योग्यता परीक्षा आयोजित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सूक्ष्म उद्यम सखी योग्यता परीक्षा सेट-ए का आयोजन किया गया। गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय में गुरुवार को आयोजित इस परीक्षा में कुल 54 परीक्षार्थियों में से 43 ने भाग लिया, जबकि 11 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का संचालन पंचायत सचिवों की देखरेख में दो कक्षों में किया गया। परीक्षा के दौरान सहायक विकास अधिकारी आई एस बी जयराम बाल्मीकि, अध्यापक बृजेश शुक्ला, सतीश वर्मा, राजेश कुमार रावत, सुरेश चंद्र यादव, मनीष शुक्ला, मोहम्मद इमरान के साथ सी एल एफ कल्पना द्विवेदी और ज्योति चौहान ने परीक्षा का सफल संचालन किया।

# अधिग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता अहम : डीएम

## भूमि अध्याप्ति सम्बन्धी कार्यो की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में आयोजित भूमि अध्याप्ति सम्बन्धी कार्यो की समीक्षा बैठक की जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अध्यक्षता की। डीएफओ आकाश दीप बधावन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह से भूमि अधिग्रहण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर डीएम ने चर्चा की। और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिन तहसीलों में सड़क निर्माण/चौड़ीकरण या अन्य कार्यों हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया गतिमान है उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी मामलों का निपटारा समयबद्ध तरीके से करें और सुनिश्चित करें कि प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि वन विभाग और विद्युत विभाग से सम्बंधित किसी प्रकार की समस्या है तो सम्बंधित विभाग से समन्वय बनाकर तत्काल उसका निराकरण कराए। चिनहट-देवा-कुर्सी मार्ग, टिकैतनगर बाईपास, हैदरगढ़, देवा-फतेहपुर मार्ग, सहित उन सभी स्थानों पर जहाँ पर भूमि अधिग्रहण सम्बंधित कार्य गतिमान है उसमें अन्य सम्बंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य किया जाए जिससे कार्यो में किसी प्रकार की रुकावट न आने पाए और कार्य समय पर पूरा हो सके। बैठक में उप जिलाधिकारीगण, क्रमशः अनुराग सिंह, राजेश विश्वकर्मा, विवेक शील यादव, आनन्द कुमार तिवारी, अनुराग सिंह, श्कार्तिकेय, अधीक्षण अभियंता विद्युत श्रीमती राजबाला सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जीत की हैट्रिक लगाकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली टी20 श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी

लंदन। पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है। भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती



रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर। यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है। भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। अब सभी की निगाहें बड़े शॉट लगाने वाली सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी हैं, जो अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगी। टीम में वापसी करने वाली शेफाली ने पहले दो मैच में कुल मिलाकर 23 रन बनाए हैं। अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में नहीं खेल पानी वाली कप्तान हरमनप्रीत ने दूसरे मैच में केवल दो गेंद का सामना किया और वह भी मैदान पर कुछ समय बिताना चाहेंगी। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की अनुपस्थिति में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी अपनी पहली सीरीज में ही स्टार खिलाड़ी बनकर उभरी हैं। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने छह विकेट चटकाए हैं और उनका इकॉनमी रेट भी सबसे अच्छा रहा है। इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ी समस्या सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज का अच्छी शुरुआत नहीं दे पाना है। उसकी गेंदबाजी भी औसत दर्जे की रही है।

# सूर्यवंशी के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अंडर 19 वनडे में इंग्लैंड को हराया

एजेंसी



नॉर्थम्पटन। आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए रिकॉर्ड नौ छक्के लगाये और उनकी इस पारी के दम पर भारत ने वर्षाबाधित तीसरे अंडर 19 युवा वनडे मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढत बना ली। चौदह वर्ष के सूर्यवंशी ने 31 गेंद में 86 रन बनाये। इंग्लैंड के छह विकेट पर 268 रन के जवाब में भारत ने 34.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में छह चौके और नौ छक्के जड़े। अंडर 19 वनडे क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का यह सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड है। इससे पहले मनदीप सिंह ने आठ छक्के लगाये थे। भारत का स्कोर 24वें ओवर में छह विकेट पर 199 रन था लेकिन गेंदबाज हरफनमौला कनिष्क चौहान ने 42 गेंद में नाबाद 43 रन बनाये और आर एस अंबरीश (नाबाद 31) के साथ 75 रन की अटूट साझेदारी की। कनिष्क ने गेंदबाजी के दौरान भी तीन विकेट लिये थे। सूर्यवंशी ने तीसरे ही ओवर में सेबेस्टियन मोर्गन को दो छक्के लगाकर अपने तेवर जाहिर कर दिये थे। अगले ओवर में उन्होंने मोर्गन को दो छक्के और एक चौका लगाया। राजस्थान रॉयल्स के लिये आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले 14 वर्ष के सूर्यवंशी ने साबित कर दिया कि उनका फॉर्म महज तुक्का नहीं था। इंग्लैंड के बायें हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स मिंटो को उन्होंने छठे ओवर में खासी नसीहत देते हुए 23 रन निकाले। सूर्यवंशी के आउट होने के समय भारत का स्कोर आठवें ओवर में 111 रन था। इससे पहले इंग्लैंड के लिये कप्तान थॉमस रियू ने 44 गेंद में नाबाद 76 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिंस ने 62 रन की पारी खेली।

# इंग्लैंड के तेज गेंदबाज वोक्स को मौके गंवाने का अफसोस

बर्मिंघम। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अंपायरों के कुछ फैसले भारत के पक्ष में जाने के बाद वह निराश हो गए थे। वोक्स अपनी शानदार लाइन और लेंथ के साथ मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए और उन्होंने पहले दिन 18 ओवर में 59 रन देकर दो विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी पर इंग्लैंड ने दो रिव्यू लिए जिन पर तीसरे अंपायर का फैसला भारत के पक्ष में गया। इस तेज गेंदबाज ने इसे निराशाजनक करार दिया। वोक्स ने बुधवार को पहले दिन खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''यह वास्तव में निराशाजनक था। जब आप टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होते हैं तो भावनाएं हावी हो जाती हैं। अगर ये फैसले हमारे पक्ष में होते तो दिन पूरी तरह से अलग होता, लेकिन यह टेस्ट क्रिकेट है और हम इन चीजों को आत्मसात करके आगे बढ़ते हैं। इनमें से पहला मामला सातवें ओवर में आया, जब भारत का स्कोर बिना किसी नुकसान के 14 रन था और वोक्स ने यशस्वी जायसवाल के खिलाफ एलबीडब्ल्यू की अपील की थी। दूसरा मामला 11वें ओवर में आया, जब भारत का स्कोर एक विकेट पर 21 रन था और करुण नायर भी इसी तरह के रिव्यू से बच गए। दोनों अवसरों पर डीआरएस से पता चला कि गेंद स्टंप से टकराई थी, लेकिन यह बांग्लादेशी अंपायर शरफुद्दौला के नॉट आउट के फैसले को पलटने के लिए पर्याप्त नहीं था। वोक्स ने कहा, ''अगर यह फैसले हमारे पक्ष में जाते तो हम उनका स्कोर तीन विकेट पर 30 रन कर सकते थे और तब स्थिति पूरी तरह से भिन्न होती। यह फैसले हमारे पक्ष में भी जा सकते थे लेकिन हम इस खेल को इसी तरह से खेलते हैं।

# विंबलडन 2025: अल्कराज़ ने क्वालिफायर ऑली टार्वेट को हराया, तीसरे दौर में बनाई जगह

एजेंसी

लंदन। विंबलडन 2025 में बुधवार रात खेले गए पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्कराज़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के क्वालिफायर खिलाड़ी ऑली टार्वेट को 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

विश्व रैंकिंग में नंबर 733 पर काबिज टार्वेट के लिए यह मुकाबला किसी सपने से कम नहीं था। घरेलू दर्शकों से मिल रहे जबरदस्त समर्थन के बीच उन्होंने अल्कराज़ को कड़ी टक्कर देने की भरपूर कोशिश की, लेकिन दो बार के मौजूदा चैंपियन की दमदार फोरहैंड्स और अनुभव के सामने अंततः वह टिक नहीं सके। 21 वर्षीय टार्वेट, जो अमेरिका के सैन डिएगो में कॉलेज छात्र हैं, ने तीन राउंड के



क्वालिफाइंग मुकाबले जीतकर मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी। उन्होंने मैच से पहले आत्मविश्वास के साथ कहा था कि वह किसी को भी हरा सकते हैं – जिसमें अल्कराज़ भी शामिल हैं। पहले सेट में टार्वेट ने आठ ब्रेक पॉइंट्स बनाए लेकिन अल्कराज़ ने जबरदस्त रक्षात्मक खेल दिखाते हुए केवल एक गेम गंवाया और दो बार टार्वेट की सर्विस तोड़कर सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरुआत में टार्वेट ने अल्कराज़ की सर्विस ब्रेक कर 2-0 की बढ़त बनाई, लेकिन अल्कराज़ ने तुरंत वापसी करते हुए अगले चार पॉइंट्स जीतकर मैच पर फिर से नियंत्रण जमा लिया। नौवें गेम में एक और ब्रेक के साथ उन्होंने दूसरा सेट भी जीत लिया। तीसरे सेट में अल्कराज़ ने 3-2 की बढ़त ली, लेकिन टार्वेट ने फिर ब्रेक कर बराबरी की। हालांकि, अल्कराज़ ने जवाब में अगले चार पॉइंट जीतकर निर्णायक बढ़त बनाई और मैच को अपने पक्ष में समाप्त किया। मैच समाप्त होने पर अल्कराज़ ने एक तेज़ सर्विस विनर के साथ जीत दर्ज की। दर्शकों ने खड़े होकर तालियों से न केवल विजेता का बल्कि पराजित टार्वेट की मेहनत का भी सम्मान किया। मैच के बाद अल्कराज़ ने कहा, ''मुझे उसका खेल बहुत पसंद आया। मुझे पता था कि शुरुआत से ही मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। यह मायने नहीं रखता कि वह विश्व रैंकिंग में 700वें स्थान पर था। मैं उसके खेल से बहुत प्रभावित हुआ। उसने वाकई शानदार मुकाबला खेला।

## गिल की रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण: ट्रॉट

मुंबई। पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची-समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं जिनका भविष्य उज्जवल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक नाबाद 114 रन (216 गेंद, 12 चौके) बनाकर भारत को पांच विकेट पर 310 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा, 'उनके हाव भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है। इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, ''उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा।

# जून तिमाही में विदेशी कोष प्रवाह कम होने से रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटा: कोलियर्स

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर विदेशी निवेशकों के सतर्क रहने के कारण अप्रैल-जून में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब डॉलर रह गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी। कोलियर्स इंडिया के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल अप्रैल-जून के दौरान रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश घटकर 169.12 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 253.33 करोड़ डॉलर था। समीक्षाधीन अवधि में विदेशी निवेशकों से प्राप्त धन प्रवाह 204.68 करोड़ डॉलर से लगभग आधा होकर 104.84 करोड़ डॉलर हो गया। घरेलू निवेशक उत्साहित रहे और उन्होंने अप्रैल-जून के दौरान 64.28 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 48.65 करोड़ डॉलर से 32 प्रतिशत अधिक है। कोलियर्स इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बादल याग्निक ने कहा, ्घरेलू पूंजी भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरी है। कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 2021 में 16 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 34 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि 2025 की पहली छमाही में घरेलू निवेश कुल प्रवाह का 48 प्रतिशत रहा। याग्निक ने कहा, उनके बढ़ते प्रभुत्व ने वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने और 2025 की पहली छमाही में कुल निवेश को तीन अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद की है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-जून की अवधि में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 15 प्रतिशत घटकर 299.81 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 352.85 करोड़ डॉलर था।

## एलेम्बिक ने 1.2 करोड़ डॉलर में यूटिलिटी थेरेप्यूटिक्स का अधिग्रहण किया

**नयी दिल्ली।** एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी अमेरिकी इकाई ने स्थानीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए 1.2 करोड़ डॉलर (100 करोड़ रुपये से अधिक) के सौदे में यूटिलिटी थेरेप्यूटिक्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया है। एलेम्बिक ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की अमेरिकी अनुषंगी कंपनी एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स इंक द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद, एलेम्बिक, यूटिलिटी के हाल ही में एफडीए द्वारा स्वीकृत उत्पाद पिव्या (पिवमेथेसिलम) का व्यावसायीकरण शुरू करेगा। इसका उपयोग बिना किसी जटिलता वाले मूत्र मार्ग के संक्रमण के उपचार के लिए है। पिव्या को अप्रैल 2024 में एफडीए द्वारा अनुमोदित किया गया था। एलेम्बिक फार्मास्युटिकल्स के प्रबंध निदेशक प्रणव अमीन ने कहा, इस अधिग्रहण से हमें विशेष और ब्रांडेड प्रिस्क्रिप्शन उत्पादों में रणनीतिक प्रवेश मिलेगा।

# एनटीपीसी ने असम में बालिका सशक्तिकरण मिशन शुरू किया

कोकराझार। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने असम में वंचित वर्ग की लड़कियों के लिए एक महीने का सशक्तिकरण कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत 40 नाबालिगों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कार्यक्रम बालिका सशक्तीकरण मिशन (जीईएम) 2018 से पूरे देश में राज्य द्वारा संचालित बिजली कंपनी द्वारा चलाया जा रहा है। एनटीपीसी के बोंगाईगांव संयंत्र ने असम के कोकराझार जिले में पहल का चौथा संस्करण शुरू किया है। कंपनी ने बयान में कहा, एक जुलाई से 30 जुलाई, 2025 तक आयोजित होने वाला जीईएम- 2025 संरचित शिक्षण मॉड्यूल, रचनात्मक गतिविधियों और प्रतिभागियों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण पर विशेष ध्यान देने के माध्यम से जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान करेगा। इस वर्ष के कार्यक्रम के लिए आस-पास के 12 स्कूलों की कुल 40 लड़कियों का चयन किया गया है। वर्तमान में अपने चौथे वर्ष में, जीईएम पहल 10-12 वर्ष की आयु की ग्रामीण लड़कियों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करती है, उनके आत्मविश्वास, नेतृत्व गुणों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को पोषित करती है। कार्यक्रम का उद्घाटन कोकराझार जिला आयुक्त मसंदा एम पर्टिन और एनटीपीसी बोंगाईगांव के परियोजना प्रमुख अर्नब मैत्रा ने किया।

## गोदरेज इंडस्ट्रीज रसायन कारोबार के क्षमता विस्तार पर 750 करोड़ रुपये निवेश करेगी

**मुंबई।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने रसायन कारोबार की क्षमता का विस्तार करने और उच्च वार्षिक राजस्व हासिल करने के लिए अगले कुछ वर्षों में 750 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। गोदरेज इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसका रसायन व्यवसाय 2030 से पहले एक अरब डॉलर का वैश्विक व्यवसाय बनने की अपनी विकास योजना के हिस्से के रूप में महत्वपूर्ण क्षमता विस्तार करेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने जून तिमाही में रिकॉर्ड 752 मेगावाट की सौर परियोजनाएं शुरू कीं

**नयी दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून तिमाही में रिकॉर्ड 752 मेगावाट सौर परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके बाद कंपनी की कुल उपयोगिता-पैमाने की परिचालन क्षमता 5.6 गीगावाट हो गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि टाटा पावर की अनुषंगी कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की समान अवधि में कुल 354 मेगावाट सौर क्षमता शुरू की थी। टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच परियोजनाओं के समय पर निष्पादन के लिए उन्नत इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं, आपूर्ति शृंखला, निष्पादन मॉडल और मजबूत विक्रेता साझेदारी जैसे कारकों को इसका श्रेय दिया। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में परियोजना निष्पादन के लिए उसकी कुल उपयोगिता-पैमाने की परिचालन क्षमता अब 5.6 गीगावाट है, जिसमें 4.6 गीगावाट सौर और एक गीगावाट पवन ऊर्ज़ा क्षमता शामिल है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के दौरान 1.7 गीगावाट की अपनी उपयोगिता स्वामित्व वाली क्षमता के अलावा एक गीगावाट की तृतीय-पक्ष परियोजनाओं के निष्पादन की योजना बनाई है।

## वरिष्ठ नौकरशाह एपी दास जोशी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वरिष्ठ नौकरशाह एपी दास जोशी को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का सचिव नियुक्त किया है। कार्मिक मंत्रालय के जारी आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में सचिव के रूप में एपी दास जोशी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। असम-मेघालय काडर के 1994 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी जोशी वर्तमान में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) में अतिरिक्त सचिव हैं। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण सचिव संजीव चोपड़ा इस वर्ष 31 मई को सुब्रत गुप्ता के सेवानिवृत्त होने के बाद से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं।

## जीएसीएम टेक्नोलॉजी का बोर्ड नौ जुलाई को 200 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगा

**मुंबई।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी जीएसीएम टेक्नोलॉजी (जीएटेक) का निदेशक मंडल योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 200 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। कंपनी ने बयान में कहा कि बोर्ड नौ जुलाई, 2025 को बैठक करेगा, जिसमें एक या अधिक किस्तों में योग्य संस्थागत नियोजन के जरिए 200 करोड़ रुपये तक की प्रतिभूतियां जारी और आवंटित की जाएंगी। तेलंगाना स्थित कंपनी ने कहा कि बोर्ड चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून तिमाही के लिए कंपनी के वित्तीय परिणामों पर भी विचार करेगा और उन्हें मंजूरी देगा। कंपनी ने कहा कि उसने हाल ही में कृत्रिम मेधा (एआई)-संचालित शिक्षा प्रौद्योगिकी और शिक्षा आंकड़ा कंपनी डब्ल्यूईएक्सएल एजु में 30 प्रतिशत शेयर हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक निश्चित समझौता किया है। इस सौदे का अनुमानित मूल्यांकन लगभग 500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

## बंगा परिवार ने नायका में 2.1 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,213 करोड़ रुपये में बेची

**नयी दिल्ली।** हरिंदरपाल सिंह बंगा और उनकी पत्नी इंद्रा बंगा ने बृहस्पतिवार को फैशन और शारीरिक देखभाल उत्पादों की प्रमुख खुदरा कंपनी नायका की मूल कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स में अपनी 2.1 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,213 करोड़ रुपये के थोक सौदों के जरिए बेच दी। हिस्सेदारी बिक्री के बाद, नायका के शेयर बीएसई पर चार प्रतिशत गिरकर 203.50 रुपये और एनएसई पर 3.82 प्रतिशत गिरकर 203.50 रुपये प्रति शेयर पर आ गए। हरिंदरपाल सिंह जिंस कारोबारी हैं और हांगकांग स्थित कैरवेल समूह के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हैं। बंगा, नायका में शुरुआती निवेशक थे, जो 2021 में सूचीबद्ध हुआ। सौदे के अनुसार, एफएसएन के छह करोड़ इक्विटी शेयर 202.25 रुपये प्रति शेयर के अंतिम मूल्य पर बेचे गए। 'टर्म शीट' के अनुसार, यह बुधवार को एनएसई पर एफएसएन के 211.59 रुपये के समापन मूल्य से लगभग 4.4 प्रतिशत की छूट दर्शाता है। इस सौदे के लिए गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज और जे पी मॉर्गन इंडिया ब्रोकर थे। इस लेनदेन में लगभग छह करोड़ शेयरों की बिक्री शामिल है, जो एफएसएन में लगभग 2.1 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

# मॉयल ने जून में रिकॉर्ड 1.68 लाख टन मैंगनीज अयस्क का किया उत्पादन

एजेंसी



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी मॉयल लिमिटेड ने जून महीने में 1.68 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2 फीसदी अधिक है। कंपनी ने अपनी स्थापना के बाद से रिकॉर्ड तिमाही उत्पादन दर्ज किया है। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) की अवधि के दौरान मॉयल लिमिटेड का 5.02 लाख टन का अबतक का सर्वश्रेष्ठ तिमाही उत्पादन रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.8 फीसदी अधिक है। इसके अलावा 34,900 मीटर की अबतक की सर्वश्रेष्ठ प्रथम तिमाही अन्वेषीकोर ड्रिलिंग है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 16.2 फीसदी अधिक है। मॉयल लिमिटेड के अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक अजित कुमार सक्सेना ने कंपनी के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का शानदार प्रदर्शन कंपनी की मजबूत बुनियाद और निरंतर विकास की संभावनाओं को दर्शाता है। मैंगनीज अयस्क का खनन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की मॉयल लिमिटेड भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन एक मिनीरत्न कंपनी है।

# घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 840 रुपये से लेकर 920 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज मामूली तेजी दर्ज की गई है। भाव में तेजी आने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,330 रुपये से लेकर 99,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,050 रुपये से लेकर 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में भी तेजी आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,480 रुपये प्रति 10



ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है।

# दिल्ली में चार से छह जुलाई तक होगी आरएसएस के प्रांत प्रचारकों की बैठक

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में चार से छह जुलाई तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत प्रचारकों की बैठक होगी, जिसमें संगठनात्मक चर्चा के साथ संघ के सभी 46 प्रांतों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने गुरुवार को यहां केशव कुंज में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में देशभर से 233 कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि संघ की संगठन रचना में कुल 11 क्षेत्र एवं 46 प्रांत बनाए गये हैं। बैठक में संगठनात्मक चर्चा के अलावा सभी 46 प्रांतों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। इसके अलावा सभी सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सी आर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित सभी अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुख, सह प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्य भाग लेंगे।




श्री आंबेकर बताया कि संघ का प्रशिक्षण वर्ग पूरा करके जुलाई में सब एकत्रित होते हैं। अब तक 100 वर्गों का आयोजन हो चुका है। इसमें 40 वर्ष से कम उम्र के 75 वर्ग थे और 40-60 वर्ष के लोगों के लिए 25 वर्ग आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण की दृष्टि से ये वर्ग काफ़ी महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जैसे संघ से जुड़े 32 संगठनों के संगठन मंत्री भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस साल संघ का शताब्दी वर्ष है, इसलिए शताब्दी वर्ष की योजना के बारे में चर्चा होगी। शताब्दी वर्ष में खंड, बस्ती और मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किये जाएंगे और समाज के प्रमुख विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। आरएसएस के प्रचार प्रमुख ने बताया कि इस साल दो अक्तूबर को दशहरा है और इसी दिन संघ के 100 साल पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर महाराष्ट्र के नागपुर में शताब्दी वर्ष समारोह का प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि संघ का शताब्दी वर्ष समारोह दो अक्टूबर से शुरू होकर अगले साल यानी 2026 में विजयादशमी तक चलेगा। इस दौरान देश भर में हर शाखा पर विजयादशमी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस दौरान गृह संपर्क का आयोजन होगा। स्वयंसेवक घर-घर जाकर संपर्क करेंगे और लोगों के संघ के उद्देश्यों की जानकारी देंगे। इसके अलावा पूरे देश में ज़िला स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित होंगी।सभी जिला केंद्रों पर अक्टूबर के बाद प्रमुख नागरिक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम होंगे। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि हिंदू समाज के सभी समुदाय और प्रमुख लोग एक साथ आकर कुरीतियों को दूर करें, सद्भाव बना रहे, इसका प्रयास करें। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष में सरसंघचालक के साथ चार प्रमुख शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु में विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इनमें समाज के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। इससे पहले 2018 में ऐसे कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली के विज्ञान भवन में किया गया। उन्होंने बताया कि मार्च 2025 से अब तक 28 हज़ार से ज़्यादा लोगों ने आरएसएस से जुड़ने के लिए इच्छा जतायी है। श्री आंबेकर ने इस दौरान कई सवालों के जवाब भी दिये। जातीय जनगणना के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सामाजिक सद्भाव का कार्यक्रम है और संघ पहले ही कह चुका है कि योजनाओं के लिए जो भी जानकारी चाहिए, वह होनी चाहिए। वहीं भाजपा अध्यक्ष चुनाव को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसी कोई चर्चा यहां नहीं होती।

# न्यायालय ने ट्रम्प के शरण प्रतिबंध पर रोक लगायी

एजेंसी

सैक्रामेंटो/अमेरिका। एक अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के देश में शरण बंद करने के नवीनतम आदेश पर रोक लगा दी है।

न्यायाधीश ने कहा कि व्हाइट हाउस ने कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन किया है। कोलंबिया जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश रैंडोल्फ डी मॉस ने बुधवार को 128-पृष्ठ के आदेश में लिखा कि श्री ट्रम्प की जनवरी की घोषणा जिसमें सीमा पार करने वालों की संख्या में वृद्धि को 'आक्रमण' के रूप में ब्रांड किया गया था और 'एक वैकल्पिक आव्रजन प्रणाली' बनाने की कोशिश की गई थी, ने कांग्रेस द्वारा अमेरिकी आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम में बनाए गए सुरक्षा उपायों को दरकिनार कर दिया। उन्होंने कहा कि चूंकि घोषणा में प्रवेश के बंदरगाहों के साथ-साथ आधिकारिक सीमा पर प्रवेश करने वाले लोगों को मानवीय जांच से वंचित किया गया था, इसलिए अदालत ने इसे अमेरिकी धरती पर किसी को भी शरण लेने का मौका देने की गारंटी देने वाले वैधानिक पाठ के साथ 'मौलिक रूप से असंगत' पाया। उन्होंने संघीय आव्रजन कानून की धारा 1182(एफ) के तहत आपातकालीन शक्तियों पर प्रशासन की निर्भरता को खारिज करते हुए कहा कि यह प्रावधान राष्ट्रपति को कुछ गैर-नागरिकों को देश से बाहर रखने का अधिकार देता है लेकिन शरण को पूरी तरह से खत्म करने की अनुमति नहीं देता है। उल्लेखनीय है कि 2018 और 2020 में संघीय अदालतों ने ट्रम्प प्रशासन के दो पिछले आदेशों को खारिज कर दिया था। इन आदेशों में गैरकानूनी रूप से सीमा पार करने वाले लोगों को अयोग्य ठहराने की मांग की गयी थी।

# नौसेना प्रमुख ने उपराष्ट्रपति को भेंट की छत्रपति शिवाजी महाराज की 'राजमुद्रा'

एजेंसी

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर एडमिरल त्रिपाठी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की ऐतिहासिक 'राजमुद्रा' की प्रतिकृति उपराष्ट्रपति को भेंट स्वरूप प्रस्तुत की। उपराष्ट्रपति के एक्स हैंडल पर मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी गई।



यह राजमुद्रा मराठा साम्राज्य की गौरवपूर्ण विरासत और प्रशासनिक दूरदर्शिता की प्रतीक मानी जाती है। इस पर अंकित संस्कृत श्लोक का अर्थ है, शाहजी के पुत्र शिवाजी की यह मुहर, सभी के कल्याण के लिए चमकती है, पहली रात के अर्धचंद्र की तरह, जो पूरे विश्व में निरंतर फैलती और पूजनीय है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस भेंट को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज के शासन, नीति और राष्ट्रभक्ति को याद किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन आज भी जनसेवा, नीतिपूर्ण प्रशासन और आत्मगौरव का पथप्रदर्शक है। राजमुद्रा की यह प्रतीकात्मक भेंट भारतीय नौसेना और मराठा साम्राज्य के बीच उस गौरवपूर्ण सामुद्रिक परंपरा को भी रेखांकित करती है, जिसकी नींव स्वयं शिवाजी महाराज ने रखी थी।

# रूसी तेल खरीदार देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क के मसले पर भारत अमेरिका के संपर्क में : जयशंकर

एजेंसी

वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव को लेकर भारत ने अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है,

डॉ. जयशंकर ने बुधवार रात यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकी संसद में उठने वाले हर विषय में भारत की दिलचस्पी है जिससे भारतीय हित प्रभावित हो सकता है। डॉ. जयशंकर रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव पर टिप्पणी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी चिंताओं से सीनेटर लिंडसे ग्राहम को अवगत करा दिया है।

गौरतलब है कि अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस प्रतिबंध विधेयक ला रहे हैं, जिसमें रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का प्रावधान है। अगर ऐसा होता है तो भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से भारत अपनी जरूरत के तेल का बड़ा हिस्सा रूस से ही खरीद रहा है



सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस पर प्रस्तावित विधेयक के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ चर्चा कर रहे हैं, जिसके तहत रूसी तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पादों को खरीदने वाले किसी भी देश से आयात पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने विधेयक को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। डा जयशंकर ने कहा ल्लिंडसे ग्राहम के प्रस्तावित विधेयक के बारे में कहा जाये तो अमेरिकी कांग्रस में उठने वाले हर विषय में भारत की दिलचस्पी है जिससे भारतीय हित प्रभावित हो सकता है। इसलिए हम सीनेटर ग्राहम के संपर्क में हैं। ऊर्जा, सुरक्षा में हमारी चिंताओं और हमारे हितों से हमने उन्हें अवगत करा दिया गया है। जब वह वक्त आएगा तो देखा जाएगा। डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल के साथ लिंडसे ग्राहम इस विधेयक को ला रहे हैं जो अमेरिका को भारत और चीन सहित कई अन्य देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की अनुमति देगा, ताकि उन्हें रूसी तेल और गैस खरीदने से रोका जा सके।

मार्च में इस विधेयक को पहली बार पेश किया गया था लेकिन उस समय इसका विरोध हुआ था। इस विधेयक को कुछ विरोध के कारण देरी का सामना करना पड़ा। हालांकि,ग्राहम ने दावा किया है कि इसे 84 सीनेटरों का समर्थन प्राप्त है। भारत और चीन रूसी तेल के दो प्रमुख खरीदार हैं और अगर यह विधेयक पारित हो जाता है,तो इससे दोनों देशों के लिए समस्याएँ पैदा होंगी। भारत का कहना है कि रूस के साथ उसका तेल व्यापार वैध है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो यह भारतीय उत्पादों खासकर फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल निर्यात पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की अनुमति दे सकता है।

# शहरी निकायों को अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए : ओम बिरला

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि शहरी निकाय लोकतंत्र की बुनियाद हैं और जनता से सीधे जुड़े होते हैं। उन्हें संवाद और आदर्श प्रथाओं के जरिए अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। सदन नियमित चले, मुद्दों पर चर्चा हो, जवाबदेही सुनिश्चित हो, यही लोकतंत्र की सच्ची परंपरा है, जिसे हमें विकसित करना होगा।

ओम बिरला गुरुग्राम के मानेसर में शहरी निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती और जवाबदेह शासन के लिए शहरी स्थानीय निकायों को संवाद और आदर्श आचरण के जरिए सशक्त बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निकाय प्रतिनिधि जनता से सीधा संवाद करते हैं और समस्या व संकट की सबसे पहली जानकारी इन्हें मिलती है। ऐसे में संवाद से इनका समाधान निकल सकता है। इसी सोच से संसद की संरक्षक की भूमिका को समझते हुए श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने की यह पहल की गई है।

बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को उच्च स्तर पर ले जाना सभी की जिम्मेदारी है। शहरी क्षेत्रों में एक उत्तरदायी और पारदर्शी निकाय प्रणाली विकसित होनी चाहिए। सदन में प्रश्नोत्तर हों, मुद्दों पर चर्चा हो, बैठकें नियमित चलें—यह परंपरा विकसित की जानी चाहिए। साथ ही इन निकायों में जनहितधारकों जैसे बुद्धिजीवी वर्ग, पर्यावरणविद को नीतिगत प्रक्रिया और बजट निर्माण में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निकायों में समितियां बनें और संसद की तरह कार्य करें। उन्होंने उल्लेख किया कि 18वीं लोकसभा में सकारात्मक परिवर्तन आया है और सभी दलों ने सदन को चलाने की दिशा में सहयोग दिखाया है। अब रुकावट डालने वाले स्वयं समाज के प्रति उत्तरदायी होंगे।

हमें यह सोचकर भी कार्य करना चाहिए कि भविष्य में राजनीतिक नेतृत्व शहरी निकायों से ही निकलेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी निकायों की जड़ें जितनी मजबूत होंगी, राष्ट्र उतना ही मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम निकाय एक विकास मॉडल है जिसे वर्ष 2050 तक 75 लाख की आबादी के लिए तैयार किया जा रहा है। निकायों को पारदर्शी और आधुनिक बनाना ज़रूरी है। स्मार्ट सिटी, स्वच्छता और पर्यावरण को प्राथमिकता दी जा रही है और प्रधानमंत्री का विजन है कि शहर स्लम मुक्त हों। सम्मेलन की जानकारी देते हुए लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने बताया कि इस आयोजन की प्रेरणा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिली। उनका मानना है कि संसद को अन्य निकायों का संरक्षक बनना चाहिए। यह पहली बार है जब शहरी निकायों के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य यह समझाना है कि शहरी निकाय राष्ट्र निर्माण में कैसे भूमिका निभा सकते हैं। यह अवसर है कि निकाय अपनी जिम्मेदारी को समझें और जनता की जरूरत के अनुसार काम करें।

# बिहार में मतदान अधिकार पर चोट करने के लिए साजिशन उठाए जा रहे हैं कदम : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि लोकतंत्र ने जनता को मतदान का अधिकार दिया है लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग को मोहरा बनाकर जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों पर साजिशन चोट करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकतंत्र में जिस चुनाव आयोग की जिम्मेदारी निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना है वो मोहरा बनकर काम कर रहा है। उनका कहना था कि विपक्ष के लोग आयोग से चुनाव में पारदर्शिता संबंधी मामले में मिलने गये। इसी मुद्दे पर लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी तथा राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आयोग से वोटर लिस्ट और वोटिंग के दिन की फुटेज मांग रहे हैं। महीनों तक जवाब नहीं आता तो कैसे भरोसा करें कि वह एक माह में बिहार में मतदाताओं की सूची तैयार कर लेगा।

उन्होंने चुनाव आयोग पर नये नियम थोपने का आरोप लगाया कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर जब कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल मिलने गया तो मुख्य चुनाव आयुक्त धमकाने वाले लहजे में कहते हैं कि ये 'नया चुनाव आयोग है, नया नॉर्मल है'- जिसमें चुनाव आयुक्त तय करेंगे कि वे कांग्रेस के किस नेता से मिलेंगे। उन्होंने आयोग पर नयी परंपरा शुरु करने का आरोप लगाया और कहा कि वह पत्रकारों को मैसेज कर खबरें प्लांट करते हैं और सोचते हैं, बात गुप्त रह जाएगी लेकिन सच यह है कि कोई बात गुप्त नहीं रहती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं में काम करने वाले लोगों को समझना चाहिए कि वे जिस कुर्सी हैं,उनसे पहले कहीं बेहतर लोग उन कुर्सियों पर बैठे हैं और आने वाले समय में और भी अच्छे लोग बैठेंगे। सवाल है आप क्या विरासत छोड़कर जाएंगे, देश के लोग आपको किस लिए याद रखे। क्या देश चुनाव आयोग के अधिकारियों को इसलिए याद रखेगा कि पूरा विपक्ष वोटर लिस्ट मांग रहा था और उसे लिस्ट नहीं दी जा रही है। वोटिंग के वीडियो फुटेज 45 दिन बाद नहीं दिए जाएंगे और महाराष्ट्र में अचानक पांच बजे के बाद वोटिंग प्रतिशत बढ़ गया, लेकिन आपने आज तक इस पर जवाब नहीं दिया।

## पेज एक का शेष

### उत्तर प्रदेश को ...

प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर जैसे प्रमुख शहरों के बीच आवागमन और अधिक सुगम, त्वरित और बाधारहित हो सकेगा। उन्होने बताया कि खासकर राजधानी लखनऊ के भीतर होने वाले भारी यातायात दबाव को कम करने और यात्रा समय को घटाने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री नंदी ने बताया कि प्रदेश में अब तक विकसित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे आपस में मिलकर एक एक्सप्रेसवे ग्रिड तैयार कर रहे हैं। यह ग्रिड प्रदेश के किसी भी कोने तक यात्रा को तेज, सुरक्षित और निर्बाध बनाएगा।

### उत्तर प्रदेश रोजगार...

का कार्य करना प्रतिबंधित था। 12 प्रकार के कम खतरनाक कारखानों में पहले ही उन्हें कार्य की अनुमति दी गई थी, जबकि हाल ही में 4 और श्रेणियों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। अब ताजा निर्णय में उन्हें सभी 29 कारखानों में काम की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट का यह फैसला तकनीकी विस्तार और उद्योगों की मांग के मद्देनज़र लिया गया है। महिला श्रमिकों की स्वास्थ्य और उन्होंने बताया कि कैबिनेट का यह फैसला तकनीकी विस्तार और उद्योगों की मांग के मद्देनज़र लिया गया है। महिला श्रमिकों की स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही नियमों में संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी बहनें उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सहभागी बनें, यही हमारा लक्ष्य है।

### न्यायमूर्ति वर्मा को ...

आवास पर नकदी मिलने की घटना के बाद गठित जांच समिति की रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि तीन न्यायाधीशों की समिति की रिपोर्ट का उद्देश्य भविष्य की कार्रवाई की सिफारिश करना था क्योंकि केवल संसद ही एक न्यायाधीश को हटा सकती है। मार्च में राष्ट्रीय राजधानी में न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी और जले हुए बोरों में नोट पाए गए थे। न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। न्यायाधीश ने हालांकि नकदी के बारे में अनभिज्ञता का दावा किया था, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने कई गवाहों से बात करने और उनके बयान दर्ज करने के बाद उन्हें दोषी ठहराया। समझा जाता है कि तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा था लेकिन न्यायमूर्ति वर्मा ने इंकार कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने न्यायमूर्ति वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया था, जहां उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है। न्यायमूर्ति खन्ना ने तब न्यायमूर्ति वर्मा को पद से हटाने की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था।

### एक लाख करोड़...

मिसाइल रोधी तोप प्रणाली और समुद्री क्षेत्र के लिए रोबोट के खरीद प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गयी है। इस खरीद से नौसेना और व्यापारिक जहाजों के लिए संभावित जोखिमों को कम करने की क्षमता बढेगी।

### यूपी में बनेगा...

कार्मिक तब तक सेवा से मुक्त न किया जाए, जब तक संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक कर्मचारी की गरिमा, सुरक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम प्रदेश की प्रशासनिक प्रणाली में एक नई पारदर्शिता और जवाबदेही का अध्याय जोड़ेगा। इससे न केवल राज्य के लाखों आउटसोर्सिंग कर्मियों को लाभ मिलेगा, बल्कि प्रशासनिक दक्षता भी बढ़ेगी।

### पाकिस्तानी हॉकी...

होता है कि भारत सरकार ने खेल और राजनीति को अलग रखने का निर्णय लिया है, कम से कम बहुराष्ट्रीय आयोजनों के संदर्भ में।

### भारत में लोकतंत्र...

घाना के राष्ट्रपति महामा ने प्रधानमंत्री मोदी की हवाई अड्डे पर अगवानी की, जहां उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। यह पिछले तीन दशक में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली घाना यात्रा है। मोदी और महामा के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने संस्कृति और पारंपरिक चिकित्सा समेत कई क्षेत्रों में चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''आज, मैंने और राष्ट्रपति ने अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को एक व्यापक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। भारत, घाना की राष्ट्र निर्माण की यात्रा में सिर्फ एक साझेदार ही नहीं, बल्कि एक सह-यात्री भी है। उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में वृद्धि पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''भारतीय कंपनियों ने करीब 900 परियोजनाओं में लगभग दो अरब डॉलर का निवेश किया है। आज, हमने अगले पांच वर्ष में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा। प्रधानमंत्री ने कहा, ''वित्तीय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत यूपीआई डिजिटल भुगतान का अपना अनुभव घाना के साथ साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय कंपनियां महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और खनन में सहयोग करेंगी। मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है तथा इस खतरे से निपटने में आपसी सहयोग को और मजबूत करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा, ''हम इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। हम आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में सहयोग के लिए घाना को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा, ''इस संदर्भ में हमने आतंकवाद से निपटने में आपसी सहयोग को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में हम ''एकजुटता के जरिए सुरक्षा'' के मंत्र के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण, समुद्री सुरक्षा, रक्षा आपूर्ति और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भारत-घाना सहयोग बढ़ाया जाएगा। मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया और यूरोप में संघर्षों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और बातचीत एवं कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान खोजने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''यह युद्ध का युग नहीं है, समस्याओं का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने 'ग्लोबल साउथ' के समक्ष आने वाले मुद्दों पर भी बात की। मोदी ने कहा, ''हम दोनों 'ग्लोबल साउथ' के सदस्य हैं और इसकी प्राथमिकताओं के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' में घाना की सकारात्मक भागीदारी के लिए उसे धन्यवाद देते हैं। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, ''यह भारत के लिए गर्व की बात है कि जी20 की हमारी अध्यक्षता के तहत अफ्रीकी संघ को जी20 की स्थायी सदस्यता मिली।'' राष्ट्रपति महामा के साथ वार्ता को ''बेहद सार्थक'' बताते हुए मोदी ने 'एक्स' एक पोस्ट में कहा, ''हमने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी तक बढ़ाया है, जो हमारे देशों के लोगों के लिए फायदेमंद होगा। हमने व्यापार और आर्थिक संबंधों को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की। फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी), कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवा और ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि भारत और घाना महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा, समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की अपार संभावनाएं देखते हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''दोनों नेताओं ने भारत और घाना के बीच मधुर और समय की कसौटी पर खरे उतरे संबंधों की पुष्टि की तथा प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। पश्चिम अफ्रीका में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक घाना और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों की विशेषता मजबूत व्यापारिक और निवेश साझेदारी है। भारत घाना के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक है और घाना के निर्यात के लिए सबसे बड़ा गंतव्य है। साथ ही भारत घाना से बड़े पैमाने पर सोने का आयात करता है।

# पंजाब मंत्रिमंडल का विस्तार, संजीव अरोड़ा बने कैबिनेट मंत्री




कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने गुरुवार को मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए लुधियाना पश्चिमी विधानसभा हलके से विधायक बने संजीव अरोड़ा को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। आम आदमी पार्टी की सरकार के सत्ता में आने के बाद यह सातवां विस्तार है। गुरुवार को चंडीगढ़ स्थित पंजाब राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा कैबिनेट के अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने संजीव अरोड़ा को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। 117 विधायकों वाली पंजाब विधानसभा में कुल 18 विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। अभी तक राज्य मंत्रीमंडल में मुख्यमंत्री समेत कुल 16 विधायक मंत्री थे। अब संजीव अरोड़ा का मंत्रिमंडल में 17वां स्थान है। इसके बाद मंत्रिमंडल में एक पद अभी भी रिक्त है। पंजाब में चर्चा है कि सरकार मंत्रियों से विभागों में बदलाव कर सकती है। संजीव अरोड़ा के शपथ ग्रहण के बाद जल्द ही उन्हें विभाग आवंटित किया जाएगा। लुधियाना में बीती 19 जून को हुए उपचुनाव के दौरान राज्य सभा सदस्य संजीव अरोड़ा ने विधायक पद का चुनाव लड़ा था। 23 जून को घोषित परिणाम के अनुसार संजीव अरोड़ा चुनाव जीत गए थे। लुधियाना पश्चिमी उपचुनाव के दौरान ही आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने संजीव अरोड़ा को मंत्री बनाने का ऐलान किया था।

### पंजाब मंत्रिमंडल में संजीव अरोड़ा की एंट्री के कुछ समय बाद ही कैबिनेट मंत्री धालीवाल का इस्तीफा

चंडीगढ़। पंजाब मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में संजीव अरोड़ा की एंट्री के कुछ समय बाद ही पुराने मंत्री कुलदीप धालीवाल ने इस्तीफा दे दिया। आज ही शपथ लेने वाले संजीव अरोड़ा को उद्योग एवं वाणिज्य, इनवेस्टमेंट प्रमोशन तथा एनआरआई मामले विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। पंजाब विधानसभा में कुल 117 विधायक हैं, जिसके चलते यहां मुख्यमंत्री समेत 18 मंत्री बन सकते हैं। आज हुए फ़ेरबदल के बाद भी राज्य मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 16 है। लुधियाना पश्चिमी विधानसभा हलके से उपचुनाव जीते संजीव अरोड़ा को गुरुवार को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद राजभवन में अभी दोपहर भोज चल रहा था कि पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप धालीवाल के इस्तीफ़े की खबर आ गई। धालीवाल के विभागों में पंजाब सरकार लगातार कटौती करती रही है। पहले उनके पास से कृषि विभाग वापस लिया गया, फिर विकास एवं पंचायत विभाग वापस लेकर एनआरआई मामले दिया गया। आज धालीवाल ने इस विभाग के मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया। संजीव अरोड़ा जी को उद्योग एवं वाणिज्य, इनवेस्टमेंट प्रमोशन तथा एनआरआई मामले विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। अरोड़ा को एक विभाग कुलदीप धालीवाल का दिया गया है, जबकि कैबिनेट मंत्री तरूणप्रीत सोंध से उद्योग एवं वाणिज्य तथा इनवेस्टमेंट प्रमोशन विभाग वापस ले लिया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि संजीव अरोड़ा पंजाब के लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। पंजाब के विकास और राज्य के 3 करोड़ लोगों की भलाई के लिए पूरी ईमानदारी से और बिना किसी भेदभाव के काम करेंगे।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने जेपी गंगा पथ के सौंदर्गीकरण कार्य सहित गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री अटल पथ होते हुये जेपी गंगा पथ पहुंचे और गाय घाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के किनारे किये जा रहे पौधारोपण और सौंदर्गीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया और बेहतर ढंग से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने दीघा घाट पर रूककर दीघा से सोनपुर तक जेपी सेतु के समानांतर बनाये जा रहे नये 6 लेन पुल के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने इस पुल के निर्माण कार्य के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुल के बन जाने से पटना से सारण प्रमंडल की तरफ जानेवाले लोगों को आसानी होगी। उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन को सुगम बनाने में यह पुल काफी उपयोगी होगा। साथ ही महात्मा गांधी सेतु और जेपी सेतु पर वाहनों का दबाव कम होगा। मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के दीघा घाट, कृष्णा घाट एवं गांधी घाट पर रूककर गंगा नदी के आसपास के इलाकों को देखा। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंगा नदी के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुये पूरी तरह अलर्ट रहें।

# शहरी निकायों को अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए : ओम बिरला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि शहरी निकाय लोकतंत्र की बुनियाद हैं और जनता से सीधे जुड़े होते हैं। उन्हें संवाद और आदर्श प्रथाओं के जरिए अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। सदन नियमित चले, मुद्दों पर चर्चा हो, जवाबदेही सुनिश्चित हो, यही लोकतंत्र की सच्ची परंपरा है, जिसे हमें विकसित करना होगा।

ओम बिरला गुरुग्राम के मानेसर में शहरी निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती और जवाबदेह शासन के लिए शहरी स्थानीय निकायों को संवाद और आदर्श आचरण के जरिए सशक्त बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निकाय प्रतिनिधि जनता से सीधा संवाद करते हैं और समस्या व संकट की सबसे पहली जानकारी इन्हें मिलती है। ऐसे में संवाद से इनका समाधान निकल सकता है। इसी सोच से संसद की संरक्षक की भूमिका को समझते हुए श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने की यह पहल की गई है। बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को उच्च स्तर पर ले जाना सभी की जिम्मेदारी है। शहरी क्षेत्रों में एक उत्तरदायी और पारदर्शी निकाय प्रणाली विकसित होनी चाहिए। सदन में प्रश्नोत्तर हों, मुद्दों पर चर्चा हो, बैठकें नियमित चलें–यह परंपरा विकसित की जानी चाहिए। साथ ही इन निकायों में जनहितधारकों जैसे बुद्धिजीवी वर्ग, पर्यावरणविद को नीतिगत प्रक्रिया और बजट निर्माण में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निकायों में समितियां बनें और संसद की तरह कार्य करें। उन्होंने उल्लेख किया कि 18वीं लोकसभा में सकारात्मक परिवर्तन आया है और सभी दलों ने सदन को चलाने की दिशा में सहयोग दिखाया है। अब रुकावट डालने वाले स्वयं समाज के प्रति उत्तरदायी होंगे। हमें यह सोचकर भी कार्य करना चाहिए कि भविष्य में राजनीतिक नेतृत्व शहरी निकायों से ही निकलेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी निकायों की जड़ें जितनी मजबूत होंगी, राष्ट्र उतना ही मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम निकाय एक विकास मॉडल है जिसे वर्ष 2050 तक 75 लाख की आबादी के लिए तैयार किया जा रहा है। निकायों को पारदर्शी और आधुनिक बनाना ज़रूरी है। स्मार्ट सिटी, स्वच्छता और पर्यावरण को प्राथमिकता दी जा रही है और प्रधानमंत्री का विजन है कि शहर स्लम मुक्त हों। सम्मेलन की जानकारी देते हुए लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने बताया कि इस आयोजन की प्रेरणा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिली। उनका मानना है कि संसद को अन्य निकायों का संरक्षक बनना चाहिए। यह पहली बार है जब शहरी निकायों के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य यह समझाना है कि शहरी निकाय राष्ट्र निर्माण में कैसे भूमिका निभा सकते हैं। यह अवसर है कि निकाय अपनी जिम्मेदारी को समझें और जनता की जरूरत के अनुसार काम करें। इस सम्मेलन के दूरगामी परिणाम होंगे और हरियाणा में इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह दो दिवसीय सम्मेलन 3 से 4 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है।

# उत्तराखंड में भाजपा के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने धामी, रचा इतिहास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। पुष्कर सिंह धामी भाजपा के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो लंबे समय से राज्य के मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले कांग्रेस के एनडी तिवारी ही ऐसे मुख्यमंत्री थे, जो पूरे पांच साल तक उत्तराखंड के सीएम रहे। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आखिर पार्टी नेतृत्व ने क्यों लगातार चार सालों तक भरोसेमंद नेतृत्व के तौर पर धामी को स्वीकार किया। 04 जुलाई 2021 का वह दिन जब भाजपा नेतृत्व ने उत्तराखंड की कमान युवा नेता पुष्कर सिंह धामी को सौंपी। उस समय राज्य में राजनीतिक अस्थिरता थी–लेकिन जैसे ही पुष्कर सिंह धामी ने कमान संभाली, तो उन्होंने न सिर्फ माहौल बदला, बल्कि जनभावनाओं को भी अपने पक्ष में मोड़ दिया। 2022 के विधानसभा चुनावों में जब भाजपा ने ऐतिहासिक वापसी की, तो यह साफ हो गया कि धामी ने जनता का विश्वास जीत लिया है। इन करीब चार वर्षों में धामी की सबसे बड़ी ताकत रही है, उनकी जनसंपर्क शैली। वह कभी आपदा में अभिभावक की भूमिका में दिखे, तो कभी युवाओं के साथ दोस्त की तरह संवाद करते नज़र आए। महिलाओं के कार्यक्रमों में वे कभी बेटे तो कभी भाई के रूप में मंच साझा करते रहे। यह वही भावनात्मक जुड़ाव है, जिसने उन्हें जनता का मुख्यमंत्री बना दिया। नीतिगत फैसलों की बात करें तो सीएम धामी ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बना। महिलाओं को तीन मुफ्त गैस सिलेंडर, सरकारी नौकरियों में 30% और सहकारी समितियों में 33% आरक्षण, महालक्ष्मी योजना, लखपति दीदी, नारी सशक्तिकरण योजना जैसी पहलों ने नारी सम्मान और आत्मनिर्भरता को नई पहचान दी। धामी ने पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों के लिए भी बड़े कदम उठाए। शहीदों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दी गई, वहीं आश्रितों को सरकारी नौकरी के लिए आवेदन की सीमा बढ़ा दी गई। उपनल के कर्मचारियों को बीमा और सुविधाओं में समानता दी गई, जिससे उन्हें भी सुरक्षा और सम्मान मिला। राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों के विकास की बात करें तो पलायन को रोकने के लिए 'एप्पल मिशन' और 'कीवी मिशन' की शुरुआत की गई। हाउस ऑफ हिमालयाज के ज़रिए पहाड़ी उत्पादों को देश-दुनिया में पहचान दिलाई जा रही है। साथ ही नकल विरोधी कानून, सख्त भू कानून, और 'लव-लैंड-थूक जिहाद' पर कठोर रुख ने धामी को एक मजबूत फैसले लेने वाले मुख्यमंत्री की छवि दी है। सीएम धामी ने प्रदेश में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन और जी-20 देशों की बैठकों के आयोजन से प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक नई पहचान दिलाने का काम किया। इसके साथ ही एसडीजी इंडेक्स में उत्तराखंड ने पहला स्थान प्राप्त किया। 23 हजार सरकारी पदों पर सीधी भर्तियां, शीतकालीन यात्रा, मानसखंड मंदिरमाला मिशन, महासू मंदिर हनोल विकास, GEP इंडेक्स में शानदार प्रदर्शन, और SDG इंडेक्स में उत्तराखंड का पहला स्थान – ये सभी उपलब्धियाँ धामी के कुशल नेतृत्व को प्रमाणित करती हैं।

# पटना टीपीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह बने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति

पटना। पटना टीपीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल-सह-कुलाधिपति की ओर से जारी अधिसूचना में इस नियुक्ति की पुष्टि की गई है। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट आर चोंग्थू की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, उनका कार्यकाल नियुक्ति की तिथि से तीन वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है। बीते 31 मई को ही प्रो. उपेंद्र सिंह सेवानिवृत्त हुए थे और अब सेवानिवृत्ति के ठीक एक महीने के भीतर ही उन्हें राज्य के एक महत्वपूर्ण विश्वविद्यालय की बागडोर सौंप दी गई है। प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह का शिक्षकीय जीवन अनुशासन, नेतृत्व और शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचायक रहा है। टीपीएस कॉलेज में उनके कार्यकाल के दौरान, संस्थान ने कई शैक्षणिक और प्रशासनिक ऊंचाइयों को छुआ।

# उत्तराखंड: पांच अवैध मजारों पर चला बुलडोजर अब तक 537 अवैध मजारें हुई ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उधमसिंह नगर/काशीपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सरकारी भूमि पर धार्मिक अतिक्रमण के खिलाफ प्रदेशभर में चल रहे अभियान के तहत काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में प्रशासन ने पांच अवैध मजारों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई एसडीएम अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गुरुवार सुबह की गई। बताया गया कि जिन मजारों को हटाया गया, वे सरकारी आमबाग भूमि पर बनी थीं। प्रशासन की ओर से पहले नोटिस जारी कर वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का मौका दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा में कोई वैध दस्तावेज नहीं पेश किए गए। मुख्यमंत्री धामी की अगुवाई में पूरे प्रदेश में अब तक 537 अवैध मजारों को हटाया जा चुका है। राज्य सरकार का संदेश स्पष्ट है कि उत्तराखंड में आस्था का सम्मान होगा, लेकिन उसका दुरुपयोग किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो भी सरकारी जमीन पर नीली और पीली चादर चढ़ाकर धर्म की आड़ में कब्जे की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उत्तराखंड की प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक धरोहर पर कोई भी कुटिल मंशा अब पैर न जमा सके। कुंडेश्वरी की कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि यहां शासन सिर्फ कागज़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि सशक्त इच्छाशक्ति के साथ ज़मीन पर भी कार्रवाई हो रही है।

# झूठ आधारित राजनीति के ब्रांड एंबेसडर हैं तेजस्वी यादव: उमेश सिंह कुशवाहा

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर करारा हमला बोलते हुए उन्हें 'झूठ आधारित राजनीति' का ब्रांड एंबेसडर करार दिया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की राजनीति पूरी तरह झूठ की बैसाखियों पर टिकी है और वे इन्हीं के सहारे 2025 की चुनावी बैतरनी पार करना चाहते हैं लेकिन बिहार की जागरूक जनता उनके नापाक मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी। प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा ने गुरुवार को यहां कटाक्ष करते हुए कहा कि या तो तेजस्वी यादव को जमीनी हकीकत की समझ नहीं है, या फिर वे जानबूझकर सच को स्वीकार करने से बच रहे हैं। पिछले दो दशकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, कानून-व्यवस्था, रोजगार, औद्योगिक विकास और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक प्रगति बिहार ने की है, उसकी स्पष्ट तस्वीर प्रदेश के कोने-कोने में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार ने जो बदलाव देखा है, उससे प्रदेश का हर नागरिक भलीभांति परिचित है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव नहीं चाहते कि उनके माता-पिता के 15 वर्षों के शासनकाल को लेकर कोई सवाल पूछे, इसलिए वे लगातार अनर्गल बयानबाजी कर जनता का ध्यान भटकाने में लगे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि विपक्ष चाहे जितनी भी तिकड़म कर ले, न लालू-राबड़ी के जंगलराज की सच्चाई को भुलाया जा सकता है, और न ही बदलते हुए बिहार की तस्वीर को छिपाया जा सकता है।

# उत्तराखंड: 234 गैरहाजिर बॉण्डधारी चिकित्सक होंगे बर्खास्त

## अनुबंध के तहत गायब चिकित्सकों से मेडिकल कॉलेज करेंगे वसूली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राजकीय मेडिकल कॉलेजों से पासआउट 234 गैरहाजिर बॉण्डधारी चिकित्सकों के विरूद्ध वसूली के साथ ही बर्खास्तगी की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले इन चिकित्सकों की सूची नेशनल मेडिकल काउंसिल को भी उपलब्ध कराई जायेगी।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य से कम शुल्क में एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर बाण्ड की शर्तों का उल्लंघन कर लम्बे समय से बिना सूचना के गैरहाजिर 234 चिकित्सकों के विरूद्ध बर्खास्तगी के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। मंत्री ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि मेडिकल कॉलेजों के साथ हुए एक अनुबंध के अनुसार इन चिकित्सकों को एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण होते ही स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत राज्य के पर्वतीय जनपदों में तैनाती दी गई थी। जहां पर इनको न्यूनतम 5 वर्षों तक अपनी सेवाएं देना अनिवार्य था। ऐसा न करने की स्थिति में इन चिकित्सकों को बाण्ड में निर्धारित धनराशि जमाकर एनओसी लेने के उपंरात राज्य से बाहर अथवा निजी प्रैक्टिस की अनुमति दी जा सकती है। लेकिन प्रदेश के विभिन्न पर्वतीय जनपदों में तैनात करीब 234 चिकित्सक बिना अनुमति के अपनी तैनाती स्थल से गैरहाजिर चल रहे हैं। जो कि बाण्ड की शर्तों के उल्लंघन के साथ ही अनुशासनहीनता की श्रेणी में भी आता है। विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार जो चिकित्सक लम्बे समय से गैरहाजिर हैं उनमें से राजकीय दून मेडिकल कॉलेज से 56, हल्द्वानी से 95 व श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से 83 पासआउट हैं। जिन्होंने एमबीबीएस में प्रवेश के समय उक्त कॉलेजों के साथ 5 साल पर्वतीय क्षेत्रों में सेवाएं देने का अनुबंध किया हुआ है तथा संबंधित कॉलेजों में उक्त छात्रों की हैसियत संबंधी मूल दस्तावेज व चिकित्सा शैक्षिक प्रमाण पत्र भी जमा हैं। राज्य सरकार ने इस प्रकरण को काफी गम्भीर मानते हुए निदेशक चिकित्सा शिक्षा को गैरहाजिर सभी चिकित्सकों से बाण्ड की शर्तों के अनुरूप बाण्ड की धनराशि वसूलने के निर्देश दिये हैं साथ ही महानिदेशक स्वास्थ्य को इन लापरवाह चिकित्सकों की बर्खास्तगी की कार्रवाई करने को कहा गया है। इस संबंध में सचिव स्वास्थ्य को निर्देशित किया गया है कि उक्त चिकित्सकों की तैनाती वाले जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारी एवं संबंधित चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी से भी स्पष्टीकरण मांगा जाय। आखिरकार किन परिस्थितियों में संबंधित जनपद के अधिकारियों द्वारा आतिथि तक अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह एवं गैरहाजिर इन चिकित्सकों के विरूद्ध कार्रवाई प्रारम्भ क्यों नहीं की गई। विभागीय मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सीधे तौर पर जनता से जुड़ा हुआ महकमा है। लिहाजा विभाग में कार्यरत चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कार्मिकों को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए कर्तव्यों का पालन करना जरूरी है। किसी भी कार्मिक की ओर से यदि अपने कार्यों एवं दायित्वों में लापरवाही बरती जाती है तो उसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गैरहाजिर बॉन्डेड चिकित्सकों का जनपदवार विवरणः टिहरी गढ़वाल 29, उत्तरकाशी 25, रुद्रप्रयाग 14, बागेश्वर 10, पिथौरागढ़ 25, पौड़ी गढ़वाल 26,अल्मोड़ा 16, चमोली 46, चम्पावत 11, नैनीताल- 41।

# बिहार की सपना कुमारी ने विश्व पुलिस गेम्स में जीते तीन पदक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में भोजपुर जिले के आरा की रहने वाली और सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत सपना कुमारी ने 21वें विश्व पुलिस गेम्स में पदक जीतकर राज्य और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। यह प्रतियोगिता 27 जून से 6 जुलाई 2025 तक बर्मिंघम, अलबामा (संयुक्त राज्य अमेरिका) में आयोजित की जा रही है। सपना कुमारी को तीरंदाजी की तीन श्रेणियों में पदक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने फील्ड आर्चरी में स्वर्ण पदक, 3डी आर्चरी में स्वर्ण पदक और टारगेट आर्चरी में रजत पदक जीता है।तीरंदाजी में यह प्रदर्शन भारत और बिहार के खेल क्षेत्र के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा रहा है। विश्व पुलिस खेलों में हिस्सा लेने के लिए सपना कुमारी का चयन सीमा सुरक्षा बल का प्रतिनिधित्व करते हुए हुआ था। राज्य के खेल जगत और प्रशासनिक हलकों में इस उपलब्धि को सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। खेल विभाग ने उनके प्रदर्शन को प्रेरणादायक बताया है और इसे सुरक्षा बलों में कार्यरत खिलाड़ियों के लिए एक उदाहरण के रूप में रेखांकित किया है। सपना कुमारी की इस उपलब्धि के बाद राज्य सरकार और खेल संस्थानों द्वारा उनके योगदान और प्रदर्शन की सराहना की जा रही है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063